Page 11
जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
Page 06
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

खेल

स्पोर्ट्स ब्रांड के साथ 110 करोड़ की डील तोड़ने वाले है विराट कोहली?

देश

प्रदेश में समान नागरिक संहिता विधेयक विधान सभा से पारित होने पर मुख्यमंत्री...

मूल्य ₹ 2.00
कृष्ण पक्ष अमावस्या विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 09 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 60 • पृष्ठ 12

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरट	1 किलो चांदी
₹ 63, 230	₹74,500



आज का इतिहास

- 1931 : भारत में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में चित्र समेत डाक टिकट जारी किया गया।
- 1951 : स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना करने के लिए सूची बनाने का कार्य शुरू किया गया।

न्यूज बाइट्स

बिहार की छह राज्यसभा सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

नईदिल्ली (ए.)। अधिसूचना जारी होने के साथ बिहार की छह राज्यसभा सीट पर चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इसके साथ ही गुरुवार से नामांकन लेने का काम भी शुरू हो गया है। इन छह सीटों पर सांसदों का कार्यकाल अगले महीने समाप्त हो रहा है। इसी के साथ राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 15 फरवरी को समाप्त हो जाएगी। राज्यसभा सीट के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा, जबकि मतगणना उसी दिन शाम पांच बजे से होगी।

राष्ट्रपति ने पूर्व राष्ट्रपति ज़ाकिर हुसैन को पुष्पांजलि अर्पित की

नईदिल्ली (ए.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक सादे समारोह में डॉ. हुसैन के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

वित्त मंत्री ने लोकसभा में पेश किया श्वेत पत्र

एजेंसी | नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में श्वेत पत्र पेश किया। इस पर आज चर्चा होगी। 59 पेज के श्वेत पत्र में 2014 से पहले और 2014 के बाद की भारतीय अर्थव्यवस्था की जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि किस तरह यूपीए सरकार के दस सालों में इकोनॉमी मिस मैनेजमेंट का नुकसान भारत को झेलना पड़ा।

श्वेत पत्र में लिखा है- 2014 में कोयला घोटाले ने देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। 2014 से पहले कोयला ब्लॉकों का आवंटन ब्लॉक आवंटन की पारदर्शी प्रक्रिया का पालन किए बिना मनमाने आधार पर किया गया था। कोयला क्षेत्र को कॉम्पिटिशन और ट्रांसपेरेंसी से बाहर रखा गया था। एजेंसियों द्वारा जांच की गई और 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने 1993 से आवंटित 204 कोयला खदानों/ब्लॉकों का आवंटन रद्द कर दिया।

यूपीए सरकार में 122 दूरसंचार लाइसेंसों से जुड़ा 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला हुआ। इसमें सीएजी के अनुमान के अनुसार सरकारी खजाने को 1.76 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कोयला घोटाले में सरकारी खजाने को 1.86 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कॉमनवेल्थ गेम्स (सीडब्ल्यूजी) घोटाले ने राजनीतिक अनिश्चितता के माहौल का संकेत दिया।

संसद में बजट पेश करते हुए सीतारमण ने बताया था कि एफडीआई यानी फर्स्ट डेवलप इंडिया। 2014-23 के दौरान 596 अरब डॉलर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया। यह 2005-2014 के दौरान आए एफडीआरआई से दोगुना था। हम विदेशी पार्टनर्स से बाइलैट्रल इनवेस्टमेंट ट्रीटी (द्विपक्षीय निवेश के लिए समझौता) कर रहे हैं।

कांग्रेस ने जारी किया ब्लैक पेपर

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल पर ब्लैक पेपर जारी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 साल में 411 विपक्षी विधायकों को अपनी तरफ मिलाया। वह डेमोक्रेसी खत्म कर रही है। कांग्रेस ने इसे 10 साल, अन्याय काल नाम दिया। खड़गे ने कहा कि देश में जो सबसे बड़ा मुद्दा है, उसे भाजपा सरकार कभी नहीं उठाती। नेहरू के जमाने के एचएएल, एचएमटी, बीएचईएल को उन्होंने कभी नहीं बताया। इसमें कितने लोगों को बेहतरीन नौकरियां मिलीं, ये कभी नहीं बताया। गांवों में रोजगार कम हो रहे हैं, क्योंकि सरकार नरेगा का पैसा रिलीज नहीं कर रही। गैर-भाजपा शासित राज्यों जैसे केरल, कर्नाटक, तेलंगाना के साथ भेदभाव किया जा रहा है। खड़गे ने कहा कि मोदी कहते हैं कि अब इतने पैसे जमा हो रहे हैं, पहले क्यों नहीं होते थे, ऐसा कहकर वे अप्रत्यक्ष रूप में हैरेसमेंट और प्रेशराइज कर रहे हैं और इलेक्शन में पैसा लगा रहे हैं। ये पैसा डेमोक्रेसी को खत्म करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा ने 10 साल में 411 विधायकों को अपनी तरफ ले लिया। मैं ये नहीं कहता कि कितने पैसे देकर खरीदा। आप लोग जानते हैं कि हमारी कितनी सरकारें चुनी हुई थीं जैसे मध्य प्रदेश, गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड। यहां सरकारें कैसे गिरीं, आप जानते हैं। अगर वे डराकर हमें कमजोर करना चाहते हैं तो न कांग्रेस और न ही मैं इससे प्रभावित होंगे।

आईटी रेड : बेल्ट्रॉन के माध्यम से डाटा एंट्री ऑपरेटर समेत अन्य मानव बल मुहैया कराने वाली कंपनी के 10 ठिकानों पर छापा

जमीन कारोबारी शंकर यादव के ठिकानों पर भी छापेमारी

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में गुरुवार को इनकम टैक्स की टीम ने जमीन कारोबारी शंकर यादव के ठिकानों पर छापेमारी की। शंकर यादव बरारी थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहते हैं। फिलहाल अधिकारी कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। इधर, टीम ने नोट गिनने की मशीन भी मंगवाई गई है। शंकर यादव जमीन के खरीद बिक्री का काम करते हैं। उनका बरारी थाना क्षेत्र के मंगलम हॉस्पिटल के पास सोनालिका ट्रैक्टर शोरूम भी है। पटना से आयकर विभाग की पांच सदस्य टीम छापेमारी की। वहीं, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शंकर यादव के घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे।

वहीं, पटना में भी बेल्ट्रॉन के माध्यम से डाटा एंट्री ऑपरेटर समेत अन्य मानव बल मुहैया कराने वाली कंपनी उर्मिला इंफोटेक के पटना समेत करीब 10 ठिकानों पर एक साथ रेड हुई। उर्मिला इंफोटेक के मालिक अविनाश कुमार सिंह हैं। इनके पटना के खाजपुरा स्थित आवास और पाटलिपुत्र कॉलोनी में टेक्नोलॉजी पार्क कार्यालय में आयकर विभाग की टीम ने रेड किया है। दिल्ली में भी दो ठिकाने बताए जा रहे हैं। शंकर यादव जमीन की खरीद बिक्री करते हैं। भागलपुर के कई इलाकों में उन्होंने हाल में ही कई प्लॉट लिया है। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में उनके ठिकानों पर रेड पड़ी है। सूत्रों के मुताबिक, भारी मात्रा में कैश और जमीन के कागजात बरामद किए गए हैं। आयकर विभाग की टीम अंदर नोट गिनने वाली मशीन लेकर पहुंची है।

बेल्ट्रॉन, यानि 'बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड' बिहार सरकार की एक कंपनी है। इसका मुख्य काम राज्य के आईटी सेक्टर के डेवलपमेंट को बढ़ावा देना है। यह कंपनी सरकार की तकनीकी जरूरतों को पूरा करती है। सरकार के विभिन्न विभागों के लिए इक्विपमेंट और मैनपावर सप्लाई की जिम्मेदारी उठाती है। विभागों में मैनपावर सप्लाई के लिए बेल्ट्रॉन भी विभिन्न एजेंसियों की मदद लेती है। उर्मिला इंफोटेक भी ऐसी ही एक प्राइवेट कंपनी है। उर्मिला इंफोटेक बेल्ट्रान के लिए कांट्रैक्ट पर कर्मियों की नियुक्ति करती है, जिन्हें विभिन्न सरकारी विभागों में आईटी एक्जिक्यूटिव, डाटा एंट्री ऑपरेटर, आईटी प्रोजेक्ट मैनेजर आदि पोस्ट पर बहाल किया जाता है।

राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सीएम चंपाई सोरेन को दी बधाई

निज संवाददाता | रांची

बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने आज झारखंड के राजधानी रांची के प्रोजेक्ट भवन स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में माननीय नव नियुक्त मुख्यमंत्री श्री चंपाई सोरेन जी से शिष्टाचार मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दीया। जब मैं 1995 मे पहली बार देव विधानसभा से विधायक बना तो वो भी उस समय खरसावां सरायकेला विधानसभा से बिहार विधानसभा के सदस्य थे। साथ ही विधानसभा के याचिका समिति में हम दोनों सदस्य भी थे इसलिए एक मित्रवत संबंध भी तब से चला आ रहा है।आज जब मैं उनसे मिला तो वही मित्रता वाला भाव दिखाई दिया। श्री चंपाई सोरेन जी न सिर्फ झारखंड आंदोलन से जुड़े एक बड़े नेता रहें है बल्कि एक नेक दिल, सरल स्वभाव के इंसान भी हैं।

उनसे मिलने के पश्चात उत्तर कोयल परियोजना के अधुरे कार्य, मंडल डैम में गेट लगाने एवं बटाने शीर्ष परियोजना के राइट एवं लेफ्ट कैनाल के सभी अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराने पर भी विस्तार से चर्चा हुआ। उन्होंने संबंधित परियोजनाओं के अधतन स्थिति की जानकारी सिंचाई विभाग से मांगी है। उम्मीद है कि उपरोक्त दोनों योजनाओं पर झारखण्ड सरकार के द्वारा शीघ्र साकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

बिहार के विभिन्न जिलों में चली 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' रथ

2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए लोगों ने ली शपथ केन्द्रीय योजनाओं के बारे में लोगों को दी गयी जानकारी

निज संवाददाता | पटना

केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने और उनका लाभ आम जनता तक सुनिश्चित किये जाने की महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ' के दूसरे चरण में गुरुवार को बिहार के पटना,भोजपुर, औरंगाबाद, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया, पूर्वी चम्पारण सहित विभिन्न ज़िलों में चली। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ' पहुंचते ही भारी संख्या में आम लोग रथ को देखने और जानकारी लेने पहुंचे। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ' के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी वीडियो के माधयम से दी गई, साथ ही, प्रचार सामग्रियों का निःशुल्क वितरण ग्रामीणों और अन्य लोगों के बीच किया गया। मौके पर रथ के साथ आये अधिकारियों ने सभी लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंने, भारत की एकता को सुदृढ़ करेंने, देश की रक्षा करने वालो को सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने को लेकर शपथ दिलाई। इस अवसर विभिन्न विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान योजना, मोटा अनाज तथा अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी चलचित्र और सम्बंधित अधिकारियों द्वारा दी गई, इस अवसर पर भारत सरकार की योजनाओं के लाभार्थी भी कार्यक्रम स्थल पर आये, उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सार्वजानिक तौर पर प्रशांस करते हुए अपनी बातें भी रखी। मौके पर चिकित्सा शिविर लगा कर लोगों का निःशुल्क इलाज और मुफ्त दवा का वितरण किया गया। जबकि मोटा अनाज पर विशेष जानकारी ग्रामीणों एवं लोगों को दी गई और अधिक से अधिक मोटा अनाज उपजाने तथा प्रयोग में लाने का आह्वान किया गया। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ' का उद्देश्य है इसके मध्यम से केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देना।

प्रथम चरण में चयनित टीचरों के लिए शिक्षा विभाग का आदेश

इस्तीफा मंजूर होने के बाद ही दूसरे चरण में देंगे योगदान, सभी डीईओ को लिखा पत्र

- पत्र में साफ-साफ लिखा है, जो अभ्यर्थी प्रथम चरण में टीचर के पद पर चयनित होकर स्कूल में बच्चे को पढ़ा रहे हैं और उनका सलेक्शन दूसरे चरण में भी हुआ है।

त्यागपत्र मंजूर होने के बाद ही दूसरे चरण के तहत ज्वॉइनिंग कराएं।

निज संवाददाता | पटना

शिक्षा विभाग की ओर से बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित शिक्षकों के लिए अहम दिशा-निर्देश जारी हुआ है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव केके पाठक के निर्देश पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में साफ-साफ लिखा है, जो अभ्यर्थी प्रथम चरण में टीचर के पद पर चयनित होकर स्कूल में बच्चे को पढ़ा रहे हैं और उनका सलेक्शन दूसरे चरण में भी हुआ है। ऐसे टीचरों का

शिक्षा विभाग की ओर से नोटिफिकेशन जारी

दरअसल, द्वितीय चरण के तहत वैसे अभ्यर्थियों का भी चयन हुआ है जो पहले चरण में सफल होकर स्कूलों में सेवा दे रहे हैं। ऐसे शिक्षकों की संख्या लगभग 25 हजार है। गृह जिला के नजदीक या फिर गृह जिला में आने को लेकर पहले चरण की नियुक्ति को छोड़कर दूसरे चरण में योगदान दे रहे हैं। बिहार में पहले चरण में एक लाख 10 हजार और सेकेंड फेज में 96 हजार शिक्षकों का चयन हुआ था।

ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस मीडिया सेल के ग्लोबल महासचिव बनें प्रेम कुमार

पटना(नि.सं.)। भारत की अग्रणी संवाद एजेंसी यूनाईटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) में उपसंपादक के पद पर कार्यरत प्रेम कुमार को ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) मीडिया सेल का ग्लोबल महासचिव बनाया गया है। जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने प्रेम कुमार को (जीकेसी) मीडिया सेल का ग्लोबल महासचिव बनाया है। प्रेम कुमार जीकेसी कला-संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कर्नाटक के प्रभारी भी हैं। प्रेम कुमार ने इससे पूर्व जीकेसी मीडिया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अपना योगदान दिया है। प्रेम कुमार ने राजीव रंजन और प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गयी है उसमें अपना शत प्रतिशत देने का प्रयास करेगे।

नीतीश कुमार ने लालकृष्ण आडवाणी से की मुलाकात

नई दिल्ली (ए.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की। सीएम नीतीश ने आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर बधाई दी और उनका हालचाल जाना। नीतीश कुमार दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर हैं। गुरुवार सुबह वे आडवाणी से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। कुछ देर तक वे वहां रुके।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper

संक्षिप्त समाचार

पुलिसिया कार्रवाई-अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर किया गया जब्त,प्राथमिकी दर्ज

रजौली। थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चल रहा है,लेकिन फिर भी बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।प्रतिदिन अवैध तरीके से नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं।जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना खनन माफियाओं के द्वारा लगाया जा रहा है। इसी बीच अवैध बालू खनन के खिलाफ रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एसआई अजय कुमार की अगुवाई में गुप्त सूचना पर मालियातरी नदी बालू घाट पर दल-बल के साथ कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान अमावां पूर्वी के धनार्जय नदी बालू घाट से ले जा रहे अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त किया गया।हालांकि ट्रैक्टर के चालक सह मालिक फरार होने में सफल हो गए।थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नदी घाट से बालू की चोरी की जा रही है।फलस्वरूप एसआई अजय कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर कार्रवाई के लिए भेजा गया।जिसमें अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।बालू लदे ट्रैक्टर को थाना परिसर में जब्त कर रखा गया है।इसकी सूचना खनन पदाधिकारी नवादा को दे दी गई है।खनन पदाधिकारी के निर्देशानुसार ट्रैक्टर मालिक सह चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

एक्शन एड ने किया रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन

नवादा। "उड़ान 2.0" परियोजना के तहत सरकारी आई॰टी॰आई॰,नवादा के संयुक्त श्रम भवन में जिला नियोजनालय नवादा के सहयोग से युवाओं के लिए शिक्षा सह कैरियर रोजगार मार्गदर्शन मेला का अयोजन किया गया। इस अवसर पर नियोजन कार्यालय के जिला नियोजन पदाधिकारी जैनेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग श्रीमती अर्पणा झा, जिला बाल संरक्षण इकाई के बाल सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, जिला कौशल एक्सपर्ट गजेंद्र कुमार,यंग प्रोफेशनल राजकुमार,जिला तथा प्रखंड समन्वयक उड़ान परियोजना ने 100 से अधिक युवाओं को शिक्षा और रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में परामर्श दिया। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर सभी युवाओं को रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रेरित किया तथा इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के बाद की जाने वाली सेवाओं -मुफ्त स्टडी किट, टूल किट विभिन्न प्रशिक्षण के बारे में भी बताया। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग श्रीमती अर्पणा झा ने युवाओं को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सफल होने का रास्ता बताया। यंग प्रोफेशनल राजकुमार ने मैट्रिक, इंटर, ग्रेजुएशन के बाद विभिन्न टेक्निकल कोर्सेज, शॉर्ट टर्म कोर्सेज तथा रोजगार के नए–नए अवसरों के बारे में बताया। कार्यक्रम में एक्शन ऐड एसोसिएशन के जिला एवं प्रखण्ड समन्वयक, बाल सुरक्षा पदाधिकारी ने युवाओं को प्रोत्साहित किया।

13 फ़रवरी को एकदिवसीय रोज़गार मेला का आयोजन

नवादा। श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक-13.02.2024 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। पी0जी0 इलेक्ट्रोप्लास्ट प्रा0लि0 महाराष्ट्र (अहमेदनगर) की कम्पनी के द्वारा मशीन ऑपरेटर, क्वालिटि असेम्बली, हेल्पर के 20 पद के लिए योग्यता आई0टी0आई0 पास किसी भी टेर्ड से होना चाहिए, उम्र-18 से 35 वर्ष, वेतन-18580 के साथ0पी0एफ0, ए0एस0आई0सी0, बोनस की सुविधा। जॉबलोकेशन-महाराष्ट्र, पुणे है। यह जॉब कैम्प सिर्फ पुरुषों के लिए है। इच्छुक आवेदक एवं आवेदिकाएं अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार की छाया प्रति रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रांगण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते है। रोजगार कैम्प का समय प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित होगी। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर निबंधित है वही आवेदक एवं आवेदिकाएं रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं निबंधित नहीं है वो आवेदक एवं आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, नियोजन के शर्तो के लिए वे जिम्मेदार होंगे। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

नए अंचलाधिकारी ने संभाला पदभार

नवादा। जिले के हिसुआ अंचल में अंचलाधिकारी के रूप में सुमन सौरभ ने पदभार संभाला। इसके बाद उन्होंने अंचल कर्मियों से मुलाकात की एवं क्षेत्र के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में निष्पक्ष कार्य करना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय के माध्यम से लोगों का काम आसानी से और सुगमता पूर्वक हो। उन्होंने बताया कि किसी भी कीमत पर गलत कार्य और नियम विरुद्ध कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जमीन से संबंधित मामले का निपटारा करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी । मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रितेश कुमार, स्थानांतरित अंचलाधिकारी लवकेश कुमार राजस्व पदाधिकारी साक्षी कुमारी के अलावा अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

13मार्च से आयोजित होगी 5से 8 वीं की वार्षिक परीक्षा

बेगूसराय। भगवानपुर प्रखंड के सरकारी स्कूलों में पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा 13 से 16 मार्च एवं क्लास 1 से 4 व 6 एवं 7 की परीक्षा 21 से 28 मार्च के बीच होगी। क्लास 5 व 8 का 18 मार्च को पहली पाली में भाषा (हिन्दी / उर्दू / बांग्ला) व दूसरी पाली में अंग्रेजी की परीक्षा होगी। 19 मार्च को पहली पाली में गणित,दूसरी पाली में पर्यावरण/सामाजिक विज्ञान,20 मार्च को पहली पाली में क्लास 8 के लिए विज्ञान व दूसरी पाली में संस्कृत और 21 मार्च को पहली पाली में राष्ट्रभाषा हिन्दी व दूसरी पाली में सह शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन होगा। उत्तर पुस्तिका की जांच नजदीक के दो विद्यालयों को आपस में सम्बद्ध कर 23 से 26 मार्च तक किया जाएगा। क्लास 1 से 4 एवं 6 से 7 की वार्षिक परीक्षा के शिड्यूल के अनुसार 21 मार्च को सह शैक्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन,23 मार्च को पहली पाली में भाषा व दूसरी पाली में इंग्लिश,25 मार्च को पहली पाली में गणित व दूसरी पाली में पर्यावरण/सामाजिक विज्ञान और 28 मार्च को पहली पाली में संस्कृत/राष्ट्रभाषा/हिंदी/अन्य व दूसरी पाली में विज्ञान की परीक्षा होगी। 30 मार्च को सभी स्कूलों में क्लास 5 एवं 8 और 6 अप्रैल को क्लास 1 से 4 व 6 से 7 के बच्चों के अभिभावक के साथ शिक्षक बैठक आयोजित कर बच्चों के प्रगति का शेयरिंग करेंगे।

रास्ता की मांग को ले सफीगंज एवं मसुदा गावं के ग्रामीणों ने किया रेल चक्का जाम

निज संवाददाता। नवादा

प्रखंड अंतर्गत मकनपुर पंचायत के सफीगंज एवं मसुदा के ग्रामीणों ने पूर्व मध्य रेल अन्तर्गत दानापुर मंडल के किउल-गया रेलखंड पर रास्ता की मांग को लेकर ग्रामीणों ने रेल का चक्का जाम कर दिया। रेल जाम की सूचना पर वारिसलीगंज के थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा तथा एसआई भुनेश्वर कुमार सिंह दलबल के साथ जाम स्थल पर पहुंच लोगों को समझा बुझाकर रेल पटरी को जाम से मुक्त कराया। इस दौरान शफीगंज तथा मसुदा गांव सहित दर्जनों गांव के लोग शफीगंज गांव के पास रेल फाटक या अंडर पास रास्ता की मांग करते हुए दोहरीकरण कार्य को रोक दिया। जाम स्थल पर पहुंचे स्थानीय थाना पुलिस तथा प्रशासन ने उनकी मांग को रेल विभाग के वरीय पदाधिकारियों तक पहुंचाने का अश्वासन दिया, तब लोगों ने रेल पटरी को जाम से मुक्त किया। जानकारी के अनुसार किउल-गया रेलखंड का दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है। दोहरीकरण को लेकर वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव का रास्ता अवरूद्ध हो रहा है। रास्ता को बंद किया जा रहा है, जिससे उक्त सभी गांवों के लोगों को प्रखंड मुख्यालय तथा जिला मुख्यालय आने के लिए कोसों दूर पैदल चलना होगा। रास्ता की मांग कर रहे शफीगंज, मसुदा तथा कोल्हा बिगहा सहित अन्य गांव के सैंकड़ों लोग गुरूवार को प्रखंड क्षेत्र के शफीगंज मोड़ के समीप निर्माणाधीन दोहरीकरण के कार्य को रूकवाते हुए रेल पटरी के बगल में बैठकर शांति पूर्वक धरना दिया। इस दौरान रेल प्रशासन एहतियात के तौर पर ट्रेन को नवादा तथा वारिसलीगंज स्टेशन पर पर रोके रखा। बाद में किउल रेल थाना के वरीय पुलिस पदाधिकारी, नवादा रेल पुलिस एवं स्थानीय पुलिस धरना स्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान धरना पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि रेल परिचालन से मुझे कोई लेना देना नहीं है, लेकिन नई पटरी बिछाने का कार्य को तब तक अवरुद्ध रखूंगा, जब तक उपरोक्त गांवो के लिए आवागमन का कोई स्थायी समाधान नहीं कर लिया जाता है। प्रदर्शनकारियों को समझाते हुए अधिकारी ने कहा कि फिलहाल उक्त स्थान के आगे पीछे कार्य होने दें। अधिकारी के समझाने के बाद धरना प्रदर्शन कर रहे लोग धरना समाप्त कर दिया।

एमपी, एमएलए व जिले के अधिकारी सहित रेल अधिकारियों से लगा चुके हैं गुहारः- मय मोड़ के समीप से जाने वाले लगभग एक दर्जन गांव के लगभग तीस हजार लोगों का रास्ता रेलवे ट्रैक दोहरीकरण के बाद अवरुद्ध हो जायेगा, जिससे लोग परेशान हैं। रास्ता अवरुद्ध होने से परेशान लोग रेलवे दोहरीकरण का कार्य शुरू होने के समय वर्ष 2022 में ही उक्त मोड़ पर हजारों लोगों द्वारा बिना रास्ता दिए कार्य शुरू करने का विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन किया गया था। तब रेलवे के वरीय अधिकारी द्वारा समस्या का समाधान कर देने का आश्वासन दिया गया था। उस समय से लेकर आज तक दर्जन भर गांव के लोगों द्वारा स्थानीय विधायक, सांसद, जिलाधिकारी तथा रेल अधिकारियों सहित अन्य से आवेदन देकर गुहार लगा चुके हैं, बावजूद अब तक किसी प्रकार का कार्य नहीं होने से लोग निराश हैं और धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

कई बार हो चुकी है बड़ी दुर्घटनाएंः- किउल-गया रेलखंड पर सफीगंज गांव के समीप वर्ष 2016 में अनाधिकृत रेल फाटक पार करने के दौरान अचानक हावड़ा-गया एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से बोलेरो पर सवार आधा दर्जन बारातियों की मौत हो गई थी। वहीं सोनवर्षा हॉल्ट के पास एक पेंट से भरी ऑटो खुली पटरी को पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आ गई। इसी प्रकार मय मोड़ के पास बच्चों को स्कूल लाने मय गांव जा रही एक स्कूल बस ट्रेन की चपेट में आकर चकनाचूर हो गई थी।

दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक बाइकसवार गम्भीर रूप से घायल,रेफर

निज संवाददाता। रजौली

थाना क्षेत्र के इंटर विद्यालय के समीप दो बाइकों के आमने-सामने की टक्कर में एक बाइकसवार गम्भीर रूप से घायल हो गए।वहीं दूसरा बाइकसवार मौके से फरार हो गया।घायल बाइक सवार को आसपास के लोगों की सहायता से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि घायल बाइकसवार की पहचान महसइ मोहल्ला निवासी रामजी मिस्त्री के पुत्र मनोज कुमार के रूप में हुई है।चिकित्सक ने कहा कि घायल बाइकसवार के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गम्भीर चोटें आई है।जिसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल में रेफर कर दिया है।वहीं घायल बाइकसवार के परिजन को सूचना मिलने के बाद अस्पताल परिसर पहुंचे।परिजनों ने कहा कि धक्का मारकर फरार बाइकसवार की पहचान अबतक नहीं हुई है।वहीं परिजनों ने कहा कि पहले घायल का इलाज करवा लेते हैं।उसके बाद अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

संगत के जमीन पर अवैध कब्जे के विरुद्ध महासचिव ने एसडीओ एवं एसडीपीओ को सौंपा आवेदन

निज संवाददाता। रजौली

मुख्यालय स्थित नानकशाही संगत के जमीन पर भू माफियाओं के द्वारा अवैध कब्जा बेरोकटोक जारी है।ताजा मामला संगत के प्लाट संख्या 203,नया खाता संख्या 395,थाना संख्या 183 मौजा महसइ का है।जहां कलाली गली मोहल्ला निवासी स्वर्गीय सुखदेव साव के पुत्र संजय साव द्वारा जबरन अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है।जिसको लेकर तख्त श्री हरि मंदिर जी पटना साहिब के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने एसडीओ एवं एसडीपीओ को लिखित आवेदन देकर कहा कि नानकशाही संगत रजौली 500 साल से भी अधिक पुरानी संगत है।जिसका देखरेख व सेवा संभाल प्रबंधन कमेटी द्वारा विगत कई वर्षों से किया जा रहा है।रजौली संगत के विगत महंत रामरतन बख्श दास जो वर्तमान स्वयंभू महंत भोला बक्श दास के पिता थे।उन्होंने अपने कुकृतियों को पूरा करने के लिए संगत की धरोहर को गैर कानूनी एवं अवैध रूप से लोगों को औने-पौने दाम पर देना आरंभ कर दिया था,जिसका उन्हें कोई अधिकार नहीं था।क्योंकि यह संगत पूर्व से ही नानकशाही है। महासचिव ने पुलिस एवं प्रशासन को आवेदन देकर पुरातन संगत के धरोहर को ऐसे सामाजिक तत्वों के द्वारा जबरन कब्जा करने से रोकने की गुहार लगाई है।ताकि संगत की संपत्ति जो ऐतिहासिक है उसको सुरक्षित रखा जाए।साथ ही कहा कि आवेदन की प्रतिलिपि सीओ और थानाध्यक्ष को भी दी गई है।वहीं एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने कहा कि संगत के जमीन पर अतिक्रमण मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है।सीओ एवं थानाध्यक्ष को जांचोपरांत उक्त जमीन पर 144 लगाने को निर्देशित किया गया है।

जनसमस्याओं को लेकर पहुंचे मुखिया को प्रभारी सीओ ने कहा एक घंटे में आये

निज संवाददाता। नारदीगंज

प्रखंड के हंडिया पंचायत की मुखिया अजय पंडित गुरुवार को जनसमस्याओं को प्रभारी सीओ सह राजस्व अधिकारी अर्चना कुमारी से समाधान के लिए अंचल कार्यालय पहुंचे। तब उन्हें एक घंटे के बाद मिलने के लिए कहा गया। इस दौरान उनके साथ प्रखंड के विभिन्न गांवों के कई लोग भी थे। इस रैवया से मुखिया ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि से इस तरह का व्यवहार अधिकारी को करना सर्वथा अनुचित है। जनता का सेवक हूं, और जनता की भावना को कद्र करना है,उनकी समस्याओं को सुनना है,और उसे न्याय दिलाने के लिए अधिकारियों के पास जाना मेरा कर्तव्य व धर्म है। मामला प्रखंड के विभिन्न गांवों के युवाओं का आय प्रमाण पत्र से जुड़ा हुआ है।इस मौके पर परमा के छोटू कुमार,विजय कुमार, करण कुमार,पसई के राजेश राजबंशी,निवास कुमार, छोटेलाल राजबंशी,डोहरा के रामकुमार, दरियापुर के रोशन कुमार समेत अन्य लोग आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए आये थे,लेकिन अधिकारी व राजस्व कर्मचारी के उदासीन रैवया से नाराजगी जाहिर की। कहा कि लघु उद्योग योजना के लिए सरकार रोजगार के लिए दो लाख दे रही है। इसके लिए आय प्रमाण पत्र की जरूरत है,तो सीओ आय प्रमाण पत्र देने में आनाकानी करते है। कहते हैं कि एक लाख 25 हजार रुपये का बनेगा,जबकि इसके लिए एक लाख से कम आय होना चाहिए, उनके पास मेरा सबकुछ है,भौतिक सत्यापन कर लें, और ससमय प्रमाण पत्र निर्गत कर दे,वही राजस्व कर्मचारी कहते हैं कि हम मोबाइल फोन से जानकारी प्राप्त कर लेते हैं, तब रिपोर्ट तैयार करते हैं।ऐसी हालत में सरकार द्वारा मिलने वाले सुविधा से वंचित हो जाएंगे।अंचल कार्यालय में प्रमाण पत्र बनाये जाने में काफी मनमानी होती है। लोगों को सही तरीका से काम नहीं होता है। भटकना पड़ता है।राजेश राजबंशी व छोटेलाल राजबंशी कहते हैं कि मैं भूमिहीन परिवार हूं, लाखों रुपये वार्षिक आय भी नहीं है।इस मामले में प्रभारी सीओ सह राजस्व अधिकारी अर्चना कुमारी ने सफाई देते हुए कहा कि मैंने मुखिया जी को कार्यालय आने से नहीं रोकी हूं,जनता का फाइल को निपटा रही थी,पात्रता रखने वाले व्यक्ति को राजस्व कर्मचारी के रिपोर्ट पर आय प्रमाण ससमय निर्गत की जा रही है।

दसवीं के सेंटॉप छात्र-छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई

निज संवाददाता। रोह नवादा

रोह प्रखंड के इंटविद्यालय ओहारी में परीक्षा देने हेतु सेंटअप हुए दसवीं के छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को भावभीनी विदाई दी गई। डा विनीता प्रिया के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डा नगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से किया गया कार्य सफलता की सीढ़ी है। इस मौके पर शिक्षकों ने अपने-अपने स्तर से उपस्थित बच्चों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने के टिप्स भी दिया। इसके बाद सभी को बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड उपलब्ध कराया गया। वहीं इस मौके पर नवमी कक्षा के बच्चों द्वारा तैयार शुभकामना ग्रिटिंग्स दसवीं के छात्र-छात्राओं के बीच वितरित किया गया। अंत में शिक्षकों के आर्थिक सहयोग से सभी सेंटप बच्चों को पेन और टॉफी दिया गया। वहीं सेंटेप दसवीं के बच्चों ने नौवीं कक्षा के गुलदस्ता भेट करते हुए कहा कि हमसब विद्यालय की गरिमा को तुम्हारे कंधे पर सौंप रहे हैं। तुमलोग विद्यालय के सभी कर्मियों के साथ अपना कार्यकाल पूर्ण शिष्टाचार्य और गरिमा के साथ पूरा करना। इस कार्यक्रम को विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार, मयंक राज, अमित कुमार, जुली कुमारी, सुनीता कुमारी, अंजू कुमारी ने अपनी महती भूमिका अदा किया। इस मौके पर अनंत कुमार आनंद, रीमा कुमारी, पंकज कुमार, प्रभात कुमार, रेखा कुमारी, गगन भारती, रंजीत कुमार, आनंद वर्धन, कमलेश कुमार आदि शिक्षक के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

ईंट भट्ठा के पास शराब बिक्री करते दो धंधेबाजों उत्पाद पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजे गए जेल

निज संवाददाता। रजौली

जांच चौकी पर 22 शराब पीने वाले भी धराये

थाना क्षेत्र के मुरहेना गांव स्थित मेहता ईंट भट्ठा के समीप से उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने शराब बेचते हुए दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया।इस दौरान कुल 18 लीटर देशी महुआ शराब एवं प्लास्टिक के मग,ग्लास आदि भी बरामद किया गया है।वहीं शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले 22 लोगों को भी हिरासत में लिया गया है।उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी के अलावे आसपास के क्षेत्रों में उत्पाद बलों के सहयोग से गश्त भी की जाती है।इस दौरान मुरहेना के मेहता ईंट भट्ठे के समीप खेत में शराब बेच रहे दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार धंधेबाजों की पहचान जोगनी गांव निवासी शिवालक प्रसाद के पुत्र संतोष यादव एवं गणेश यादव के पुत्र सोनेलाल प्रसाद के रूप में हुई है।

साथ ही कहा कि दोनों शराब धंधेबाजों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।वहीं बुधवार के दिन से लेकर गुरुवार की सुबह तक झारखण्ड की ओर से आनेवाली यात्री एवं निजी वाहनों की जांच में कुल 22 शराब पीने वाले लोगों को भी हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।इस दौरान उत्पाद एसआई सन्नी कुमार,एएसआई सुधीर कुमार ठाकुर,उत्पाद सिपाही,सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

स्टोन पेल्टिंग घटना के बावत रेलवे सुरक्षा बल ने चलाया जागरूकता अभियान

निज संवाददाता। नवादा

रेसुब ओपी नवादा के उपनिरीक्षक मुकेश कुमार व स्टाफ द्वारा जिले के वारिसलीगंज - नवादा के बीच km 55/14 - 16 के पास स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय लीलाबीघा में जाकर स्टोन पेल्टिंग की घटना के बाबत स्कूल के छात्रों के बीच जागरूकता अभियान चलाया 1 इस बावत छात्रों को समझाया गया कि चलती ट्रेनों पर पत्थर मारना एक गंभीर अपराध है 1 ट्रेन पर पत्थर मारने के कारण ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री की जान भी जा सकती है तथा उक्त घटना में संलिप्त व्यक्ति के ऊपर कानूनी कार्रवाई भी किया जा सकता है 1 छात्रों को यह भी बताया गया कि वे अपने आसपास के लोगों एवं बच्चों को भी इस बारे में बताएं की चलती ट्रेन में पत्थर ना मारे। इसके अलावा छात्रों के बीच ट्रेनों में ACP ना करने, पटरी पर पत्थर,सिक्का या लोहे के धातु ना रखने एवं सिग्नल तार के साथ छेड़ - छाड़ ना करने के बारे में भी बताकर जागरूक किया गया।

नवादा में विशाल नए रेमंड शोरूम का हुआ उद्घाटन

निज संवाददाता। नवादा

नगर में नया रेमंड शोरूम का उद्घाटन रामनगर मुहल्ले में भव्य रुप से किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन अग्रवाल परिवार की पद्मा अग्रवाल ने फीता काटकर किया, वहीं राजीव नयन ने नारियल फोड़कर नात्मस्क किया। इस नये शोरूम के उद्घाटन मौके पर भव्य संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो ग्राहकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। इस शोरूम में बेहतरीन गुणवत्ता वाले कपड़ों के व्यापक कलेक्शन और रेमंड रेडी टू वियर, पार्क एवेन्यू, रेमंड के पार्क्स व एथनिक्स जैसे परिधान ब्रांड उपलब्ध हैं। लक्जरी अनुभव के इच्छुक ग्राहकों के लिए इस शोरूम में मेड टू मेजर सेवाएं भी उपलब्ध हैं। शोरूम के अंदर चारों ओर देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि किसी जेंटलमैन का वार्डरोब हो, जहां कैजुअल, वर्क वियर एवं सेलिब्रेशंस के लिए बेहतरीन डिजाइन वाले, रेडी टू वियर परिधान उपलब्ध हैं। ग्राहक रेमंड कस्टम टेलरिंग सर्विसेज का लाभ उठाकर शूटिंग एवं शर्टिंग फैब्रिक्स व टेलर शर्ट्स, पतलून, सूट्स, कुर्ता, बंडी की श्रृंखला में से अपने व्यक्तिगत स्टाइल के अनुरूप पोशाक बनवा सकते हैं। स्टोर में रेमंड का एथनिक्स भी है, जो एक एथनिक वियर ब्रांड है, साथ ही विशेष अवसरों के लिए कुर्ता, शेरवानी, बंदगला, इंडोवेस्टर्न में कई विकल्प लोगों को आकर्षित करता है। लूक को पूर्णता देने के लिए शानदार एसेसरीज की व्यापक रेंज भी है जैसे टाई, बेल्ट, बाउज, कफ लिंक, एव पॉकेट स्क्वायर के साथ-साथ दूल्हे के लिए वेडिंग एसेसरीज की सभी आधुनिक रेंज उपलब्ध है। यदि आप भी आधुनिक कलेक्शन वाले मेन्सवियर की शॉपिंग करना चाहते हैं तो इस नये रेमंड शोरूम में अवश्य पधारें। स्टोर पर पेशकशों की विस्तृत श्रृंखला आगामी त्योहारी मौसम, शादी के अवसरों और उत्सवों विशेष उपहार का लाभ भी देने की तैयारी है। कंपनी के अधिकारी बताते हैं कि रेमंड शोरूम अपने ग्राहकों के लिए स्वच्छता प्रोटोकॉल का पालन करती है और अपने उपभोक्ताओं के लिए सबसे सुरक्षित खरीदारी का वातावरण सुनिश्चित करती है। ग्राहक नवीन कुमार सिन्हा उर्फ छवि जी व राजेश कुमार मुरारी आदि ग्राहकों ने बताया कि बड़े शहरों की तरह नवादा में रेमंड शोरूम खुलना किसी सौगात से कम नहीं है। यहां जिस तरह से आधुनिक कलेक्शन देखने को मिला उससे यह साफ हो गया है कि अब बड़े शहरों में रेमंड कपड़ों की खरीदारी करने जाने की जरूरत नहीं है।

गौरतलब हो कि पिछले 13 वर्षों से अग्रवाल परिवार के द्वारा नवादा में रेमंड शोरूम छोटे पैमाने पर संचालित हो रहा था, जिसे अब अग्रवाल परिवार ने नये लुक और नये अंदाज में जिलेवासियों को इसका विस्तार कर सौगात के रुप में दिया है। इसके उद्घाटन मौके पर रेमंड कम्पनी के जोनल हेड रिटेल ऑपरेशन नमन कुमुद, क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार, रंजीत कुमार एरिया मैनेजर रिटेल, दीपक प्रियदर्शी रीजनल विजुअल मर्चेंडाइजर, मितेश समैयार एरिया मैनेजर इंदु भूषण, अमित, मनोज कांत सिन्हा, नीतीश दुबे तथा अरविन्द कुमार तथा संचालक राजीव नयन, अमित अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, विनित अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल के अलावा निरंजन सिंह, राजेश कुमार गुड्डू, रोहित अग्रवाल, श्याम अग्रवाल तथा गौरव कुमार सहित सैकड़ों ग्राहक मौजूद थे।

जमुई में तालाब की खुदाई में मिली पालकालीन मूर्ति

जमुई, एजेंसी। जमुई में भगवान सूर्य की एक पालकालीन मूर्ति मिलने के बाद स्थानीय लोग और प्रशासन आमने-सामने आ गए। स्थानीय लोग मूर्ति को मंदिर में स्थापित करने की मांग करने लगे, लेकिन प्रशासन मूर्ति को संग्रहालय ले जाना चाहता था। फिर स्थानीय लोगों ने 72 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू कर दिया, जिसे देख प्रशासन को अपना कदम पीछे खींचना पड़ा और विधि विधान से मूर्ति को मंदिर में स्थापित किया गया।

मामला सिकंदरा प्रखंड के सिझौड़ी गांव का है। यहां सिमरा तालाब की खुदाई के दौरान मंगलवार को काले पत्थर की भगवान सूर्य की दुर्लभ प्रतिमा मिली, जिसकी ऊंचाई 3 फीट है। मूर्ति मिलने के बाद पुलिस प्रशासन मंगलवार देर रात 11 बजे तक गांव में कैंप करती रही, लेकिन लोगों ने मूर्ति को छिपा दिया। बुधवार को मूर्ति को गांव के ही ठाकुरबाड़ी में रख दिया गया और 72 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हो गया। लेकिन, लोगों की भीड़ को देखते हुए पुलिस नहीं पहुंची।

कई गांवों के लोग जुटे..विधायक भी आए

मूर्ति मिलने की सूचना पर कई गांवों के लोग सिझौड़ी पहुंचे। सभी जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। गांव में मेला जैसे माहौल बन गया। फिर ग्रामीण प्रतिमा को अपने कंधे पर रख जय श्री राम और भगवान का जयकारा लगाते ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुंचे। मूर्ति मिलने की सूचना पर स्थानीय विधायक प्रफुल्ल मांझी भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि लोगों की आस्था के साथ मेरी आस्था भी जुड़ी है। तालाब की खुदाई में भगवान सूर्य की दुर्लभ मूर्ति मिली है। प्रशासन अपने नियमानुसार संग्रहालय ले जाना चाहते थे, लेकिन ग्रामीण जिस स्थल से मूर्ति निकली, वहां भव्य मंदिर का निर्माण कर पूजा-अर्चना करना चाहते हैं। लोगों की आस्था खंडित न हो, इसके लिए मैं हमेशा सड़क से लेकर सदन तक खड़ा रहूंगा।

नए मंदिर में स्थापित की जाएगी मूर्ति

जिला प्रशासन को ग्रामीणों ने मूर्ति देने के इनकार कर दिया। इसके बाद उसे गंगाजल से साफ किया और एक मंदिर में रख दिया। दूसरी तरफ, ग्रामीणों ने एक बैठक की, जिसमें निर्णय लिया कि तालाब के पास सूर्य मंदिर बनाया जाएगा और उसी में प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

भगवान की प्रतिमा की जगह मंदिर में..संग्रहालय नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ भी हो जाएगा, हम भगवान सूर्य की मूर्ति को प्रशासन को नहीं देंगे। मूर्ति को संग्रहालय की बंद दीवारों के अंदर रखना चाहते हैं। जबकि, भगवान की मूर्ति मंदिर में होनी चाहिए। इधर, एसडीओ अभीत तिवारी ने बताया कि खुदाई में मूर्ति मिलने की सूचना मिली है। इसकी जांच कराई जा रही है। जब तक इस पर किसी विशेषज्ञ की राय नहीं आ जाती है, तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह मूर्ति प्राचीन है तो ट्रेजर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

8वीं-10वीं शताब्दी के बीच की है प्रतिमा

पुरातत्वविद डॉ. रवि शंकर गुप्ता ने बताया कि यह मुकुटधारी भगवान सूर्य की दुर्लभ प्रतिमा है, जो पालकालीन आठवीं से दसवीं शताब्दी काल की है। यह अच्छी प्रतिमा है। दोनों हाथ में कमल, नीचे दंड और पिंगल बनी है। काले पत्थर की प्रतिमाएं जमुई और आसपास में अमूमन मिलती रहती हैं।

इससे पहले 4 मार्च 2022 को सिझौड़ी के बगल के कुमार गांव में मां नेतुला मंदिर स्थित तालाब की खुदाई में पालकालीन नौवीं से दसवीं शताब्दी का दुर्लभ शिवलिंग निकला था। वहीं, 19 अगस्त 2022 को जन्माष्टमी के दिन लोहंडा गांव के तालाब में पालकालीन भगवान बलराम की मूर्ति निकली थी। फिलहाल सभी मूर्तियां गांव के ही मंदिरों में स्थापित की गई हैं।

संक्षिप्त समाचार

नदी में डूबकर युवक की मौत

भागलपुर/गोराडीह, एजेंसी। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी के पास छोटी चांदन नदी में डूबने से युवक की मौत हो गयी। घटना बुधवार शाम करीब पांच बजे की है। मृतक की पहचान मो. रकीब (20), पिता मो. मुबारक के रूप में की गई है। घटना के बाद उसे इलाज के लिए जगदीशपुर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना को लेकर परिजनों ने थाने में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मंद बुद्धि का था। वह बकरी चराने बहियार गया था। वहीं पर उसे शौच लग गया और वह नदी किनारे चला गया। जहां पर उसका पैर फिसल गया और गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख एक बच्चे ने शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े और उसे पानी से बाहर निकाला। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष गणेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। परिजनों द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। मामले की जांच की जा रही हैं।

मध्य विद्यालय चौधरी टोला में बच्चा गिरकर जख्मी

भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी। मध्य विद्यालय चौधरी टोला में बुधवार दोपहर समय स्कूल के सामने रखे नाले के पाट से टकरा कर एक छात्र घायल हो गया। घायल बच्चे को स्कूल के शिक्षकों ने तत्काल अनुमंडल अस्पताल लाया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए शिक्षक भागलपुर निजी क्लीनिक ले गये। बच्चे के पिता पप्पू पासवान ने बताया पुत्र अरूण कुमार कक्षा 8 का छात्र है। उसे स्कूल में किसी प्रकार चोट लग गयी है। जिसका इलाज स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा कराया जा रहा है। स्कूल के हेडमास्टर दिगम्बर कुमार झा ने बताया कि स्कूल के सामने नाला है जिसका पाट बाहर में रखा हुआ था। जिससे छात्र को ठेस लग गई और वह गिरकर घायल हो गया है। जिसका इलाज मैं स्वयं भागलपुर में करा रहा हूं।

बमबाजी मामले में किसी ने नहीं दिया थाने में आवेदन

भागलपुर/सबौर, एजेंसी। लोदीपुर थाना क्षेत्र के चौधरीडीह महमदाबाद में मंगलवार को हुए बमबाजी मामले में अब तक किसी ने थाने में आवेदन नहीं दिया है। वहीं पुलिस घायल रितु यादव उर्फ रितेश का अब तक बयान भी दर्ज नहीं कर सकी है। घायल का इलाज परिजन पटना में करवा रहे हैं। इधर गांव में चर्चा है कि घायल रितु यादव एक आंख गंवा बैठा है। वहीं पुलिस इस मामले को लेकर जांच कर रही है। पुलिस ने बुधवार को दिनभर कई संदिग्धों से पूछताछ भी की है। इस मामले का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। घायल के परिजनों द्वारा आवेदन या बयान देने के बाद ही पुलिस आगे कार्रवाई करेगी। हालांकि पुलिस इस मामले में हर बिंदु पर जांच कर रही है। लोदीपुर इंस्पेक्टर श्यामला कुमार ने कहा कि आवेदन अभी तक किसी ने नहीं दिया है। घायल का बयान नहीं लिया गया है। उसका पटना में इलाज चल रहा है। मालूम हो कि मंगलवार की सरेशाम बमबाजी की घटना से इलाके में अफरातफरी मच गयी थी।

देश के 28 हजार सीबीएसई स्कूलों के बच्चे सीखेंगे रचनात्मकता कौशल

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। जिले के बच्चों समेत देश के 28 हजार सीबीएसई स्कूलों के बच्चे रचनात्मकता कौशल सीखेंगे। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की फ्यूचर ऑफ जॉब रिपोर्ट्स के अनुसार 10 सबसे अधिक मांग वाले स्किल में रचनात्मकता कौशल सबसे ऊपर है। इसी के मद्देनजर सीबीएसई ने इसकी शुरुआत की है। सीबीएसई ने शिक्षकों को इसकी ट्रेनिंग देने के बाद स्कूलों को एडोब एक्सप्रेस लाइसेंस उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की है। एडोब के सहयोग से बच्चों में रचनात्मकता कौशल विकसित कराया जाएगा। पहले चरण में हर गुरुवार को डिजिटल व रचनात्मकता कौशल पर वर्चुअल सत्र की शुरुआत की गई है। सीबीएसई के कौशल निदेशक विश्वजीत साहा ने सभी स्कूलों को इसमें बच्चों को शामिल कराने का निर्देश दिया है। जिले के 50 स्कूल इसमें शामिल होंगे।

शादी के बाद दुल्हा फरार, सीसीटीवी के फुटेज तलाश रही पुलिस

मुजफ्फरपुर , एजेंसी। बिहार के मुजफ्फरपुर में शादी और सुहागरात का एक अजीबोगरीब केस सामने आया है। शादी की अगली रात दुल्हन सुहाग की सेज पर पति का इंतजार करती रही उसके पहले दूल्हा फरार हो गया मामला। पुलिस तक पहुंच चुका है। अहियापुर थाना पुलिस दूल्हे की तलाश में इलाके में लगाए गए सीसीटीवी के फुटेज तलाश रही है। मामला मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। दूल्हे के गायब होने से दोनों परिजन परेशान है। तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक अहियापुर के शाहबाजपुर निवासी आदित्य की शादी और रविवार को हुई थी। शादी के अगले दिन उनकी विदाई हुई। मंगलवार के शाम आदित्य अपने घर से निकला। रात को परिवार वाले और दुल्हन उसका इंतजार करते रहे लेकिन वह वापस नहीं लौटा। शादी के ठीक बाद दूल्हे के गायब हो जाने से दोनों परिवारों में कोहराम मच गआ। देर रात से ही परिजन उसकी तलाश में भटकने लगे। रातभर खोजबीन जारी रही लेकिन, कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार को उसका रिसेप्शन था। लेकिन दूल्हे के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। फोन करने पर पता चला कि उसका मोबाइल स्विच ऑफ है। परिजनों ने बताया है कि उसका किसी से विवाद नहीं है। परिवार के लोग काफी डरे हुए है। आशंका सता रही है कि आदित्य के साथ कुछ अनहोनी तो नहीं हो गई। वहीं दुल्हन के परिवार वाले भी अपनी बच्ची की भविष्य को लेकर काफी डरे हुए हैं। परिवार वालों ने आदित्य के गुम होने की शिकायत अहियापुर थाने में दर्ज कराई है। थाना अध्यक्ष रोहन कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राथमिक की दर्ज की गई है। आदित्य का मोबाइल बंद पाए जाने से कुछ परेशानी है। लेकिन इलाके में लगे सभी सीसीटीवी के वीडियो से उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस जल्द ही समाधान निकालने की बात कह रही है।

महिला नियोजित शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री के आवास का किया घेराव, सक्षमता परीक्षा और ट्रांसफर का विरोध

पटना, एजेंसी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा का विरोध करने से मना किया था। राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए आयोजित होने वाले सक्षमता परीक्षा का विरोध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश भी दिया था। उन्होंने कहा था कि सक्षमता परीक्षा का विरोध करने वाले शिक्षकों के खिलाफ न सिर्फ मुकदमा दर्ज होगा बल्कि उनकी नौकरी भी जायेगी। इसके बावजूद नियोजित शिक्षक आज शिक्षा मंत्री विजय चौधरी के आवास पर पहुंच गये। जहां भारी संख्या में मौजूद नियोजित शिक्षकों ने इस फरमान का विरोध किया। बिहार के शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास का नियोजित शिक्षकों ने घेराव कर दिया। सक्षमता परीक्षा और ट्रांसफर का विरोध जताते हुए नियोजित शिक्षक शिक्षा मंत्री से मिलने पहुंचे थे। शिक्षकों का कहना है कि सरकार सक्षमता परीक्षा ऑनलाइन लेगी और तीन बार परीक्षा फेल होने पर शिक्षकों को हटा दिया जाएगा। लगातार तीन बार सक्षमता परीक्षा फेल करने पर नौकरी चली जाएगी।

हमलोग 14 साल से काम कर रहे हैं अब ट्रांसफर किया जा रहा है। परिवार और बच्चों को छोड़कर दूसरी जगह जाना नहीं चाहती। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें जलील किया जा रहा है। कभी ट्रांसफर की बात की जाती है तो कभी नौकरी से निकाल देने की बात की जा रही है। तीन परीक्षा लेकर सरकार क्या साबित करना चाहती है। यदि हम नहीं सफल हो पाते हैं तो भारी बेइज्जती होगी। 15 साल नौकरी करने के बाद अब परीक्षा देने की बात कही जा रही है। यह परीक्षा हमारे सम्मान पर सबसे बड़ा प्रहार है। साथ में ट्रांसफर के लिए तीन ऑप्शन मांगा जा रहा है। हम अपने परिवार को छोड़कर कहां जाएं। इस तरह का कदम उठाकर सरकार शिक्षकों को प्रताड़ित करने का काम कर रही है।

बारूद के ढेर पर छाता बाजार पटाखा मंडी

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। मध्य प्रदेश की पटाखा फैक्टरी में भीषण आग लगने से 11 की मौत और 174 से ज्यादा लोगों के घायल होने की घटना के बाद शहर में भी चिंता बढ़ गई है, क्योंकि यहां हादसों से सबक नहीं लिया जा रहा है। शहर के बीचोंबीच अति व्यस्त इलाका छाता बाजार की पटाखा मंडी बारूद के ढेर पर है। यहां अवैध ढंग से 26 थोक और खुदरा पटाखा दुकानें चल रही हैं। गोदाम में बड़े पैमाने पर पटाखा स्टोर कर रखे गए हैं। शॉट सर्किट या आग की एक चिंगारी ही यहां काफी है। इसके बाद स्थिति को संभाल पाना मुश्किल होगा। छाता बाजार पटाखा मंडी में हर वर्ष दीपावली व छठ से लेकर विवाह के सीजन में पांच करोड़ रुपए के पटाखे का कारोबार होता है।

परीक्षा समाप्त होने पर छात्रों ने डीजे पर किया डांस:आधे घंटे तक सड़क रहा जाम

कटिहार, एजेंसी। कटिहार में इंटरमीडिएट की परीक्षा बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। वहीं बुधवार को विज्ञान और वाणिज्य संकाय के लिए पहली पाली में हिंदी की परीक्षा और दूसरी पाली में कला संकाय के लिए इतिहास और विज्ञान संकाय के लिए कृषि सब्जेक्ट की परीक्षा आयोजित हुई। वहीं परीक्षा समाप्त होने पर छात्रों ने भोजपुरी गीत की पर जमकर ठुमके लगाए। छात्रों ने कहा कि परीक्षा बेहद अच्छा रहा, जिसकी खुशी में हमलोग सड़क पर डांस कर रहे हैं। हजारों की संख्या में छात्रों के जुटने पर शहर में सड़कों पर जाम लग गया। बताया जा रहा है कि सभी द्वितीय पाली की परीक्षा समाप्त होते ही मिर्चाई बारी हरिशंकर नायक परीक्षा केंद्र से बाहर निकले थे। दरअसल जैसे ही परीक्षा समाप्त हुई परीक्षा केंद्र के बाहर कटिहार गेडा बाड़ी मुख्य मार्ग पर डीजे बज रहा था। फिर छात्र क्रेश्चन पेपर लेकर भोजपुरी गीत पर डांस करने लगे।

19713 परीक्षार्थी हुए थे शामिल : बुधवार को दोनों पालियों में मिलाकर 20 हजार 229 परीक्षार्थीयों में से 19 हजार 713 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। दोनों पालियों से 489 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 6 हजार 595 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। इसमें से 6 हजार 386 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। वहीं 182 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 13 हजार 634 में से 13 हजार 327 परीक्षार्थी पहुंचे और 307 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं 8 फरवरी गुरुवार को पहली पाली में विज्ञान, कला, वाणिज्य और वोकेशनल के लिए अनिवार्य विषय और दूसरी पाली में कला संकाय के लिए मनोविज्ञान, वाणिज्य संकाय के लिए उधमिता की परीक्षा आयोजित होगी।

5 साल से एक आदमी का 84 हजार दबाए बैठी है पुलिस, कोर्ट का आदेश भी फेल,थानेदार को शो कॉज

मुजफ्फरपुर , एजेंसी। बिहार की मुजफ्फरपुर पुलिस का एक हैरतअंगेज कारनामा सामने आया है। एक शख्स के 84 हजार रुपये पुलिस दबाकर बैठी है। इस मामले में कोर्ट का आदेश भी फेल हो गया है। शराबबंदी वाले बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के बैरिया गोलंबर पर कबाड़ दुकान में शराब ज मामले में गिरफ्तार आरोपितों से जब्त हुए 84 हजार रुपये थाना से गायब हैं। विशेष उत्पाद न्यायालय ने जब्त रुपये जमानत पर छूटे आरोपित मनोज कुमार और नीतीश कुमार को लौटाने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश की प्रति लेकर दोनों आरोपित एक साल से थाने का चक्कर काट रहे हैं। आज कल करके ब्रह्मपुरा थानेदार दोनों को दौड़ाते रहे। इस मामले में ब्रह्मपुरा पुलिस का कहना है कि 2019 का मामला है। उस समय जब्त हुए रुपये मालखाना में जमा नहीं है। इसलिए रुपये वापस नहीं किए जा सकते हैं। रुपये नहीं मिलने पर मनोज और नीतीश ने कोर्ट में फिर से अर्जी दाखिल की है। जिस पर सुनवाई करते हुए विशेष उत्पाद कोर्ट ने ब्रह्मपुरा थानेदार से शो-कॉज किया है। ब्रह्मपुरा के तत्कालीन थानेदार विश्वनाथ राम और क्यूआरटी ने संयुक्त रूप से एक जुलाई 2019 को बैरिया गोलंबर के निकट व्यवसायी नीतीश कुमार की कबाड़ दुकान पर छापेमारी की थी। यहां से भारी मात्रा में शराब की खाली बोतल, रैपर, कॉर्क आदि आपत्तिजनक सामान जब्त किया गया था। पुलिस ने कबाड़ दुकान की आर में अवैध रूप से शराब निर्माण करने का आरोप लगाते हुए कबाड़ व्यवसायी नीतीश कुमार समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। इसमें पुलिस ने नीतीश कुमार के पास से 48 हजार और सरैया के मनोज कुमार के पास से 35 हजार रुपये जब्त किए थे। इसकी जब्ती सूची भी बनाई गई थी और इसका जिक्र तत्कालीन थानेदार ने एफआईआर में भी किया। गिरफ्तार किए गए आरोपित नीतीश और मनोज को जमानत पर मुक्त किया गया था। इसके बाद दोनों ने थाने में जब्त रुपये की वापसी के लिए कोर्ट में अर्जी दी। जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने रुपये लौटाने का आदेश 14 फरवरी 2023 को दिया था। दोनों वादियों ने कोर्ट में फिर से अर्जी देकर दावा किया है कि कई बार थाने पर कोर्ट के आदेश की कॉपी लेकर गए, लेकिन पुलिस रुपये नहीं लौटा रही है।

बाइक चोरी के आरोप में युवक की पिटाई, पुलिस ने मॉब के बीच से निकालकर बचाई जान

पूर्णिया, एजेंसी। पूर्णिया के लाइन बाजार में भीड़ ने बाइक चोरी के आरोप में एक युवक की पिटाई कर दी। आक्रोशित भीड़ उसे अधमरा होने तक लात -घुसों से बीच सड़क पर पिटती रही। वहीं पास में खड़े किसी शख्स ने फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह युवक को भीड़ के बीच से निकाला। इसके बाद उसकी जान बच सकी। वहीं भीड़ की पिटाई में घायल युवक की नाजुक हालत को देखते हुए पुलिस उसे जीएमसीएच पूर्णिया में एडमिट कराया है, जहां उसकी हालत काफी नाजुक बनी हुई है। घटना के. हाट थाना क्षेत्र के लाइन बाजार चौक से लगे केनरा बैंक के समीप की है। घायल युवक ने अपने ऊपर लगे बाइक चोरी की आरोपों को बेबुनियाद बताया है। युवक की पहचान जलालगढ़ निवासी सुरेंद्र सिंह के बेटे मिट्ठू कुमार (22) के रूप में हुई है। भीड़ जुटने के कारण ट्रैफिक जाम घटना की जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लाइन बाजार चौक से लगे केनरा बैंक के समीप एक एमआर अपनी बाइक खड़ी कर डॉक्टर के क्लीनिक में विजिट पर गया था। वापस बाइक के समीप लौटने पर युवक ने तेज आवाज में शोर मचाना शुरू किया। पूछने पर एमआर ने बताया कि यह युवक उसकी बाइक के पास खड़े होकर उसकी बाइक चोरी कर रहा था। उसने इसे बाइक चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा है। इतने में ही युवक पर स्क्रके हाथ उठाते ही पास खड़ी भीड़ ने भी उसे पीटना शुरू कर दिया। घटनाक्रम के दौरान लाइन बाजार रोड में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इसके चलते सड़क पर ट्रैफिक की समस्या पैदा हो गई और सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

वहीं पास में ही खड़े शख्स ने कॉल कर के. हाट थाने की पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर डायल 112 की दो गाड़ी और के हाट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद किसी तरह आक्रोशित मॉब के बीच से युवक को बाहर निकाला जा सका और फिर युवक की जान बच सकी। वहीं घायल युवक की नाजुक स्थिति को देखते हुए पुलिस ने उसे जीएमसीएच पूर्णिया में एडमिट कराया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने कॉल कर युवक के परिजनों को घटना की सूचना दी है और जीएमसीएच पूर्णिया बुलाया है। वहीं बाइक चोरी के आरोप में मॉब की पिटाई में घायल युवक ने बताया है कि वो कोई बाइक चोरी नहीं कर रहा था। युवक ने उसे कॉल कर अपने बाइक के पास बुलाया था। उसने साजिश के तहत उसे बाइक चोरी के आरोप में पिटवाया और फिर मौके से फरार हो गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने कहा कि अगर युवक बाइक चोरी कर रह था। तो फिर जिसकी बाइक थी वो युवक मौके से क्यों भाग निकला। उसने पुलिस में उसकी कोई शिकायत क्यों नहीं की।

संक्षिप्त समाचार

डोर- टू- डोर कचरा उठाव के लिए रिक्शे को झंडी दिखा किया रवाना

मानपुर। प्रखंड के उसरी पंचायत अंतर्गत सोंगरा वार्ड नम्बर 5 व 6 में लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत कचरा निस्तारण केंद्र का उद्घाटन बीडीओ पूजा गहलौत व मुखिया संगीता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। साथ ही डोर टू डोर कचरा उठाव के लिए रिक्शा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर कम्युनिस्ट नेता जगनारायण प्रसाद ने कहा कि स्वच्छ भारत महात्मा गांधी और लोहिया जी का सपना था। वही नगर निगम के वार्ड 47प्रतिनिधि ने लोगो को मिलने वाले दो बाल्टी के इस्तेमाल की जानकारी देते हुए कहा कि एक सूखा कचरा और दूसरा डब्बा गिला कचरा के लिए है। जिसे प्रतिदिन घर घर से जमा कर कचरा निस्तारण केंद्र में जमा किया जाएगा। जहां उन कचरों से उर्वरक तैयार किया जाएगा। मौके पर निवर्तमान बीडीओ मृत्युंजय कुमार, जिला परिषद सदस्य कुंदन चौधरी, शादीपुर मुखिया देवेंद्र कुमार उर्फ हैप्पी सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

मेंटेनेंस को लेकर बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

मानपुर। बोधगया से निकलने वाली 33 केवीए में मेंटेनेंस को लेकर मानपुर सब डिविजन के दो फीडर की विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। वहीं एक फीडर में आंशिक रूप से रोटेशन के आधार पर बिजली की सप्लाई की जाएगी। कनीय विद्युत अभियन्ता अमित कुमार ने ये जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बोधगया से मानपुर आने वाली एक फीडर में ट्री कटिंग होनी है। जिसके कारण गुरुवार 11 बजे से दो बजे तक अमरा और भुसंडा फीडर पूर्ण रूप से बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि पहाड़ तल्ली फीडर को रोटेशन के आधार पर मेंटेनेंस के कारण पटवा टोली, जनकपुर, सिद्दार्थपुरी कॉलोनी, लक्खीबाग, भुसंडा की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

छेड़खानी के मामले में अभियुक्त दोषी करार, सजा 15 को

गया। नाबालिग से छेड़खानी के एक मामले में बुधवार को अदालत ने एक अभियुक्त को दोषी करार दिया । पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश असिताभ कुमार की अदालत ने अभियुक्त विकास कुमार उर्फ विकास यादव को धारा 341भादवि व 8 पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी करार दिया तथा उसे केंद्रीय कारागार भेजने का आदेश दिया । कोर्ट ने अभियुक्त की सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि निर्धारित की है । इस मामले में अभियोजन पक्ष से पॉक्सो के विशेष लोक अभियोजक कैसर सरफुद्दीन व कमलेश कुमार सिन्हा ने बहस किया । मामले में नाबालिग पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज करवाई थी । उन्होंने प्राथमिकी में कहा था कि 11 मार्च 2020 को जब वह दूध लाने गई थी । वापस लौटने के दौरान उसके साथ अभियुक्त ने छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया था ।

शिक्षक को योगदान करा अपडेट करना भूले एचएम

गया। गया जिले के एक हेडमास्टर बीपीएससी से चयनित शिक्षक को योगदान कराकर उसका अपडेट विभागीय सॉफ्टवेयर पर नहीं किया। जिसके चलते विभाग के अधिकारियों के समक्ष असहज स्थिति उत्पन्न हो गई है। गया मामला इमामगंज प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय खड़ाओ का है। जिला शिक्षा पदाधिकारी राजदेव राम ने संबंधित प्रधान शिक्षक को 24 घंटा के अंदर जवाब देने का आदेश दिया है। पांच फरवरी को अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में आया है कि आपके द्वारा इस विद्यालय में नवपदस्थापित विद्यालय अध्यापक, अनुराग कुमार (वर्ग 01 से 05, विषय सामान्य) को 18 नवंबर 2023 को योगदान लेने के बाद उसका ई-योगदान नहीं किया गया। साथ ही चार फरवरी को संबंधित शिक्षक का थम्ब इम्प्रेशन का सत्यापन भी करा दिया गया। इस सन्दर्भ में कार्यालय द्वारा कई बार निर्देश दिए जाने और विभाग द्वारा विज्ञापन के माध्यम से निर्देश के बाद भी प्रधान शिक्षक ने इसका अनुपालन नहीं कर डीईओ के समक्ष असहज स्थिति उत्पन्न कर दी है। इस सन्दर्भ में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, इमामगंज, गया के द्वारा भी बताया गया कि विभागीय निर्देश व कार्यालीय निर्देश से प्रखण्ड के सभी विद्यालय के प्रधान को सूचित किया जाता रहा है। डीईओ ने अपने निर्देश में कहा है कि विद्यालय अध्यापक के योगदान को लंबित रखकर उसके भविष्य से खिलवाड़ किया गया है।

अर्द्धनिर्मित शराब को किया नष्ट, धंधेबाज फरार

परवलपुर। थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने मंगलवार की रात पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के सीता बीघा गांव एवं खरजमा मठ गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर करीब दो सौ लीटर अर्धनिर्मित शराब एवं शराब बनाने के काम में आने वाली कई प्र कार के उपकरण को नष्ट किया। इस दौरान दोनों स्थानों से धंधेबाज मौके से फरार हो गया।

पुलिस पर फायरिंग के आरोपियों ने की गोलीबारी, बच्चे को लगी गोली

करायपरसुराय। करायपरसुराय थाना क्षेत्र के भवानी बिगहा गांव में मंगलवार की रात दो पक्षों के बीच अंधाधुंध फायरिंग की गई। उसी दौरान 6 साल के बच्चे को गोली लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी कमलेश गोप के पुत्र ए.के. जायसवाल को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। गोली कमर के नीचे लगी है। जख्मी की मां अंशु कुमारी ने आठ बदमाशों को आरोपित कर घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद ने बताया कि कुछ दिन पहले वह गांव में छापेमारी करने गए थे। जहां बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए हमला कर दिया था। रात में एक पक्ष के बदमाश ने दूसरे पक्ष पर मुखबिरी का आरोप लगा हमला कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्ष से गोलीबारी की गई। घटना में एक बच्चे जख्मी हो गया। जिसे पटना रेफर कर दिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

डीएम ने आईआईएम बोधगया का किया निरीक्षण, अधिकारियों को ड्रेनेज व सड़क को लेकर दिए निर्देश

बोधगया। आईआईएम बोधगया की स्थापना 31 अगस्त 2015 को हुई है। बोधगया आईआईएम ने कई नई ऊंचाइयों को छुआ है। कोविड-19 के चुनौतियों के बीच कंपनियों ने आईआईएम बोधगया के छात्रों पर भरोसा किया है। यहां के संस्थान में छात्रों का 100 फीसदी प्लेसमेंट हुआ है। आईआईएम बोधगया का कदम लगातार कामयाबी की ओर बढ़ रही है। शोध के लिए अमेरिका के हार्वड बिजनेस स्कूल के साथ टाई-अप है। कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने छात्रों का कैंपस सेलेक्शन कर चुकी है। आईआईएम बोधगया की विशेषता फाइनेंस, मार्केटिंग,



एचआर मैनेजमेंट में है। इसके अलावा यहां ऑपरेशन, इकॉनोमिक्स, पब्लिक पॉलिसी, ऑर्गेनाइजेशन बिहेवियर में भी पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट की पढ़ाई होती है। बोधगया संस्थान में प्रबंधन कौशल के लिए कई एजुकेशन प्रोग्राम द्वारा प्रशिक्षण देने की सुविधा है। वहीं पीएचडी के लिए इकोनॉमिक्स, फाइनेंस, मार्केटिंग, ऑपरेशन्स, आईटी क्षेत्रों में छात्रों को जगह दी गई है। इंटर के बाद आईपीएम कोर्स भी चल रहा है। निरीक्षण में डायरेक्टर आईआईएम, आईआईएम के वरीय पदाधिकारी, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता राजस्व, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बोधगया, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बोधगया, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। एमयू ने दी 118.82 एकड़ भूमि बता दें कि आईआईएम को एमयू ने 118.82 एकड़ भूमि स्थानान्तरित किया है। इसमें 71 एकड़ मगध विश्वविद्यालय परिसर के अंदर और शेष 47 एकड़ विश्वविद्यालय परिसर के बाहर है। इसमें मुख्य रूप से 4 मौजा यथा मोचरिम, बोधगया, रामपुर एव तुरीखुर्द मौजा शामिल है। सीपीडब्लूडी करवा रहा निर्माण आईआईएम बोधगया 412 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य सीपीडब्लूडी (सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्मेंट) द्वारा करवाया जा रहा है। मार्च-अप्रैल 2024 तक हैंड ओवर होने की संभावना है।

जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की कुर्सी खाली

अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पड़े 19 मत, विपक्ष पड़े 2 मत

बहुमत के आधार पर प्रस्ताव पारित

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिला के जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के विरुद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जिलाधिकारी द्वारा विशेष बैठक के आयोजन हेतु 8 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई थी। गुरुवार को हरदेव भवन सभागार में पूर्व से निर्धारित समय पर जिला परिषद की विशेष बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं 19 अन्य सदस्य उपस्थित हुये। सभी उपस्थित सदस्यों की उपस्थिति पंजी में दर्ज की गई।बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी द्वारा अविश्वास प्रस्ताव में लगाये गये आरोपों को पढ़कर सदस्यों को सुनाया गया। इसके उपरांत पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों द्वारा इन आरोपों को लेकर आपस में चर्चा की गई। चर्चा समाप्त होने के उपरांत मत विभाजन की प्रक्रिया अपनाई गई।

सभी सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी गईः इससे पूर्व मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद नालंदा द्वारा मत विभाजन की प्रक्रिया एवं बैलट पेपर के बारे में सभी सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी गई। पहले अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को लेकर मत विभाजन किया गया। उसके बाद उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को लेकर मत विभाजन किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों को एक एक कर नाम लेकर पुकारा गया तथा उन्हें मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित बैलेट पेपर उपलब्ध कराया गया। मतदान के उपरांत मतों की गणना की गई। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 19 मत पड़े तथा अविश्वास प्रस्ताव के विपक्ष में 2 मत पड़े। इस प्रकार बहुमत के आधार पर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित करते हुये अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का पद रिक्त घोषित किया गया।

कनकनी के साथ और गिरेगा तापमान

देर तक ठंड की वजह से आम के पेड़ों में कम लगी है मंजर, रविवार से बदलेगा मौसम

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में 16 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वह रही पछुआ हवा ने कनकनी बढ़ा दी है। गुरुवार को जहां मैक्सिमम तापमान 20 डिग्री तो वहीं मिनिमम तापमान 13 डिग्री रहने का अनुमान जताया जा रहा है। हालांकि इस बीच धूप ने थोड़ी राहत जरूर दी है। लेकिन सुबह शाम कनकनी प्रभाव है। शुक्रवार को जहां अधिकतम तापमान 18 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रहने का अनुमान है। यह सिलसिला लगभग रविवार तक चलेगा। इसके बाद सोमवार से मिनिमम और मैक्सिमम तापमान में बढ़ोतरी देखी जा सकती है। वहीं 14 और 15 फरवरी को बारिश का अनुमान जताया जा रहा है।

देर से पड़ी ठंड से आम के बगानी पर असरः ठंड का असर इस बार आम के बगानों पर भी देखा जा रहा है। तापमान अनुकूल न रहने के कारण पेड़ों में मंजर आने की रफ्तार काफी कम है। महज 10% पेड़ों में ही अब तक मंजर लग सके हैं। हालांकि राहत यह है कि अब धूप निकलने लगी है और तापमान भी चढ़ा है। मंजर निकलने के लिए मौसम धीरे-धीरे अनुकूल हो रहा है। जिला उद्यान प्राधिकारी राकेश कुमार गौरव ने बताया कि आम के पेड़ में जितना मंजर लगता है उसमें से एक से डेढ़ फीसद फूल ही फल बन पाते हैं जनवरी से जून तक आम की खेती का मुख्य सीजन होता है। 23 से 26 डिग्री सेल्शियस तापमान आम के फसल के लिए अच्छा माना गया है। इस बार देर तक ठंड का प्रकोप रहने के कारण बागानों में समय के अनुसार मंजर कम लगे पाए हैं।

सड़क हादसे में महिला की मौत

शादी का सामान खरीदकर पति के साथ लौट रही थी घर, सड़क पर उड़ती धूल से बाइक हुई अनियंत्रित

निज संवाददाता। गया

गया जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के मेरोखाप के समीप सड़क दुर्घटना में महिला की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के माड़र गांव के राजू शर्मा अपनी पत्नी, बहन और 3 वर्षीय भांजे को लेकर बाराचट्टी से बाइक से घर जा रहे थे। तभी डंगरा की तरफ से आ रहे पिकअप की चपेट में आने से राजू शर्मा की पत्नी कुंती देवी उम्र 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य बाइक सवार घायल हैं।

पानी का छिड़काव सड़क पर नहीं होताः घायल राजू शर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य की वजह से काफी धूल उड़ती है। धूल आंख में पड़ने की वजह से दिखने में थोड़ी परेशानी हुई तो सामने से आ रहे पिकअप की चपेट में आ गए। वहीं दीपू कुमार जो डंगरा लोदिया के निवासी हैं, उन्होंने बताया कि सड़क बनाने के कार्य में संवेदक और मुंशी ने लापरवाही बरती है। पानी के छिड़काव नहीं होने से यह घटना हुई है। गाड़ी की आवाजाही में सड़क पर धूल बहुत ज्यादा उड़ने के कारण गाड़ी दिखाई नहीं दी और संतुलन खो बैठा। मृतका के परिजनों ने बताया कि महिला के देवर का गुरुवार को तिलक आना है और इसी को लेकर सामन खरीदने राजू अपने पत्नी और बहन में साथ बाराचट्टी गया था। सामान खरीदकर वापस घर जा रहा था।

भारतीय खाद्य निगम किसानों से सीधे खरीदेगा गेहूं, 2275 है समर्थन मूल्य

5 जिलों में खोल रहा 11 क्रय केंद्र, 15 मार्च से 15 जून तक चलेगा काम

निज संवाददाता। गया

किसानों के लिए अच्छी खबर। अब धरती पुत्र की फसल का उचित मूल्य मिल सकेगा। वह भी 48 घंटक के भीतर। अब बिचौलिए की नहीं चलेगी। भारतीय खाद्य निगम किसानों से सीधे तौर पर कनक (गेहूं) खरीदेगा। किसानों के गेहूं खरीदने के लिए वह खुद आगे आया है। वह मगध के 5 जिलों में 11 खरीद केंद्र खोलने जा रहा है। जहां किसान सीधे तौर पर निगम को गेहूं बेच सकेंगे। वह भी सरकारी समर्थन मूल्य पर। भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय इस काम को मगध के 5 जिलों में करने जा रहा है। इस बात की जानकारी मंडल प्रबंधक जनार्दन

पासवान ने दी है। कहा की गेहूं खरीद के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए किसान सभाओं का भी आयोजन कियाया जाएगा। भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय गया के अधीन पांच राजस्व जिले आते हैं।प्रबंधक जनार्दन पासवान ने बताया कि गेहूं खरीद का काम 15 मार्च से 15 जून तक किया जाएगा।

वर्ष 2024 -25 में गेहूं खरीद के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए लगातार किसान सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

पिछले वर्ष की तुलना में 150 रुपए अधिकः उन्होंने यह भी बताया कि अभी गया जिले के मानपुर प्रखंड, वजीरगंज प्रखंड एवं शहर के कटारी हिल रोड स्थित क्रय केंद्र खोला गया है और आगे भी इसका विस्तार किया जाएगा। उन्होंने किसानों बताया कि गेहूं की खरीद प्रति क्विंटल 2275 रुपए निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पिछले वर्ष की तुलना में 150 रुपए अधिक है। खास बात यह भी किसानों द्वारा बेचे गए गेहूं के भुगतान से सम्बंधित रकम 48 घण्टे के अंदर उनके खाते में होगी। मंडल प्रबंधक ने मंडल के सभी किसानों से अपील की है कि गेहूं की बिक्री बिचौलियों के माध्यम से न करें क्योंकि बिचौलियों के माध्यम से कम मूल्य पर गेहूं खरीदे जाते है। उन्होंने बताया कि वह अपना रजिस्ट्रेशन कृषि विभाग के डीबीटी पोर्टल पर जाकर गेहूं बेचने के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह अनिवार्य है।

---

5 उपसमाहर्ता को मिला अतिरिक्त प्रभार

निज संवाददाता। नालंदा

राज्य सरकार के उप सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश पर बिहार प्रशासनिक सेवा के अंतर्गत नालन्दा जिला में पदस्थापित अधिकारियों का स्थानांतरण दूसरे जिले में 30 जनवरी को हो चुका है।ऐसे में कई विभागों के कार्यों में परेशानी खड़ी हो रही थी। स्थानांतरित हुए अधिकारियों के कार्य का जिम्मा जिले के पदाधिकारियों को दिया गया है। वरीय उपसमाहर्ता नालंदा, प्रणव कुमार को सैनिक कल्याण कोषांग आवंटित किया गया है। भूमि सुधार उपसमाहर्ता बिहार शरीफ राज ऐश्वर्या श्री को जिला राजस्व शाखा नालंदा और अनुमंडलीय लोक सेवा निवारण कार्यालय बिहार शरीफ का कार्यभार मिला है।वरीय उपसमाहर्ता नालंदा, कृष्ण कुमार उपाध्याय को जिला पंचायत शाखा, जिला गोपनीय शाखा, कौशल विकास और रोजगार सृजन कोषांग आवंटित किया गया है। वरीय उपसमाहर्ता नालंदा, सुनिधि को जिला अभिलेखागार, जिला नीलाम पत्र शाखा, जिला उर्दू और हज कोषांग, जिला बैंकिंग शाखा आवंटित किया गया है। वरीय उपसमाहर्ता नालंदा, विवेक चन्द्र पटेल को जिला स्थापना शाखा, लोक सूचना कोषांग, जिला निबंधन और परामर्श केंद्र नालंदा आवंटित किया गया है। जिला अधिकारी शशांक शुभंकर ने अगले आदेश तक सभी अधिकारियों को आवंटित विभाग के कार्य को संपादन करने का निर्देश दिया है।

पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन का 'दस्तक' अभियान के तहत सेनिटरी पैड का वितरण

हाजीपुर। केन्द्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नई दिल्ली की 'दस्तक' योजना के तहत पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने अध्यक्षा रेखा खंडेलवाल के नेतृत्व में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। गुरूवार को सब्जीबाग एवं यादव कॉलोनी/दीघा, पटना में रहने वाली कमजोर वर्ग की महिलाओं एवं लड़कियों के बीच सेनिटरी पैड का वितरण किया गया। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा रेखा खंडेलवाल द्वारा महिलाओं को सेनिटरी पैड के उपयोग एवं स्वच्छता की महत्ता के बारे में जरूरी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर संगठन की सचिव एवं कार्यकारिणी की सदस्याएं उपस्थित थीं। ज्ञातव्य हो कि केन्द्रीय

महिला कल्याण संगठन, रेलवे बोर्ड द्वारा कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए पर्यावरण के अनुकूल कम मूल्य के सैनेटरी पैड के वितरण हेतु लाभ-हानि रहित मूल्य पर सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने के उदेष्य से 'दस्तक' योजना बनायी गयी है, जो कि काफी लोकप्रिय है।

काव्य प्रस्तुतियों के जरिये आईटीसी (ITC) सनराइज़ मसाले ने दिखाया 'स्वाद बिहार का'

बिहार के 14 स्पोकन-वर्ड आर्टिस्ट के साथ मिलकर राज्य की साहित्यिक विरासत और गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रदर्शन किया

गया। आईटीसी लि. के सनराइज़ मसाले ने अपना 'स्वाद बिहार का' कैंपेन को आगे बढ़ाते हुए बिहार के 14 स्पोकन-वर्ड आर्टिस्ट से हाथ मिलाने की घोषणा की है। इस पहल के जरिये, आईटीसी सनराइज़ मसाले द्वारा राज्य की समृद्ध साहित्यिक विरासत का उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए 14 आकर्षक विडियो रिलीज़ किए जाएंगे, जिनमें बिहारी साहित्य के खजाने की झलक देखने मिलेगी। इस पहल से जुड़े स्वास्तिका राजपूत और अंशुमान सिंह जैसे कलाकार स्पोकन-वर्ड पोएट्री के जरिये अपना गहरा भावनात्मक जुड़ाव व्यक्त करते हैं, वहीं प्रियेश सिंह हास्य के माध्यम से क्षेत्रवाद से रूढ़ीवादी मान्यताओं की असलियत बताते हैं। साहिल कुमार बेहतरीन कविताओं के जरिये अपनी कला के सफर का श्रेय बिहार की सांस्कृतिक जड़ों को देते हैं। यह वीडियो सीरीज़ एक ऐसी मिसाल है, जो यह दिखाती है कि 'स्वाद बिहार का' कैंपेन ने स्थानीय कलाकारों को एक मंच प्रदान किया है। इस मंच के जरिये यह कलाकार बिहार से अपने निजी जुड़ाव के बारे में बताते हैं, अपनी मधुर यादों को ताज़ा करते हुए, अपने गृह जिलों के अनुभव साझा करते हैं। इस पहल के बारे में बात करते हुए, श्री पियूष मिश्रा, बिजनेस हेड, सनराइज़ मसाले ने कहा, "बिहार अपनी समृद्ध संस्कृति एवं विरासत के लिए मशहूर है। 'स्वाद बिहार का' कैंपेन बिहार की मूल संस्कृति धरोहर का उत्सव है, यह एक ऐसा सफर है जो प्रत्येक बिहारी की आत्मा से जुड़ता है। यहां के प्रतिभाशाली स्पोकन वर्ड आर्टिस्ट्स के साथ हमारी नई साझेदारी बिहार की समृद्ध विरासत

का सम्मान करती है और हमारा कैंपेन स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस मंच के जरिये यह कलाकार अपने गृह राज्य के साथ दिल से जुड़े रिश्ते को भी दर्शाएंगे। इस सीरीज़ के चार वीडियो सनराइज़ मसाले के YouTube, Facebook और Instagram प्लेटफॉर्म पर लाइव हो चुके हैं। सनराइज़ मसाले ने पिछले वर्ष 'स्वाद बिहार का' कैंपेन लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य इस राज्य के साथ एक मज़बूत सांस्कृतिक जुड़ाव स्थापित करना और उपभोक्ताओं को स्थानीय स्वाद की खूबियों वाले प्रोडक्ट पेश करना है। सनराइज़ मसाले के नए पैक्स पर स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई गई मधुबनी चित्रकारी देखने मिलेगी। यह कला बिहार के मधुबनी जिले के नाम से जानी जाती है। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को खुश करने के लिए सनराइज़ ने छठ पूजा के दौरान एक आकर्षक म्यूज़िक वीडियो भी रिलीज़ किया था, जिसके गीत शुभ्रा मिश्रा, निशिता झा, सलोनी भारद्वाज और श्रुति ने गाए हैं। इस म्यूज़िक वीडियो का उद्देश्य छठ महापर्व के दौरान घर वापसी की खुशियां मनाना था। इस वीडियो ने दर्शकों के दिलों को छू लिया और इसे 20 लाख से अधिक बार देखा गया है। इन प्रयासों के माध्यम से सनराइज़ का लक्ष्य बिहार की संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु एक मंच प्रदान करना है।

---

9 फरवरी से बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन का 50वां वार्षिक कांफ्रेंस

पांच सौ से ज्यादा हड्डी रोग विशेषज्ञ होंगे शामिल

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन का 50वां वार्षिक त्रिदिवसीय कांफ्रेंस बोआकॉन-2024 का आयोजन नालन्दा जिले के अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर के कन्वेंशन सेंटर में 9 फरवरी से होगा। जिसकी तैयारी की जा रही है। इस कॉन्फ्रेंस में देश और राज्य के पांच सौ से ज्यादा ऑर्थोपेडिक सर्जन जुटेंगे। एक बार फिर बिहार में हड्डी रोग विशेषज्ञों का जमावड़ा होने जा रहा है। कांफ्रेंस के पहले दिन चार विषयों पर वर्कशॉप आयोजित होंगे। जहां नवाचार और आधुनिक अनुभवों को डॉक्टर साझा करेंगे। इस बार वार्षिक कांफ्रेंस की जिम्मेदारी नालंदा ऑर्थोपेडिक क्लब को दी गई है।

कांफ्रेंस का थीम 'टिप्स, ट्रिक्स और इनोवेशन'ः कांफ्रेंस के आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार सिन्हा और सचिव डॉ. अरूण कुमार ने बताया कि इस कांफ्रेंस का थीम 'टिप्स, ट्रिक्स और इनोवेशन' है। पहले दिन 9 फरवरी को वर्कशॉप होंगे जिसमें चार तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। इसमें स्पाइन, क्लब फूट,

एफएनएस और सुपरा पैटलर नेलिंग पर चर्चा होगी और केस प्रजेंट किए जाएंगे। अगले दिन 10 फरवरी की शाम 6 बजे कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन होगा।

मुख्य अतिथि इंदौर के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. डीके तनेजा होंगेः कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदौर के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. डीके तनेजा होंगे। ये इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे हैं। विशिष्ठ अतिथि आईएमए बिहार चेप्टर के अध्यक्ष डॉ. श्याम नारायण प्रसाद होंगे। डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि देश और विदेश के विभिन्न हिस्सों से डेलीगेट्स आ रहे हैं जिसमें डॉ. अभय नैने, डॉ. राम चड्ढा, डॉ. एम वर्गीज, डॉ, मैथ्यू वर्गीज, डॉ. बॉबी जॉन, हिन्दुजा हॉस्पिटल के डॉ. विकास अगासे आदि शामिल हैं। बिहार के लगभग सभी ऑर्थोपेडिक डॉक्टर इसमें शामिल होंगे।

अनुभव और ज्ञान साझा किया जाएगाः डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि ऑर्गेनाइजिंग कमेटी में बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रंजीत कुमार सिंह, सचिव डॉ. महेश प्रसाद, डॉ. चंद्रेश्वर प्रसाद, डॉ. कुमार अमरदीप नारायण, डॉ. अभिषेक, डॉ. राहुल आदि शामिल हैं। डॉ. अरूण कुमार ने कहा कि जिन लोगों ने बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन को 50 वर्षों तक सींचा है उनको धन्यवाद। आज यह ब्रांच आईएमए का मजबूत ब्रांच बन चुका है। ऑर्थोपेडिक के क्षेत्र में जितने भी कार्य आते हैं उसके बारे यहां अनुभव और ज्ञान साझा किया जाएगा। यह एसोसिएशन नए ऑर्थोपेडिक सर्जन के लिए पाठशाला का काम रहा है। कांफ्रेंस में सीख लेकर मरीजों का बेहतर ट्रीटमेंट किया जा सकेगा।

संक्षिप्त समाचार

दुष्कर्म पीड़िता के घर में डर से ताला बंद, आज गांव जाएगा शिष्टमंडल

आरा। चर्चित गैंगरेप की घटना के बाद 2 फरवरी से पीड़ित एनडीए गठबंधन के नेता का परिवार डर के कारण गांव से बाहर रह रहा है। कई दिनों से घर में ताला बंद है। बाहर मवेशी रहते हैं। जिन्हें गांव का कोई- कोई व्यक्ति आकर चारा दे जाता है। मवेशियों को भूखा रहना पड़ता है। यह बातें राष्ट्रीय कुंवर सेना सह बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य निर्मल सिंह शुक्रवार और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के के प्रदेश उपाध्यक्ष बरमेश्वर सिंह बेहरा ने बताया। इन्होंने कहा कि मंगलवार को संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित एनडीए परिवार के गांव पर जाएगा। बुधवार को पीड़ित परिवार से आरा में मुलाकात की गई। इस दौरान सरकार से कांड की निष्पक्ष जांच, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी व स्पीडी ट्रायल करने की मांग की गई। ठाकुर संजय सिंह, प्रशांत सिंह, ठाकुर राज किशोर सिंह, कन्हैया सिंह महाप्रभु और अन्य थे।

संघर्ष मोर्चा ने लालू व तेजस्वी का किया पुतला दहन

आरा। अति पिछड़ा आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा ने राम बली सिंह चंद्रवंशी के सदस्यता जाने के प्रतिशोध में लालू यादव व तेजस्वी यादव का पुतला दहन शिवगंज मोड़ पर किया। अध्यक्षता कृष्ण कुमार नंद ने की। कृष्णा कुमार नंद ने कहा कि तेली, दांगी, बनिया को सम्मिलित किय जा रहा है और राम बली सिंह चंद्रवंशी की सदस्यता28 फरवरी को विधान सभा का घेराव होगा। जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्रवंशी ने कहा कि पुरे बिहार में पुतला दहन किया जा रहा है। अगर सदस्यता वापस नही हुआ तो आगामी लोक सभा चुनाव में अति पिछड़ा समाज राजद का बहिष्कार करेगा। संजय चंद्रवंशी ने कहा की 110 जाति की हक हमारी अति पिछड़ा समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

बगेन गोला थाने में 78 शस्त्रों का हुआ सत्यापन

ब्रह्मपुर। लोकसभा को देखते हुए पूरे जिले में आर्म्स सत्यापन का काम चल रहा है। उसके अंतर्गत बगेन गोला थाने पर विभिन्न गांवों के शस्त्र धारियों के शस्त्रों का बीडीओ ने सत्यापन किया। उन्होंने बताया कि 126 अनुज्ञप्तिधारियों में से 78 का सत्यापन किया गया है, बाकी को सूचना दे दी गई है। अगले तारीख पर शस्त्रों का सत्यापन किया जाएगा।

चलो गांव की ओर कार्यक्रम में दी गई योजनाओं की जानकारी

ब्रह्मपुर। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को चलो गांव की ओर अभियान के तहत ब्रह्मपुर गांव में बूथ संख्या 284 एवम 286 पर जाकर गांव वालों को मोदी जी के विकास कार्य के बारे में बताया गया। जैसे की किसान सामान्य निधि योजना, आवास योजना, उज्ज्वला गैस योजना के बारे में जानता को बताया गया और उन योजनाओं का लाभ लेने के लिए भाजपा कार्यकर्ता ने सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस कायक्रम के प्रभारी संतोष ओझा सह कार्य प्रभारी बृजेश चौबे ने बताया कि यह योजना जनता के लिए मोदी जी की विकास कार्य को आगे बढ़ाएगा। इसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद तिवारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार पिंटू, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरविंद उपाध्याय, भाजपा के वरिष्ठ नेता डमरू बाबा, अमावस्या पासवान, गजरूदीन मिया, रेशम देवी, रुदल यादव, महेश पाण्डेय सहित आदि ग्रामीण मौजूद थे।

चौसा थर्मल पॉवर का मुख्य गेट फिर जाम, जनवरी का पेमेंट मांग रहे वर्कर

आरोप-कंपनी ने खुद घर भेजा था, फिर बुलाकर काम करा रहे

निज संवाददाता। बक्सर

चौसा में निर्माणाधीन थर्मल पॉवर के मुख्य गेट को वर्कर्स ने एक बार फिर जाम कर दिया है। कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। दो हजार से ऊपर लोग थर्मल पावर के मुख्य गेट के पास जमे हुए हैं। कंपनी द्वारा काम करा कर चार महीने से पेमेंट नही दिए जाने से लोगों में नाराजगी है। साथ ही जनवरी महीने में जितने दिन काम नहीं करने दिया गया, उसका भी भुगतान मांग रहे हैं। गेट जाम की सूचना पर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट, सिक्यूरिटी जवानों के साथ मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंचे हैं। कंपनी के अधिकारी और वर्करों के बीच बात कर मामले को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि मांग पूरा नहीं होने तक काम पर नहीं लौटने की बात कर रहे हैं। इस संबंध में कुशीनगर से पॉवर मैक कंपनी के अंतर्गत कार्य कर रहे वर्कर कामेश्वर साहनी ने कहा कि बोर्ड रेट के हिसाब से पेमेंट हमारी मांग है। साथ ही कंपनी काम करा कर कभी चार महीने तो कभी पांच महीने पर पेमेंट कर रही है। हमें हर महीने पेमेंट चाहिए।

जनवरी में कंपनी ने एक महीने घर बिठायाः कामेश्वर साहनी ने कहा कि दिसंबर महीने के लास्ट में जिस कंपनी में काम करते हैं, उसने कहा कि घर जाओ। किराया भी दिया और कहा कि अभी माहौल ठीक नहीं है। हम रिस्क नहीं ले सकते हैं। कंपनी के कहने पर हमलोग घर चले गए। एक महीने घर पर बिठाए रखा। उसके बाद फिर बुलाकर काम कराया जा रहा है। अब जो एक महीने घर बैठे थे, उसका भी पेमेंट कंपनी करे, नहीं तो हम गेट जाम रखेंगे।

आर्मी जवान का शव पहुंचा गांव, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

निज संवाददाता। गड़हनी

प्रखण्ड के बड़ौरा गांव में बुधवार को सैनिक संतोष कुमार सिंह का शव पहुंचा तो गांव संतोष कुमार अमर रहे के नारा से गूंज उठा। हर कोई अपने सैनिक का एक झलक पा लेने को आतुर था। इस दौरान यहां भारी भीड़ जुटी। पत्नी व पुत्र व परिजनों के चित्कार से पूरा गांव गमगीन हो गया।गया। पत्नी आनन्दी देवी व 20 वर्षीय पुत्र सुमित का भी रो-रोकर बुरा हाल था। सेना के आये जवानों के टीम ने सैनिक की पत्नी को दाह संस्कार को ले 25 हज़ार रुपये नगद दिया। सैनिक का अंतिम दर्शन को ले इतनी भीड़ जुटी की नियंत्रित करना स्थानीय पुलिस को मुश्किल हो गया। दरोगा श्री राम राय मुस्तैद रहे। प्रो दयाशंकर सिंह, अरुण सिंह, राजाराम सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण थे। अचानक तबियत हो गई थी खराब-- स्व० भुनेश्वर सिंह के पुत्र सैनिक संतोष कुमार सिंह आर्मी में 1997 में बतौर जवान के रूप में मेरठ में ज्वाईन कर प्रशिक्षण प्राप्त किया था। वर्तमान में वह आर्मी के आरसीवी डिपार्टमेंट में जेसीओ पद पर तैनात थे। बीते सोमवार को अचानक उनकी तबियत ख़राब हो गई। उन्हे आईसीयू ने भर्ती कराया गया जहां देर रात उनका निधन हो गया। निधन वाली रात करीब नौ बजे अपने परिवार के लोगों से मोबाइल पर बात किए थे। हल्का तबियत खराब होने की बात कही थी। अगले दिन उनकी मौत की खबर पहुंची। आर्मी के विशेष फ्लाइट से संतोष कुमार सिंह का शव पटना लाया गया जहाँ उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दानापुर आर्मी कैंट में सलामी दी गई। दानापुर से बारह सदस्यीय सेना की टीम द्वारा सेना वाहन से शव उनके घर लाया गया। जहां ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि और सैनिकों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

बक्सर। बक्सर के राजपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में तमाम राजनीतिक अटकलबाजियों पर विराम लगाते बुधवार को प्रखंड प्रमुख राधिका देवी और उप प्रमुख मानती देवी के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया है। पंचायत समिति के सदस्यों द्वारा बीते 4 जनवरी को प्रखंड प्रमुख के लिए यह अविश्वास प्रस्ताव दुल्फा पंचायत की बीडीसी मंजू देवी और उप प्रमुख के लिए मटकीपुर पंचायत के बीडीसी मजीदन खातून द्वारा बीडीओ सिद्धार्थ कुमार को आवेदन सौंपा गया है। अविश्वास प्रस्ताव के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा और मतदान के लिए बुधवार को तिथि मुकर्रर की गई थी। इस मौके पर प्रखंड मुख्यालय के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। निर्धारित समय के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए विशेष बैठक शुरू हो गई। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता बारूपुर पंचायत समिति सदस्य अलीशेर ने की। चर्चा में भाग ले रहे सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख राधिका देवी और उपप्रमुख मानती देवी पर पंचायती राज अधिनियम के तहत कार्य नहीं करने और विभिन्न कार्यों में मनमानी करने सहित विभिन्न आरोप लगाते हुए दोनों पर अविश्वास व्यक्त किया और मतदान की मांग की। हालांकि इसका जवाब प्रखंड प्रमुख राधिका देवी द्वारा कुछ नहीं दिया जा सका। क्योंकि इस विशेष चर्चा में प्रखंड प्रमुख राधिका देवी के अलावा उनके पक्ष का कोई उपस्थित नहीं था। बहस के बाद मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। इस मौके पर पंचायत समिति के 26 सदस्यों में से कुल मिलाकर मात्र 16 मेंबर ही उपस्थित रहे। जबकि उप प्रमुख समेत अन्य पंचायत समिति के सदस्य अनुपस्थित रहे। मतों की गिनती के बाद जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख के विरुद्ध 15 मत प्राप्त हुए हैं। जबकि पक्ष में मात्र एक मत पड़े हैं।

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने जगह- जगह किया गर्मजोशी से स्वागत

आरा। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा का भोजपुर जिले में बुधवार को जदयू कार्यकर्ताओं ने जगह- जगह गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वह बुधवार को बिहिया प्रखंड के चकवथ में एफआरपी फैक्टरी का उद्घाटन करने जा रहे थे। इसी क्रम में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष का जदयू कार्यकर्ताओं ने जगह- जगह अंगवस्त्र, बुके, फूलमाला से जोरदार स्वागत किया और गगनभेदी नारे लगाए।बामपाली तीनमुहान के पास (आरा) में जदयू जिला प्रवक्ता शंभु प्रसाद सोनी के नेतृत्व में जदयू प्रदेश अध्यक्ष का बुके और फूलमाला से जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता राजीव रंजन श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष मानोज कुमार उर्फ झमन जी, श्रम व तकनीकी जिलाध्यक्ष कमलेश मिश्रा, छात्र विश्वविद्यालय अध्यक्ष आजाद सिंह, आरा प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह, चरपोखरी प्रखंड अध्यक्ष चिंटू बाबा, सुशील टाइगर, संजय चौधरी व सुमित पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

चुनाव में सॉफ्टवेयर से प्रत्याशियों के खर्चों पर रखी जाएगी नजर

निज संवाददाता। बक्सर

चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने और प्रत्याशियों व उनके समर्थकों पर सख्त निगरानी रखने के लिए चुनाव आयोग ने एक नई तकनीक इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम एप शुरू किया है। आदर्श आचार संहिता के दौरान यदि एफएसटी व एसएसटी टीम की ओर से कैश, शराब, हथियार और ड्रग्स की जब्ती की जाती है तो उसका ऑनलाइन रिकॉर्ड भी रखा जाएगा। आयोग ने इस ऐप को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता पूर्वक चुनाव कराने के लिए तैयार किया है। मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धन-बल और चुनावी प्रलोभनों के इस्तेमाल पर इससे नज़र रखी जा सकती है। सॉफ्टवेयर में हर तरह की जानकारी के लिए कॉलम मौजूद रहेगा। अभी तक उम्मीदवार हार्ड कॉपी के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी को ब्योरा देते थे। इसके साथ ही सभी इनफॉर्समेंट एजेंसी यानि कस्टम, जीएसटी, उत्पाद, बैंक व निर्वाचन विभाग द्वारा भी अवैध सामग्री से संबंधित रिपोर्ट को ईएसएमएस सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाएगा। जिससे कि एक समेकित रिपोर्ट तैयार की जाएगी और उचित कार्रवाई हो सकेगी। निर्वाचन आयोग चुनाव की तारीख तय करते समय कुछ परिस्थितियों को भी ध्यान में रखता है। जैसे- ऐसी तारीख होनी चाहिए कि चुनाव वाले दिन उस एरिया में ज्यादा गर्मी या बारिश न हो जिससे मतदान प्रभावित हो जाए। ऐसी तारीख का चयन किया जाता है जिससे किसी भी राजनीतिक दल को अनुचित लाभ न पहुंचे और चुनाव निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सकें। इसके अलावा निर्वाचन आयोग धार्मिक त्योहार, राष्ट्रीय छुट्टी, खास परीक्षाओं की तारीख, सुरक्षा बलों की उपलब्धता पर भी विचार करता है। पिछले चार आम चुनावों पर नजर डालें, तो चुनाव आयोग ने चुनाव तारीख की की घोषणा और वोटिंग के बीच लगभग 40 से 50 दिनों का अंतर रखा है। 2019 लोकसभा चुनाव लगभग 11 अप्रैल से 19 मई के बीच में हुए थे, लेकिन चुनाव आयोग ने मार्च के शुरुआत में ही तारीखों का ऐलान कर दिया था। इस सॉफ्टवेयर में अवैध खर्च का भी कॉलम रहेगा।

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा

सैरात बन्दोबस्ती सूचना वित्तीय वर्ष 2024—25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024—25 के लिए गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित सैरात की बन्दोबस्ती खुली डाक के माध्यम से अधिकतम बोली के आधार पर दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक के लिए किया जाना है। इस बन्दोबस्ती में निबंधित संस्था, समिति तथा सर्वसाधारण व्यक्ति भाग ले सकते है।

बंदोबस्ती हेतु सैरात का नाम, सुरक्षित जमा राशि तथा जमानत की राशि का विवरण निम्नांकित है:—

क्रमांक	सैरात का नाम	सुरक्षित जमा राशि	जमानत की राशि
1	ठेला फुटपाथ टॉल टैक्स ग्रुप A	383200.00	38500.00
2	ठेला फुटपाथ टॉल टैक्स ग्रुप B	184500.00	18500.00
3	ठेला फुटपाथ टॉल टैक्स ग्रुप C	216700.00	21700.00
4	चिनियां मोड़ बस पड़ाव गढ़वा	147300.00	14800.00

उक्त सैरात की बन्दोबस्ती हेतु आवेदन पत्र दिनांक 15.02.2024 से दिनांक 21.02.2024 तक 11.00 बजे पुर्वाहन से संध्या 4.00 बजे तक राशि 100/— (एक सौ रुपया मात्र) का नगद राशि भुगतान कर नगर परिषद गढ़वा कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। पूर्ण रुप से भरा हुआ आवेदन पत्र सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ दिनांक 16.02.2024 से 21.02.2024 तक कार्यालय अवधि में नगर परिषद, गढ़वा कार्यालय में जमा किया जाएगा। उक्त तीनों सैरातों के लिए आवेदकों को अलग – अलग आवेदन पत्र क्रय करना होगा तथा अलग – अलग भरकर जमा करना होगा। सैरात की बन्दोबस्ती हेतु खुली डाक का आयोजन दिनांक 22.02.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से गढ़वा नगर परिषद कार्यालय में किया जाएगा।

सैरात बन्दोबस्ती हेतु आवश्यक नियम एवं शर्तों को कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 318373 (Urban Development)23-24*D

पूर्व रेलवे

ई–निविदा सं. : सीसी 3/रेल शक्ति प्रोजेक्ट/III दिनांक: 07.02.2024, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कक्ष सं. 44, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए योग्य बैंकों से दो पैकेट प्रणाली के तहत ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** पश्चिम बंगाल राज्य में फैले पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के 154 स्टेशनों/स्थानों से 03 (तीन वर्ष) की अवधि के लिए दैनिक आधार पर स्टेशन नकदी और इंस्ट्रूमेंट्स को उठाने और एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे के खातों में डाले जाने के लिए बैंक में जमा करना। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.14,82,02,613/–, **बयाना राशि:** रु.8,91,020/–, **तकनीकी पात्रता मानदंड** (खंड 3 में विस्तार से वर्णित)**: (1)** कार्य–अनुभव: बोलीदाता/बैंक ने गत तीन वित्तीय वर्षों में एवं निविदा के खुलने की तिथि तक वर्तमान वित्तीय वर्ष में बोली के विज्ञापित मूल्य के न्यूनतम 35% मूल्य के लिए एक एकल समरूप सेवा अनुबंध का संतोषप्रद निष्पादन किया हो। पूरे किए गए सेवा अनुबंध में चालू सेवा अनुबंध शामिल रहेगा जो कि बोली के विज्ञापित मूल्य के न्यूनतम 35% के भुगतान के अधीन है। **(2)** विदेशी बैंकों एवं क्षेत्रीय/ग्रामीण बैंकों या को–ऑपरेटिव बैंकों को छोड़कर अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सूची में मौजूद बैंक। **(3)** पश्चिम बंगाल राज्य में शाखा रखने वाले बैंक। **(4)** कोर बैंकिंग की सुविधा वाले बैंक। **निविदा कागजातों की उपलब्धता:** निविदा केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिए निविदा कागजात की लागत के लिए **रु.11,200/–** (12% जीएसटी सहित) और ईएमडी के साथ जमा की जा सकती है। **समय सूची:** निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 04.03.2024 को 15.00 बजे तक है। SDAH-376/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

जिले में छह हजार नियोजित शिक्षक और 1600 अध्यापकों को जनवरी का नहीं मिला वेतन

निज संवाददाता। बक्सर

शिक्षा विभाग के निदेश का अनुपालन नही करने पर डीपीओ स्थापना शारिक असरफ ने जिले के छह बीईओ का वेतन बंद करने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही कार्य में लापरवाही बरते जाने पर इन सभी को शो-कॉज किया है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि सभी शिक्षक व कर्मियों का वेतन विपत्र 25 तारीख तक कार्यालय में उपलब्ध कराने को लेकर बीईओ को निर्देश दिया गया था। ताकि नियोजित व बीपीएससी से आये अध्यापकों का वेतन समय पर भुगतान किया जा सके। इस आदेश के आलोक में बक्सर जिले के नावानगर,सिमरी,राजपुर ,चौगाईं व बक्सर को छोड़कर अन्य प्रखंड के बीईओ द्वारा वेतन विपत्र नही उपलब्ध नही कराया जा सका है। जिसको लेकर डीपीओ स्थापना शारिक अशरफ ने शिक्षा विभाग के निदेशक सह अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी के पत्र का हवाला देते हुए बताया है कि 7 फरवरी तक वेतन भुगतान करने का आदेश निर्गत है। ऐसे में डुमरांव, केसठ, ब्रह्मपुर,चक्की, चौसा व इटाढ़ी के बीईओ द्वारा नियोजित व बीपीएससी से आये अध्यापकों का वेतन विपत्र 7 फरवरी को दो बजे तक उपलब्ध नही कराये जाने को विभाग के आदेश के प्रति लापरवाही बरते जाने पर उन बीईओ का वेतन बंद कर दिया जाता है। उन्होंने संबंधित बीईओ से स्पष्टीकरण की मांग की है। बता दें कि शिक्षकों के पेमेंट भुगतान समय पर करने को लेकर विभाग के निदेशक प्रशासन सह अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी ने डीईओ को पत्र के माध्यम से निदेशित किया है कि जनवरी माह का वेतन 7 फरवरी तक प्राथमिकता के आधार पूर्ण रूप से करने को लेकर आदेश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इसमें किसी तरह के विलंब व लापरवाही मान्य नहीं है। इसके लिए जवाबदेह पदाधिकारी के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय
नगर पंचायत, लातेहार

बन्दोबस्ती आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत स्वामी विवेकानन्द पार्क, चन्दनडीह एवं कौशल विकास केन्द्र सह सामुदायिक शौचालय, चन्दनडीह की बन्दोबस्ती अगले तीन वर्ष 2024—2025 से 2026—2027 (01 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2027 तक) के लिये खुली डाक की बोली द्वारा दिनांक —28.02.2024 को 11.30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, लातेहार के सभागार में की जायेगी। उस दिन बन्दोबस्ती नही होने की स्थिति में दिनांक 29.02.2024 एवं दिनांक— 01.03.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी।

क्र० सं०	विवरण	पूर्व की बंदोबस्ती राशि	डाक की न्यूनतम राशि	जमानत की राशि न्यूनतम डाक की राशि का 10%	सैरात का आवेदन शुल्क
01	स्वामी विवेकानन्द पार्क, चन्दनडीह	331330.00	381030.00	38110.00	1000.00
02	कौशल विकास केन्द्र —सह—सामुदायिक शौचालय, चन्दनडीह	110231.00	126770.00	12680.00	1000.00

कौशल विकास केन्द्र, चन्दनडीह में उपलब्ध सुविधाएं की विवरणी

भू—तल (Ground Floor)		लम्बाई, चौड़ाई	संख्या
	दुकान	9 - 6" x 12 - 2"	3 अदद
	शौचालय	4-0" x 3-3"	12 अदद
	स्नानघर	4-0" x 3-6"	3 अदद
	स्टॉफ रूम	8-10" x 8-0"	1 अदद
	मूत्रालय	4-0" x 8-0"	1 अदद
	बेसिन रूम	8-0" x 12-0"	2 अदद
प्रथम—तल (1st Floor)			
	स्टोर रूम	13-9" x 12'-0"	1 अदद
	रूम	15-4" x 12-0"	1 अदद
	हॉल	25-6" x 34-0"	1 अदद

नोट 1. छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले , न्यूनतम डाक की राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।
2 कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये नियम एवं शर्तों को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेवसाईड **www.latehar.nic.in** पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.318234 Urban Development(23-24):D

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (1st Call)

निविदा सूचना संख्या– DWSD/CTR/SP/22/2023-24 (1st Call)

दिनांक – 08.02.2024

A	**Name of Work :-** Supply of Spare Parts of Deep Well Hand Pump India Mark-II Conforming to IS:9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS:15500(Part II) 2004 with latest amendment for spares of India Mark-II respectively) under D.W & S. Division, CHATRA for the year 2023-24	
B	प्राक्कलित राशि (लाख में)	31.51544 Lakh
C	अग्रधन की राशि (रूपये में)	5000.00
D	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	63500.00
E	कार्य पूर्ण करने की अवधि	01 Month
F	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	13.02.2024 समय 02:00 बजे अपराहन तक
G	निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय	19.02.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक
H	सरकार के सचिव, सूचना प्रौघोगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	19.02.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक
I	तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय	20.02.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक
J	तकनीकी बिड खोलने का स्थान	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
K	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम	ई0 अजय कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
L	निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या	9431325479, 9931972161 एवं 06541–253273
M	ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0	0651–2480345

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अजय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 318295 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

प्रदेश में समान नागरिक संहिता विधेयक विधान सभा से पारित होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को किया गया सम्मानित

- **राज्य विधान सभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पास होने के पीछे उत्तराखण्ड की जनता की शक्ति : सीएम धामी**
- **महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा यह कानून**

सुनील तिवारी | देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गुरूवार को सर्वे चौक स्थित आई.आर.डी.टी. सभागार में प्रदेश में समान नागरिक संहिता विधेयक विधान सभा से पारित होने पर गर्मजोशी से स्वागत के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्वर्णिम देवभूमि परिषद द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में बडी संख्या में बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू किये जाने के लिये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों की सभी ने प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने राज्य विधान सभा में नागरिक संहिता विधेयक पास होने के पीछे उत्तराखण्ड की जनता की शक्ति बताते हुये कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह कानून मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्र सरकार तथा प्रदेश की देवतुल्य जनता का भी आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे देश का नेतृत्व आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम हाथों में है, जिनके लिए देश सर्वप्रथम है, जो इस देश को ही अपना परिवार समझते हैं और अपने परिवारजनों का सुख-दुःख ही उनका सुख-दुःख है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने समान नागरिक संहिता पर देवभूमि की सवा करोड़ जनता से किये गए अपने वादे को निभाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जनता के हैं और जनता हमारी है, यह कानून जनता के लिये है, जनता की भलाई, समता और समानता के लिये बनाया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 2022 के विधान सभा चुनाव से पहले प्रदेश की जनता से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ''एक भारत और श्रेष्ठ भारत'' मन्त्र को साकार करने के लिए उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लाने का वादा किया था। प्रदेश की देवतुल्य जनता ने हमें इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना आशीर्वाद देकर पुनः सरकार बनाने का मौका दिया। सरकार गठन के तुरंत बाद, जनता जर्नादन के आदेश को सिर माथे पर रखते हुए हमने अपनी पहली कैबिनेट की बैठक में ही समान नागरिक संहिता बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन का निर्णय लिया और 27 मई 2022 को उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई जी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित की। इस समिति के सदस्यों में सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री प्रमोद कोहली जी, समाजसेवी श्री मनु गौड़ जी, उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्य सचिव श्री शत्रुघ्न सिंह जी एवं दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० सुरेखा डंगवाल जी को सम्मिलित किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के सीमांत गांव माणा, जिसे हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का प्रथम गांव घोषित किया है, वहां से प्रारंभ हुई जनसंवाद यात्रा के दौरान 43 जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर समिति को विभिन्न माध्यमों से लगभग 2.33 लाख सुझाव प्राप्त हुए। प्रदेश के लगभग 10 प्रतिशत परिवारों द्वारा किसी कानून के निर्माण के लिए अपने सुझाव देने का देश में यह पहला अतुलनीय उदाहरण है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्राप्त सुझावों का अध्ययन कर समिति ने उनका रिकॉर्ड समय में विश्लेषण कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट 02 फरवरी 2024 को सरकार को सौंपी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार से इस देवभूमि से निकलने वाली मां गंगा अपने किनारे बसे सभी प्राणियों को बिना भेदभाव के अभिसिंचित करती है उसी प्रकार राज्य विधान सभा से पारित समान नागरिक संहिता के रूप में निकलने वाली समान अधिकारों की संहिता रूपी ये गंगा हमारे सभी नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों को सुनिश्चित करेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून की बात संविधान स्वयं करता है, क्योंकि हमारा संविधान एक पंथनिरपेक्ष संविधान है। यह एक आदर्श धारणा है, जो हमारे समाज की विषमताओं को दूर करके, हमारे सामाजिक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि माँ गंगा-यमुना का यह प्रदेश, भगवान बद्री विशाल, बाबा केदार, आदि कैलाश, ऋषि-मुनियों-तपस्वियों, वीर बलिदानियों की इस पावन धरती ने एक आदर्श स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 44 में उल्लिखित होने के बावजूद अब तक इसे दबाये रखा गया। 1985 के शाह बानो केस के साथ इसी देवभूमि की बेटी शायरा बानो ने दशकों तक न्याय के लिये संघर्ष किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता, विवाह, भरण-पोषण, गोद लेने, उत्तराधिकार, विवाह विच्छेद जैसे मामलों में भेदभाव न करते हुए सभी को बराबरी का अधिकार देगा और जो प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार भी है। समान नागरिक संहिता समाज के विभिन्न वर्गों, विशेष रूप से माताओं-बहनों और बेटियों के साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाओं के साथ होने वाले अत्यचारों को रोका जाए। हमारी माताओं-बहन-बेटियों के साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त किया जाए। हमारी आधी आबादी को सच्चे अर्थों में बराबरी का दर्जा देकर हमारी मातृशक्ति को संपूर्ण न्याय दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत का सपना देखने के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उनके नेतृत्व में यह देश तीन तलाक और धारा-370 जैसी ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने के पथ पर अग्रसर है। उनके नेतृत्व में सैंकड़ों वर्षों के बाद अयोध्या में रामलला अपने जन्मस्थान पर विराजमान हुए हैं, और मातृशक्ति को सशक्त करने के लिए विधायिका में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस संहिता में पुरुष व महिलाओं को बराबरी का दर्जा देते हुए विवाह विच्छेद से संबंधित मामलों में विवाह विच्छेद लेने के समान कारण और समान अधिकार दिए गए हैं। समान नागरिक संहिता में महिला के दोबारा विवाह करने से संबंधित किसी भी प्रकार की रूढ़िवादी शर्तों को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे इस कदम से उन कुप्रथाओं का अंत होगा जिनसे महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाई जाती थी। मुख्यमंत्री ने समान नागरिक संहिता में लिव इन संबंधों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हुए कहा कि एक वयस्क पुरुष जो 21 वर्ष या अधिक का हो और वयस्क महिला जो 18 वर्ष या उससे अधिक की हो, वे तभी लिव इन रिलेशनशिप में रह सकेंगे, जब वो पहले से विवाहित या किसी अन्य के साथ लिव इन रिलेशनशिप में न हों और कानूनन प्रतिबंधित संबंधों की श्रेणी में न आते हों। लिव-इन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को लिव-इन में रहने हेतु केवल पंजीकरण कराना होगा जिससे भविष्य में हो सकने वाले किसी भी प्रकार के विवाद या अपराध को रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सरकारी नौकारियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देकर उनसे किए गए वादे को निभाया है। उन्होंने कहा कि इन सभी निर्णयों से यह स्पष्ट है कि हमने इस दशक में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है। वही दशक जिसका हमारी माताएं-बहनें, बरसो से इंतजार कर रही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश हित में यू.सी.सी. के साथ कठोर नकल विरोधी कानून बनाया है। अब भारत की संसद ने भी इस पर अपनी मुहर लगा दी है। प्रदेश में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही कर 05 हजार है. सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया गया है। देवभूमि के स्वरूप को बनाये रखने के लिये, धर्मांतरण को रोकने के लिये भी कानून बनाया गया है। भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के लिये 1064 एप पर शिकायत की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में भ्रष्टाचार किसी भी रूप में बरदास्त नहीं किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें कई देशों में जाने का अवसर मिला। वे जहां भी गये वहां लागों का देवभूमि उत्तराखण्ड के प्रति लगाव उन्हें देखनों को मिला, जो इस महान देवभूमि की महिमा का ही परिणाम है।

संक्षिप्त समाचार

तमिलनाडु में प्रतिष्ठानों और दुकानों पर तमिल भाषा में दिखेगा बोर्ड

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने राज्य भर में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, दुकानों और उपक्रमों के बोर्डों पर तमिल में प्रमुखता से नाम लिखवाए जाने की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। इस अभियान को अप्रैल के अंत तक पूरा करने की व्यापारियों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की गई है। इस मुद्दे पर बुधवार को हुई दूसरी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के मंत्री एमपी स्वामीनाथन ने की जिसमें सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और श्रम कल्याण व कौशल विकास मंत्री सीवी गणेशन भी शामिल हुए। उन्होंने इस दिशा में दिशा-निर्देश किए कि प्रदेश में तमिल बोर्ड लगाने के अभियान को ढाई महीने में पूरा कर लिया जाए। ट्रेडरों के साथ हुई पहली बैठक रही थी कामयाब स्वामीनाथन ने कहा कि इस विषय में तमिलनाडु वानिगर संगम के नेतृत्व में ट्रेडरों के साथ हुई पहली बैठक कामयाब रही थी। यह दूसरी बैठक है और मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इरोड में कुछ व्यापारियों ने दो फरवरी को अपने बोर्ड बदलकर तमिल भाषा में लिखे बोर्ड लगा भी लिए हैं। यह स्वागतयोग्य कदम है और इसी सफलता को हम पूरे प्रदेश में दोहराना चाहते हैं। उन्होंने संवाददाताओं को राज्य सरकार के एक आदेश का हवाला देते हुए बताया कि सरकारी विभागों, फाइलों और इमारतों पर कुछ भी लिखने के लिए केवल तमिल भाषा का इस्तेमाल होना चाहिए। उन्होने व्यापारियों से अपील की है कि वह बिना किसी सरकारी आदेश के तमिल नामों के बोर्ड लगाने शुरू कर दें।

न्यायाधीश कौन बनेगा? सुप्रीम कोर्ट कलेजियम ने की एक नाम की सिफारिश

नईदिल्ली, एजेंसी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कलेजियम ने बुधवार को गुजरात हाई कोर्ट के जज एनवी अंजारिया को कर्नाटक हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की। कलेजियम ने कहा कि 24 फरवरी को जस्टिस पीएस दिनेश कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद कर्नाटक हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का पद रिक्त हो जाएगा। सीजेआइ के अलावा कलेजियम के अन्य सदस्यों में जस्टिस संजीव खन्ना और बीआर गवई भी शामिल हैं। कलेजियम ने कहा कि जिस तारीख को कर्नाटक हाई कोर्ट के मौजूदा मुख्य न्यायाधीश सेवानिवृत्त होने के कारण पद छोड़ेंगे, उस दिन से जस्टिस अंजारिया की मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति प्रभावी होगी। गुजरात हाई कोर्ट में कार्यरत जस्टिस अंजारिया जस्टिस अंजारिया को 21 नवंबर, 2011 को गुजरात हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था।

सीएम कार्यालय का घेराव करने की कोशिश कर रहे कर्नाटक के भाजपा नेता गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक में बुधवार को भाजपा विधायकों को उस समय हिरासत में ले लिया गया जब उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार की विफलताओं के खिलाफ अपने विरोध-प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की।
पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के नेतृत्व में भाजपा विधायकों और नेताओं ने विधान सौध (कर्नाटक का राज्य विधानमंडल और सचिवालय परिसर) के पास महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने विधानसभा के अंदर मुख्यमंत्री के कार्यालय की ओर मार्च किया। उस दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। भाजपा ने वित्तीय न्याय की लड़ाई के लिए सिद्दरमैया के नेतृत्व में सत्तारूढ़ दल द्वारा बुधवार को दिल्ली में आयोजित धरने का विरोध करने के लिए ये विरोध-प्रदर्शन किया। उत्पादकों को प्रोत्साहन देने में विफल रहने के लिए कांग्रेस सरकार की कड़ी निंदा करते हुए नारेबाजी की।

संविधान से आया समान नागरिक संहिता का वादा, उत्तराखंड में दो दिनों तक चली बहस के बाद विधेयक पारित

नईदिल्ली, एजेंसी। उत्तराखंड ने बुधवार को इतिहास रच दिया और दो दिनों तक चली लंबी चर्चा के बाद समान नागरिक संहिता विधेयक पारित हो गया। इसके पारित होते ही उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है जिसने संविधान निर्माताओं के समान नागरिक संहिता के लिए देखे गए स्वप्न को धरातल पर उतारने की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाए। उत्तराखंड ने बुधवार को इतिहास रच दिया और दो दिनों तक चली लंबी चर्चा के बाद समान नागरिक संहिता विधेयक पारित हो गया। इसके पारित होते ही उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने संविधान निर्माताओं के समान नागरिक संहिता के लिए देखे गए स्वप्न को धरातल पर उतारने की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाए। बता दें कि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की बात संविधान के अनुच्छेद 44 में कही गई है। संविधान के निर्देशक सिद्धांत में कहा गया है राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास करेगा। इसी के बाद जनसंघ और फिर भाजपा ने लगातार यूसीसी की जरूरत पर जोर देना जारी रखा। हालांकि, कांग्रेस सहित दूसरे राजनीतिक दल इसका विरोध करते रहे हैं। 1962 में जनसंघ ने हिंदू मैरिज एक्ट और हिंदू उत्तराधिकार विधेयक वापस लेने की बात कही।

4 आरोपियों में से एक को राहत, आजीवन कारावास के बदले मिली 10 साल की सजा

नईदिल्ली, एजेंसी। हत्या के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहले 4 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी लेकिन अब मामले में नया मोड़ आ गया है। मिली जानकारी के अनुसार, आजीवन कारावास की सजा पाने वाले एक व्यक्ति को सुप्रीम कोर्ट ने राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने उसे गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराते हुए उसकी आजीवन कारावाल की सजा को 10 साल की जेल की सजा में बदल दिया है।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने ट्रायल कोर्ट और तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों को रद्द करते हुए कहा, वास्तव में, दोनों अदालतों ने अधिनियम की धारा 34 के तहत ए 3 (अभियुक्त संख्या 3) के खिलाफ केवल अपराध स्थल के पास उसकी उपस्थिति और अन्य आरोपियों के साथ उसके पारिवारिक संबंधों के आधार पर यांत्रिक रूप से एक निष्कर्ष निकाला है।

चश्मदीदों के बयानों की जांच करने के बाद, अदालत ने कहा कि यह तर्क देना संभव नहीं है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ चश्मदीदों के बयानों के आलोक में ए3 का इरादा मृतक की हत्या करने का रहा होगा और वह ऐसा कर सकता है। आईपीसी की धारा 302 के तहत दोषी नहीं ठहराया जाएगा। पीठ ने कहा, जिन संचयी परिस्थितियों में ए3 को अपराध में भाग लेते देखा गया, उससे स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है कि दो स्पष्ट कारणों से उसका मृतक की हत्या करने का कोई इरादा नहीं था। अन्य सभी आरोपियों ने शुरू में,1 द्वारा इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी ली थी और इस हथियार से हमले में योगदान दिया थाए3 ने किसी भी समय कुल्हाड़ी का उपयोग नहीं किया था।

गांधी परिवार ने अमेठी की 48 साल अनदेखी की, स्मृति ईरानी बोलीं- राजमोहन को नकली गांधी बोल मारे पत्थर

नईदिल्ली, एजेंसी।
केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि 48 सालों तक उत्तर प्रदेश की अमेठी विकास से वंचित रही, जबकि लोकसभा में इसका प्रतिनिधित्व गांधी परिवार के लोग करते रहे थे। लोकसभा में बजट सत्र के दौरान हुई चर्चा में स्मृति ईरानी ने बुधवार को कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद ही इस संसदीय क्षेत्र का विकास होना शुरू हुआ।

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास मंत्री ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनावों में अमेठी से कांग्रेस नेता को हराया था। इस संसदीय क्षेत्र का राहुल गांधी से पहले राजीव गांधी और सोनिया गांधी भी कर चुके हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, अमेठी में गांधी परिवार को चुनौती देने वालों के प्रति कांग्रेस की असहिष्णुता इतनी अधिक थी कि यहां महात्मा गांधी के पोते राजमोहन गांधी को भी 1989 में लोकसभा चुनाव लड़ने पर अपमानित कर पत्थरों से मारा गया था। ईरानी ने कहा कि राजमोहन गांधी ने गांधी परिवार के खिलाफ चुनाव लड़ा था और उन्हें गांधी परिवार के खिलाफ लड़ने के लिए नकली गांधी बुलाया गया था। मेनका गांधी और शरद यादव को भी अपमानित किया गया था। शरद यादव से कहा गया कि वह जाकर गाय चराएं। उन्होंने कांग्रेस का फटकारते हुए 2011 की जनगणना का हवाला देते हुए कहा कि सुलतानपुर जिले में आने वाली अमेठी सीट में 62 प्रतिशत घरों में बिजली नहीं थी और 83 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं थे।

महाराष्ट्र में स्ट्रांगरूम से गायब हो गई वोटिंग मशीन, गुस्साए चुनाव आयोग ने की एक्शन की मांग

पुणे, एजेंसी।
पुणे में डेमो के लिए रखी गई एक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) चोरी होने का मामला सामने आया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार तड़के सुबह पुणे की सासवड़ तहसील के एक स्ट्रांगरूम से एक डेमो ईवीएम चोरी हो गई। इसके बाद भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने राज्य के मुख्य सचिव नितिन करीर को पत्र लिखकर तीन उप-जिला अधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश दिया। हालांकि बुधवार को ईवीएम बरामद की गई और दो 21 वर्षीय व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

महाराष्ट्र में इस तरह की यह पहली घटना है। वैसे तो यह एक डेमो ईवीएम थी, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले चोरी की घटना ने वोटिंग मशीनों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। अधिकारियों ने बताया कि ईवीएम केवल ट्रेनिंग और जागरूकता उद्देश्यों के लिए रखी गई थी। वहीं राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीकांत देशपांडे ने कहा, यह एक गंभीर मामला है और ईसीआई ने इस पर कड़ा संज्ञान लिया है। करीर को लिखे अपने पत्र में, चुनाव आयोग ने उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और उप-विभागीय पुलिस अधिकारी को निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की जाए। ईसीआई ने आगे कहा कि स्ट्रॉन्गरूम में सुरक्षा प्रोटोकॉल बनाए नहीं रखने के लिए जिला चुनाव अधिकारी (पुणे) और पुलिस अधीक्षक (पुणे ग्रामीण) से भी स्पष्टीकरण मांगा जाना चाहिए। देशपांडे ने कहा कि दिसंबर 2023 से चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के लिए डेमो ईवीएम की लाई गई थी। स्ट्रॉन्गारूम में 40 ईवीएम का एक सेट रखा गया था, और सख्त सुरक्षा और डबल-लॉक सिस्टम सहित प्रोटोकॉल सुनिश्चित किए जाने थे।

हिमाचल में चलती कार पर तेंदुए ने मारा झपट्टा, जोरदार टक्कर के बाद बड़ा हादसा; ड्राइवर की मौत

शिमला, एजेंसी हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में एक चलती कार पर तेंदुए ने अटैक कर दिया। तेंदुए के झपट्टा मारने से कार 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि यह मंगलवार की रात बिलासपुर जिले के हवान गांव के पास की घटना है। जानकारी के मुताबिक, कार में बैठे लोग मंडी जिले में एक शादी में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान हवान गांव के पास एक तेंदुए ने कार पर झपट्टा मार दिया। तेंदुए और कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन सड़क से उतरकर गहरी खाई में गिर गई। जिस खाई में कार गिरी वो 150 फीट गहरी थी। इस हादसे में कार चला रहे हिम्मत सिंह की मौत हो गई। वहीं कार में बैठे तीन अन्य लोग घायल हो गए।

इस हादसे के बाद आसपास के गांव के लोगों ने पुलिस को सूचित किया। सभी घायलों को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने हिम्मत सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं कार में सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज किया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

संक्षिप्त समाचार

बिजली चोरी में 98 लोग पकड़े गए, 17 लाख का जुर्माना

धनबाद, एजेंसी। धनबाद में बुधवार को बिजली चोरी में 98 लोग पकड़े गए। 17 लाख 90 हजार का जुर्माना लगाते हुए स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। जेबीवीएनएल मुख्यालय के निर्देश पर धनबाद एरिया बोर्ड के धनबाद और चास सर्किल में बुधवार को 592 जगहों पर अभियान चलाया गया। धनबाद सर्किल में 339 जगहों पर अभियान चलाकर 45 लोग पकड़े गए। साथ ही 10 लाख तीन हजार का जुर्माना लगाया गया। धनबाद डिवीजन से 10, गोविंदपुर से 11, निरसा से 13 और झरिया डिवीजन से 11 लोग पकड़े गए। वहीं चास सर्किल में 253 जगहों पर अभियान चलाकर 53 लोग पकड़े गए। सात लाख 87 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की प्रमाणपत्र जांच आज से

जमशेदपुर, एजेंसी। कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर से पिछले दिनों आयोजित किए गए पीएचडी प्रवेश परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच शुक्रवार से शुरू की जाएगी। इसके लिए सफल अभ्यर्थियों को अपने सभी दस्तावेजों के साथ कोल्हान विश्वविद्यालय के चाईबासा स्थित मुख्यालय के परीक्षा विभाग में बुलाया गया है। 9 फरवरी से 12 फरवरी तक यहां विद्यार्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच होगी। सुबह 11.30 बजे से लेकर शाम के 4 बजे तक अभ्यर्थियों अपने प्रमाणपत्रों की जांच करा सकते हैं। 13 फरवरी के बाद पहुंचने वाले विद्यार्थियों को कोई मौका नहीं दिया जाएगा। प्रमाणपत्र जांच के लिए अर्भ्यथियों को अपने आवेदन फॉर्म की कॉपी, एडमिट कार्ड, पीजी का सर्टिफिकेट, जाति प्रमामपत्र, आधार कार्ड ले जाना है। प्रमाणपत्र में सही पाए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

सदर अस्पताल में पैसे मांगने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई

धनबाद, एजेंसी। सदर अस्पताल में मरीज और परिजनों से पैसे मांगने की घटनाओं को रोकने के लिए अस्पताल प्रबंधन गंभीर है। पूरे अस्पताल में मोबाइल नंबर लिखकर चिपकाया गया है। मरीज और उनके परिजनों से अपील की गई कि कोई भी उनसे पैसा मांगता है तो वे तत्काल शिकायत करें।बता दें कि एसएनएमएमसीएच के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डॉक्टरों की कमी के कारण डिलीवरी प्रभावित हो रही है। मरीजों को वहां से सदर अस्पताल भेजा जा रहा है, जिससे यहां डिलीवरी के लिए आने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हो गया है। मरीजों की बढ़ती संख्या के साथ अस्पताल प्रबंधन को डिलीवरी के एवज में पैसे लेने की भी शिकायत मिल रही थी। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने सदर अस्पताल भवन में मोबाइल नंबर चिपका दिया है। अपील की गई कि कोई पैसे की मांग करता है तो वे शिकायत करें।

दिव्यांग बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम से विदेशी मंत्रमुग्ध

धनबाद, एजेंसी। जीवन ज्योति विद्यालय में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोटरी इंटरनेशनल की एनआईडी टीम के 15 विदेशी सदस्य शामिल हुए। अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया से आए सदस्यों ने जीवन ज्योति विद्यालय का भ्रमण किया। साथ ही क्रियाकलाप की जानकारी ली। बच्चों ने अतिथियों के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विदेशी मेहमान भी खुद को रोक नहीं पाए और बच्चों के साथ जमकर नृत्य किया। वहीं क्लब ने जरूरतमंद दिव्यांगों के बीच नि :शुल्क एक मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, दो व्हीलचेयर, चार आर्टिफिशियल जयपुर लिंब वितरित किए। सचिव राजेश परकेरिया ने बताया कि बीते 35 वर्षों से जीवन ज्योति विद्यालय में दिव्यांग बच्चों को शिक्षण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एनआईडी टीम की लीडर नैंसी बेंडर बार्बी ने कहा कि वे बीते 20 वर्षों से जब भी भारत आती हैं तो हमेशा जीवन ज्योति का दौरा करती हैं। इंटरनेशनल की एनआईडी टीम में नैंसी बेंडर बार्बी, मार्क माइकल वैलेंटाइन, डेनियल अगस्त वैलेंटाइन, टीना डेविस फिशलिन, पैगे वॉटसन हेवेंस, जोआन मार्गरेट शिलिंग, जान मार्गरेट जॉनसन, बारबरा जीन गोब्बी, विक्टर जॉन गोब्बी, माइकल जॉन एमसीजीई, कैथलिन मैरी एमसीजीई, आर रोलैंडो कुआड्राडो, पॉलिना कुआड्राडो, जेनिफर जॉय ओनील, ह्यूबर्ट रॉबिंसन ओनियल मनीष बेंजामिन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

अस्पताल पहुंचने वाले 100 में 40 रोगियों को ब्लड प्रेशर की समस्या

रांची , एजेंसी। ठंड के मौसम में ब्रेन स्ट्रोक, हार्ट अटैक आदि के मामले आम हैं। सामान्य दिनों की तुलना में इन बीमारियों के रोगियों के ग्राफ में इजाफा होता है। लेकिन इस बार लकवा के मामले पिछले 3-4 साल की तुलना में काफी ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। रिम्स के न्यूरोलॉजी, मेडिसिन और क्रिटिकल केयर विभाग में कई मरीज लकवा के कारण गंभीर स्थिति में भर्ती हैं।

रिम्स न्यूरोलॉजी के हेड डॉ. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि अस्पताल पहुंचने वाले 100 में लगभग 40 मरीजों को ब्लड प्रेशर की समस्या है। इन 40 बीपी समस्या वाले रोगियों में ही धीरे-धीरे लकवा के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। स्थिति बिगड़ने के बाद इनमें से करीब 30त्न मरीज लकवा के शिकार होते हैं। इसके अलावा न्यूरोलॉजिकल बीमारी मायस्थेनिया ग्रेविस के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। करीब 5 साल पहले इस बीमारी के 8-10 रोगी मिलते थे। लेकिन वर्तमान में 100 में 5-6 मरीजों में इसकी पुष्टि हो रही है। यानी 1000 में संख्या बढ़कर 50 से 60 तक पहुंच गई है। डॉ. सुरेंद्र कुमार बताते हैं कि मायस्थेनिया ग्रेविस के बारे कम ही लोग जानते हैं, रिम्स में भी इसके 4-5 मरीज न्यूरो और क्रिटिकल केयर विभाग में भर्ती हैं।

जबतक बीमारी समझ में आती है, इलाज में काफी देर हो जाती है ־ मरीज को शुरुआत में कमजोरी लगती है। हाथ-पैर में ताकत कम होने लगती है। सांस लेने में दिक्कत, शरीर में कंपन और इसके बाद आंखें छोटी होने लगती हैं। आंख की समस्या होने पर नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास पहुंचते हैं। सांस लेने में दिक्कत होने पर पल्मोनोलोजिस्ट के पास जाते हैं। सभी अपने हिसाब से दवा देकर मरीज को वापस लौटा देते हैं। लेकिन दवा लेने के बाद भी समस्या से निजात नहीं मिल पाती। अंत में वे न्यूरोलॉजिस्ट के पास आते हैं, तब तक शरीर की मांसपेशियां कमजोर हो चुकी होती हैं। ऐसे में बीमारी की पहचान में देरी के कारण यह गंभीर होती जाती है और मरीज की स्थिति क्रिटिकल होने लगती है।

मायस्थेनिया ग्रेविस एक न्यूरोलॉजिकल विकार है, जिसके कारण मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं और आसानी से थक सकती हैं। यह विकार आंख और पलक की गति को नियंत्रित करने वाली मांसपेशियों को प्रभावित करता है। इससे पलकें झपकने या दोहरी दृष्टि होने की समस्या हो सकती है। डॉ. सुरेंद्र कुमार के अनुसार, जिन लोगों की आंखों में मायस्थेनिया के ये लक्षण होते हैं, उनमें से अधिकांश में एक-दो साल के भीतर अन्य मांसपेशियों में कमजोरी आ सकती है। यह व्यापक रूप से चेहरे, आंखों, बाहों और पैरों की मांसपेशियों को प्रभावित करता है। साथ ही सांस लेने में प्रयुक्त मांसपेशियों को प्रभावित कर सकता है।

सीएमसी वेल्लोर के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. बेंजामिन ने कहा, देखा गया है कि कोविड के बाद रोगियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। क्योंकि कोविड ने लगभग 70 से 80त्न आबादी की इम्युनिटी पर असर डाला है। इसके कारण कई दूसरी बीमारियों से ग्रस्त रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अबतक ठीक नहीं हो सकी है। इसलिए बैक्टिरिया या कोई अन्य वायरस भी शरीर में प्रवेश करता है तो हमारा शरीर उससे लड़ने में कारगर नहीं होता और धीरे-धीरे मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। जबकि कोविड के पहले मरीज काफी कम थे।

झारखंड में रबी की फसलों पर असर, इस साल कम हुई बारिश

रांची, एजेंसी। झारखंड में कम बारिश होने से रबी की फसलें प्रभावित हो रही हैं। रांची समेत झारखंड के कई हिस्सों में इस बार बारिश कम हुई है। केवल मध्य हिस्से में बोकारो व आसपास के जिलों में कुछ बारिश हुई है। कम बारिश के चलते इस बार रबी फसल के लिए किसानों को सिंचाई का प्रबंध करना पड़ रहा है। पूरे सीजन में तीन से चार पटवन करने से खेती की लागत बढ़ गई है।कम बारिश होने से इस बार रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में भूगर्भ जलस्रोत के नीचे जाने की आशंका है। गर्मी में जलाशय, तालाब और बोरवेल सूख जाने से पानी की किल्लत मार्च से ही शुरू होने का अंदेशा है।

झारखंड में पिछले वर्षों के दौरान 2020 और 2022 में जनवरी-फरवरी के दौरान अच्छी बारिश हुई थी। इन दोनों वर्षों में रबी फसल की खेती अच्छी हुई थी, लेकिन गत वर्ष व मौजूदा साल में बारिश कम होने से इस बार भू-गर्भ जलस्रोत पर संकट बढ़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में इस बार बारिश कम हुई है। केवल रांची में जनवरी से लेकर फरवरी तक केवल 5.5 मिमी बारिश हुई। जबकि 2022 में रांची में इस समय तक 52.4 मिमी बारिश हुई। 2020 में भी इस समय तक 44.8 मिमी बारिश हुई थी, लेकिन इस बार स्थिति अलग है।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक इस बार जनवरी में तीन पश्चिमी विक्षोभ के कारण झारखंड में मौसम में बदलाव हुआ। आसमान में बादल छाए। लेकिन अपेक्षा के अनुरूप बारिश नहीं हुई। विभाग के मुताबिक इस सीजन में अक्सर पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश होती है।रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया,इस साल पश्चिमी विक्षोभ के कारण झारखंड में मौसम बदला, लेकिन अच्छी बारिश नहीं हुई। जबकि मजबूत विक्षोभ होने से झारखंड में भी अच्छी बारिश होती है, लेकिन अभी समय शेष है।

झारखंड में सात जिलों के शिक्षकों की बल्ले-बल्ले, इसी महीने मिलेगा प्रमोशन; कोर्ट का आया बड़ा फैसला

जमशेदपुर, एजेंसी। राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों के वाणिज्य स्नातक योग्यताधारी शिक्षकों को सामाजिक विज्ञान कोटि में ग्रेड-4 में प्रोन्नति प्रदान करने का आदेश दिया गया है। मालूम हो कि कामर्स के शिक्षकों को प्रोन्नति नहीं देने की बात शिक्षा विभाग की ओर से की गई थी। इसके खिलाफ उच्च न्यायालय में मामला दायर किया गया था। अदालत ने इन सभी शिक्षकों को प्रमोशन देने का आदेश अगस्त 2023 में दिया था, लेकिन विभिन्न जिला में सूची के बनने के बावजूद अब तक इन शिक्षकों को प्रमोशन नहीं दिया है।

इसे अदालत में अवमानना बताते हुए शिक्षकों ने फिर से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। इसके बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की नींद खुली है।

बुधवार को ही प्राथमिक शिक्षा के अवर सचिव जागो चौधरी की ओर से सभी जिलों के उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र जारी करते हुए निर्देश दिया गया है कि जिन जिलों में सूची नहीं बनी है, वे बुधवार की शाम तक प्रोन्नति की सूची मांगी गई है।

जिन जिलों में प्रोन्नति की सूची बनी हुई है, वहां फरवरी के अंतिम सप्ताह तक हर हाल में प्रोन्नति देने का आदेश दिया गया है। साथ ही प्रोन्नति देने से संबंधित शपथ पत्र भी संबंधित जिला शिक्षा अधीक्षकों से मांगी गई है।

पूर्वी सिंहभूम में यह सूची दो माह पूर्व ही बन चुकी है। कुल सात जिलों के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत वाणिज्य स्नातक योग्यताधारी शिक्षकों को प्रोन्नति दिया जाना है।

पूर्वी सिंहभूम के अलावा लातेहार, पलामू, सरायकेला-खरसावां, लोहरदगा, रांची एवं कोडरमा जिले में प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत वाणिज्य स्नातक योग्यताधारी शिक्षकों की सूची बन चुकी है। पूर्वी सिंहभूम की सूची में 93 शिक्षक ग्रेड फोर के प्रमोशन के दायरे में आते हैं।

मंत्री बनने की होड़ में विधायक, कैबिनेट विस्तार को लेकर लॉबिंग तेज

रांची, एजेंसी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 16 फरवरी को मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे। तिथि बुधवार को पुनर्निर्धारित की गई। राजभवन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के अनुरोध पर आठ फरवरी 2024 को निर्धारित मंत्रिपरिषद के सदस्यों के पद-शपथ अनुष्ठान को स्थगित किया और सीएम के आग्रह पर अब यह शपथ ग्रहण 16 फरवरी 2024 को दोपहर तीन बजे होगा।

ज्ञात है कि सीएम चम्पाई सोरेन ने दो फरवरी को कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राजद विधायक दल के नेता सत्यानंद भोक्ता के साथ शपथ ली थी। दूसरी ओर महागठबंधन के सहयोगी झामुमो और कांग्रेस के रणनीतिकार नाम फाइनल करने में जुटे हुए हैं। बताया जा रहा है कि झामुमो में ज्यादा खींचतान नहीं है। हेमंत सोरेन की गैर मौजूदगी में पार्टी में एकजुटता को अक्षुण रखने भी शीर्ष नेतृत्व की प्राथमिकता है। झामुमो कोटे से दुमका के विधायक बसंत सोरेन या सीता सोरेन में से एक के लिए जगह तय है। इसके अतिरिक्त संताल परगना क्षेत्र से आने वाले वरीय विधायकों को जगह देने पर मंथन जारी है। प्रमंडलवार क्षेत्रीय संतुलन को साधकर इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। संताल परगना और कोल्हान प्रमंडल झामुमो का गढ़ है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन खुद कोल्हान प्रमंडल के सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से आते हैं।

कांग्रेस में खुलेआम मंत्री पद के लिए ठोंका जा रहा दावा

सूत्रों के अनुसार सरकार में गठबंधन में शामिल कांग्रेस के कुछ विधायकों में मंत्री बनने की होड़ देखने को मिल रही है। कुछ विधासक सार्वजनिक तौर पर मंत्री पर की दावेदारी कर रहे हैं। प्रदेश नेतृत्व और प्रदेश प्रभारी विधायकों और संगठन के साथ बैठक कर सामंजस्य बना रहे हैं। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर बुधवार को दिल्ली चले गए। अब तक की स्थिति में कांग्रेस में मंत्रिपरिषद सदस्य बनने को लेकर हलचल अधिक है। कई विधायकों की इच्छा मंत्री बनने की है। इस बात पर भी दबाव दिया जा रहा है कि पूर्ववर्ती सरकार में शामिल रहे मंत्रियों को बदला जाए। अगर यह कारगर हुआ तो तीन नए चेहरे दिखेंगे। आलमगीर आलम मंत्री बन चुके हैं।

पार्टी नेतृत्व के सामने विधायकों को एकजुट रख कर चेहरे बदलने की चुनौती बनी हुई है। अब तक खाली 12वें मंत्री का पद को भी भरने की बात हो रही है। फेरबदल की कवायद में कांग्रेस कोटे से एक महिला विधायक का शामिल होना तय माना जा रहा है। संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम को उप मुख्यमंत्री बनाने की बात भी सामने आ रही है।

रांची के निजी स्कूलों में दाखिले के लिए 25 फरवरी तक कर सकेंगे आवेदन, बीपीएल कोटे में भी होगा बच्चों का एडमिशन

जासं, रांची। जिले में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राइट टू एजुकेशन के तहत नामांकन की कवायद तेज हो गई है। जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय ने इस संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिया है। सभी निजी स्कूलों को हर हाल में 25 प्रतिशत तक बीपीएल कोटे के तहत नामांकन लिए जाने का निर्देश दिया है। उल्लंघन करने पर विभागीय शिकंजा कसा जाएगा।

8 से 22 फरवरी तक बीपीएल कोटे के तहत नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ऑनलाइन आवेदन मांगा गया है। 25 फरवरी तक संबंधित स्कूल के कार्यालय में आवेदन की प्रति जमा करेंगे। नर्सरी व एलकेजी में नामांकन के लिए उम्र सीमा 3 वर्ष 6 माह से 4 वर्ष 6 माह के बीच एवं कक्षा एक में नामांकन के लिए 5 वर्ष 6 माह से 7 वर्ष तय की गई है।

इस प्रविधान के तहत सभी निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत तक ऐसे बच्चों का नामांकन लेना है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इसे लेकर एसोसिएशन फॉर परिवर्तन ऑफ नेशन की ओर से एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया था। जिसमें डिस्ट्रिक्ट लेवल कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशाप आन राइट टू एजुकेशन कैंपेन...विषय पर अभिभावकों को जागरूक किया गया।

झारखंड में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत नामांकन की संख्या घटी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में चल रहे निजी स्कूलों ने नामांकन लिया नहीं है या फिर अभिभावकों ने नामांकन लेने की कोशिश नहीं की है।

इस रिपोर्ट के अनुसार प्रत्येक साल प्राइवेट स्कूलों में आरटीई के तहत होने वाले नामांकन में संख्या कम हुई है। राज्य सरकार ने साल 2018 में 13263, साल 2019 में 14045 और साल 2020 में 11,766 स्टूडेंट के लिए राशि आवंटित की थी। साल 2019 और 21 के बीच यह आंकड़ा 40 प्रतिशत है।

झारखंड में एक बार फिर से ठंड देगी दस्तक, एक झटके में नौ डिग्री तक गिरेगा पारा; बारिश भी ढाएगी सितम

धनबाद, एजेंसी। धूप-छांव की आवाजाही के बीच बुधवार को शहर का मौसम सामान्य रहा। सुबह देर तक कोहरा छाने के बाद दिन में धूप खिली पर सर्द हवा भी चली। गुरुवार से एक बार फिर ठंड असर दिखा सकती है। 13-14 डिग्री पर पहुंचे न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री तक गिरावट आएगी।

शुक्रवार को शहर न्यूनतम तापमान नौ डिग्री पर रहने की संभावना है। तापमान गिरने से ठंड लौटेगी। मौसम विभाग ने इसके संकेत दिए हैं। मौसम केंद्र रांची से जारी अपडेट में बताया गया है कि राज्य में अगले तीन दिनों में तीन से चार डिग्री तक की गिरावट आएगी। उसके बाद दो से चार डिग्री की बढ़ोतरी होगी।

रविवार तक मौसम साफ रहने के बाद अगले सप्ताह से फिर बादल छाने का दौर शुरू होगा। 11 से 13 फरवरी के दौरान अलग-अलग भागों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। बुधवार को धनबाद का अधिकतम तापमान 24.9 व न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री रहा। पिछले चार-पांच दिनों में पांच-छह डिग्री तक बढ़ोतरी हुई है।

झारखंड में अब उपभोक्ताओं को 100 की जगह 125 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी

रांची, एजेंसी। झारखंड में बिजली उपभोक्ताओं को अब हर माह 100 की जगह 125 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को विभागीय सचिवों के साथ पहली उच्चस्तरीय बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने ऊर्जा विभाग को इसके लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी करने को कहा। सीएम ने कहा कि सरकार बिजली सब्सिडी में बढ़ोतरी करेगी।

उन्होंने बिजली से वंचित टोलों-मुहल्लों में भी बिजली पहुंचाने की दिशा में तेजी लाने को कहा। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू करने का भी निर्देश दिया। कहा कि इसके लिए खरीदी गई 80 बसों का परिचालन शुरू करें। सीएम ने योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और स्वीकृत योजनाओं का काम जल्द शुरू करने के साथ-साथ लंबित योजनाओं को भी जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।गौरतलब है कि लोगों पर वित्तीय बोझ कम करने के लिए सरकार ने वर्ष 2022 में बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली फ्री देने का फैसला लिया था। यह योजना अभी लागू है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सभी विभागों से बजट खर्च में तेजी लाने को कहा था, ताकि चालू वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को हासिल की जा सके। उन्होंने स्कूलों में जनजातीय भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इससे पहले यह सर्व कराने को कहा कि कहां किस जनजातीय भाषा के शिक्षको की जरूरत है। साथ ही चाकुलिया, पोटका व नावाडीह कॉलेज भवन का निर्माण और शिक्षकों की नियुक्ति करने का निर्देश भी दिया।

ईडी को मिली हेमंत सोरेन की आपत्तिजनक चैट्स

रांची, एजेंसी। जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। खबर है कि अब ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने कथित ट्रांसफर पोस्टिंग से सोरेन के तार जोड़ दिए हैं। साथ ही कहा है कि चैट्स के जरिए सरकारी रिकॉर्ड्स और कई अन्य संपत्तियों की जानकारी भी साझा की गई है। बुधवार को पांच दिनों की कस्टडी के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता को विशेष अदालत में पेश किया गया था।

एजेंसी ने अदालत को सूचित किया कि सोरेन को उनके और उनके करीबी सहयोगी बिनोद सिंह के बीच व्हाट्सऐप पर हुई चैट दिखाई गई। इसने दावा किया कि यह अत्यधिक आपत्तिजनक थी और इसमें कई संपत्तियों का विवरण था तथा कई गोपनीय दस्तावेज थे।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने दावा किया कि इस चैट में न केवल कई संपत्तियों के संबंध में गोपनीय जानकारी का आदान-प्रदान शामिल है, बल्कि स्थानांतरण और तैनाती, सरकारी रिकॉर्ड साझा करने आदि से संबंधित अन्य आपत्तिजनक जानकारी भी शामिल है, जिसमें बड़ी मात्रा में धन का लेनदेन किया गया प्रतीत होता है।

ईडी ने दावा किया कि बिनोद सिंह ने अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती के अलावा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के कई प्रवेश पत्र साझा करने के संबंध में कई अन्य व्यक्तियों के साथ भी व्हाट्सऐप चैट की थी। सोरेन और बिनोद सिंह के बीच व्हाट्सऐप पर हुई बातचीत की कुछ तस्वीरें पेश करते हुए ईडी ने कहा कि ये केवल कुछ नमूने हैं और ऐसी बातचीत 530 से अधिक पृष्ठों में है।

ईडी ने सोरेन का रिमांड बढ़ाए जाने का अनुरोध करते हुए अदालत को बताया कि सोरेन ने 8.5 एकड़ की अचल संपत्ति से जुड़े सबूतों को बाधित करने में सत्ता का घोर दुरुपयोग किया।रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में सोरेन की श्ष्ठ हिरासत बुधवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दी। यह जानकारी वकीलों ने दी।

सोरेन की ओर से पेश महाधिवक्ता राजीव रंजन ने संवाददाताओं से कहा, प्रवर्तन निदेशालय ने सात दिन की हिरासत का अनुरोध किया था, जिसका हमने यह कहते हुए विरोध किया कि और हिरासत की जरूरत नहीं है क्योंकि उनसे पहले ही 20 जनवरी को आठ घंटे और 31 जनवरी को भी आठ घंटे की पूछताछ की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा उनसे पांच दिनों में 120 घंटे की पूछताछ हो चुकी है। महाधिवक्ता ने कहा, इसलिए, और हिरासत की कोई आवश्यकता नहीं है लेकिन उन्होंने जांच के इस दायरे को अपराध के मामले से परे विस्तारित करने की कोशिश की है। हम कहते रहे हैं कि उनके (ईडी) पास अपराध से परे किसी भी चीज की जांच करने की शक्ति और अधिकार क्षेत्र नहीं है।

पूर्व हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद झारखंड में अब पोशाक घोटाले को लेकर भी बड़ा एक्शन, एक कर्मचारी निलंबित

हजारीबाग, एजेंसी। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद झारखंड में एक और घटाले को लेकर बड़ी कार्रवाई हुई है। पोशाक घोटाले में चर्चा में आए जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता पर अब आरोप लगा है कि उन्होंने अपने चहेते लिपिक से बिना कार्य लिए 41 दिनों का वेतन भुगतान कर दिया है। कार्य नहीं लिए जाने की बात उन्होंने अपने पत्र में भी स्वीकार की है।लिपिक सतीश कुमार सिंह ने दिए गए स्पष्टीकरण में इस बात का जिक्र किया है कि उक्त अवधि में उसने कोई काम नहीं किया है। पूरे प्रकरण को क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक सुमनलता टोप्पो बलिहार ने घोर लापरवाही बताते हुए नोटिस जारी की है। तीन दिनों के अंदर जवाब मांगा है।पूरे प्रकरण में घोर लापरवाही और विभागीय आदेश के अवहेलना के आरोप में लिपिक को आरडीडी ने निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान सतीश कुमार सिंह को चतरा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में योगदान देने का निदेश जारी किया गया है।दरअसल, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में कार्यरत लिपिक सतीश कुमार सिंह पर रिश्वत मांगने और अनियमितता जैसे गंभीर आरोप लगे थे। आरोपों की जांच में यह सिद्ध हुआ और उन्हें पहली गलती का हवाला देते हुए चेतावनी देकर मामले को निष्पादित कर दिया था।सतीश कुमार सिंह का आचरण में बदलाव नहीं हुआ और उन पर फिर आरोप लगे। आरोपों की जांच के बाद उनकी प्रतिनियुक्ति रामगढ़ कर दी गई थी। निर्धारित समय के बावजूद सतीश कुमार सिंह प्रतिनियुक्त स्थल पर नहीं गए।

सीएम योगी ने विधायकों को दिया अयोध्या दर्शन का निमंत्रण, अखिलेश बोले- जब श्रीराम बुलाएंगे तब जाएंगे

लखनऊ, एजेंसी। यूपी विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विधायकों को 11 फरवरी को अयोध्या में रामलला के दर्शन का निमंत्रण दिया। एनडीए के विधायकों ने जय श्रीराम के नारे के साथ उनका समर्थन किया। वहीं, नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा के विधायक भगवान राम बुलाएंगे तब अयोध्या जाएंगे। सरकार या विधानसभा अध्यक्ष के बुलाने पर अयोध्या नहीं जाएंगे।

महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट का प्रस्ताव मंजूर- संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में अयोध्या में नवनिर्मित हवाई अड्डे का नाम मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की जगह महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट रखने का प्रस्ताव रखा। एनडीए के सभी विधायकों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि प्रस्ताव के विरोध में एक भी मत नहीं मिला।

अब नहीं फसेंगेः विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जो सदस्य एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर करने के विरोध में हैं, वह हाथ उठाएं। सपा, रालोद, कांग्रेस और बसपा के विधायकों में से किसी ने भी हाथ खड़ा नहीं किया। उन्होंने प्रस्ताव का जुबानी भी विरोध नहीं किया। विपक्ष की खामोशी देखकर सत्ता पक्ष के विधायक और महाना हंसी नहीं रोक सके। इस पर विपक्ष के विधायकों ने कहा कि अब नहीं फंसेंगे।

भूमि पूजन समारोह में 4000 मेहमान आमंत्रित, 800 मेक इन इंडिया ड्रोन का होगा शो

लखनऊ , एजेंसी। 19 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले भूमि पूजन समारोह में 4000 मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। मेहमाननवाजी के लिए एक तरफ शाही बग्घी की तैयारी की जा रही है तो दूसरी तरफ एयरपोर्ट में विशेष लाउंज बनाया जाएगा।

समारोह में यूपी के हस्तशिल्पियों और ओडीओपी पर खास फोकस रहेगा। 75 जिलों के स्टाल के जरिये ओडीओपी की ब्रांडिंग की जाएगी। समारोह में दो दिन शाम को थ्री डी लाइट ड्रोन शो आयोजित किए जाएंगे। इसमें 800 मेक इन इंडिया ड्रोन लाइट एंड साउंड शो का प्रदर्शन करेंगे।

दो दिन प्रदर्शनी में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन भी होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम भी रहेगी। आईजीपी में 60 स्थानों पर समारोह के लाइव प्रसारण की व्यवस्था होगी। तीन लाउंज बनाए जाएंगे। लखनऊ एयरपोर्ट से आईजीपी के बीच पांच स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। लखनऊ एयरपोर्ट में 150 वर्गमीटर का भूमि पूजन समारोह स्पेशल लाउंज भी बनेगा।

दो दिन की प्रदर्शनी के लिए न्यूनतम 500 स्टालों की व्यवस्था की जा रही है। तीन हजार वर्ग फीट के विशाल जर्मन हैंगर का निर्माण किया जाएगा। आने वाले मेहमानों को समारोह की यादें पेन ड्राइव में गिफ्ट की जाएंगी। इसके लिए 5,000 पेन ड्राइव की व्यवस्था की गई है। पहले दिन 700, दूसरे दिन 300 और तीसरे दिन 5000 लोगों के भोजन का इंतजाम किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

सड़क पार कर रही वृद्धा को कार ने मारी टक्कर, हुई दर्दनाक मौत

अलीगढ़ , एजेंसी। हाईवे पर भांकरी के पास सड़क पार कर रही वृद्धा को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में वृद्धा की मौत हो गई। जिससे परिवार में मातम छा गया।

थाना हरदुआगंज के गांव वरकादपुर निवासी मुन्नी देवी (65) क्षेत्र के गांव सैमला स्थित अपने मायके से अपने गांव लौट रही थीं। 7 फरवरी की सुबह भांकरी के पास सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान दिल्ली की ओर से तेज गति से आई कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

हादसे में मुन्नी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल था।

दो चचेरे भाइयों की मौत, एक को सांप ने काटा, दूसरे ने फंदा लगाकर दी जान

अलीगढ़ , एजेंसी। थाना पालीमुकीमपुर के गांव दीनापुर में एक ही परिवार के दो युवकों की मौत से परिवार वालों का रोकर बुरा हाल है। एक को सांप ने काट दिया और दूसरे ने फंदा लगारक जान दी। दोंनों की मौत से पूरा गांव शोक में डूबा है।

जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय कौशल कुमार पुत्र सुरेंद्र सिंह को दस दिन पहले सांप ने काट लिया था। इस पर परिवार वालों ने उन्हें अलीगढ़ शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान मंगलवार की देर शाम कौशल कुमार ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और दो पुत्रियों को रोता छोड़ गए हैं।

वहीं उनके चचेरे भाई 22 वर्षीय मोहित पुत्र जसवीर सिंह ने गांव के बाहर खेत पर खड़े पेड़ पर फंदे के सहारे झूलकर जान दे दी। घटना के पीछे गृहक्लेश चर्चा में है। वह अपने पीछे पत्नी सहित परिवार वालों को रोता छोड़ गए हैं। दोनों के शव का दीनापुर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया है।

14 घंटे तक देरी से चल रहीं ट्रेनें, प्रतीक्षालय रहते फुल; प्लेटफॉर्म पर परेशानी झेल रहे यात्री

आगरा , एजेंसी। उत्तर प्रदेश में आगरा से गुजरने वाली ट्रेनें अभी भी समय पर नहीं चल रही हैं। बुधवार को 20 से अधिक ट्रेनें देर से चलीं। सबसे ज्यादा प्रभावित तेलंगाना एक्सप्रेस रही, जो 14 घंटे देरी से आगरा कैंट स्टेशन पर पहुंची। ट्रेनों के घंटों देरी के कारण स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ लगी है। प्रतीक्षालय में बैठने की जगह नहीं मिलने पर प्लेटफॉर्म पर जमीन पर बैठना पड़ा।

आगरा कैंट, आगरा फोर्ट, राजा की मंडी स्टेशन से रोजाना 200 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। खराब मौसम के कारण ट्रेनें घंटों लेट हैं। इससे स्टेशनों पर यात्रियों को परेशानी हो रही है। ठंड भले ही पहले की अपेक्षा कम हुई हो लेकिन प्रतीक्षालय फुल होने से यात्रियों के जमीन पर बैठकर ही समय बिताना पड़ रहा है। इससे उनकी समस्याओं में कमी नहीं आई है।

ठेका विद्युत कर्मी की खंभे से गिरा, हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत

अलीगढ़ , एजेंसी। कस्बा इगलास में विद्युत लाइन खींचने का काम करते समय खंभे से गिर जाने के कारण अतरौली के गांव बढ़ोली निवासी एक ठेके पर काम करने वाले विद्युत कर्मी की मौत हो गई। उनकी मौत से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल था।

अतरौली के गांव बढ़ोली निवासी 42 वर्षीय प्रेमपाल पुत्र गंगाधर सिंह बिजली विभाग में एक ठेकेदार के साथ मजदूरी पर काम करते थे। 6 फरवरी को वह कस्बा इगलास में खंभे पर चढ़कर बिजली की लाइन खींचने का काम कर रहे थे। इसी दौरान वह फिसलकर गिरे तो बगल से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी समेत दो आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट

बरेली , एजेंसी। पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी और डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की प्रोजेक्ट डायरेक्टर लुईस खुर्शीद व ट्रस्ट के सचिव अतहर फारूकी के खिलाफ कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी किए हैं। यह आदेश बरेली की एसीजेएम शाम्भवी (एमपी-एमएलए कोर्ट) ने किया। दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन आदि के आरोप में मामला विचाराधीन है। दोनों अभियुक्त अदालत में हाजिर नहीं हो रहे हैं।

दोनों अभियुक्तों के खिलाफ जमानती वारंट पहले से ही जारी थे लेकिन वे कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। विशेष लोक अभियोजक अचिंत्य द्विवेदी ने बुधवार को अदालत में अर्जी देकर इन दोनों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी करने की अपील की।

कोर्ट ने आदेश करते हुए कहा कि दोनों अभियुक्तों को जानकारी है कि उनके खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। उनके अधिवक्ता कोर्ट में हाजिर होते हैं, लेकिन दोनों अभियुक्त हाजिर नहीं होते। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी करते हुए मामले में सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तारीख तय की है।

ये है मामला

मार्च 2010 में ट्रस्ट को प्रदेश के 17 जिलों में दिव्यांगों को उपकरण वितरित करने के लिए केंद्र सरकार से 71.50 लाख रुपये का अनुदान

मिला था। ट्रस्ट के इन दोनों पदाधिकारियों पर गबन का आरोप लगा था और इस मामले में 17 जिलों में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जांच में पाया गया कि उपकरण वितरित करने के लिए यहां कोई कैंप लगा ही नहीं, तब भोजीपुरा थाने में मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के बाद इन लोगों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया गया है।

पुलिस आयुक्त की पहल, दिव्यांगों को ई रिक्शा से पहुंचाएंगे स्नान घाट पर

प्रयागराज। मौनी अमावस्या पर दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस आयुक्त रमित शर्मा की पहल पर विशेष व्यवस्था की गई है।उनके लिए हेलीपैड पार्किंग से रामघाट तक निः शुल्क ईरिक्शा की व्यवस्था की गई है। ई रिक्शा से उन्हें घाट तक ले जाया जाएगा और इसके बाद वापस हेलीपैड पार्किंग तक छोड़ा भी जाएगा। माघ मेले में यह पहली बार होगा।

पुलिस आयुक्त बोले- शालीनता से पेश आएं श्रद्धालुओं से- मौनी अमावस्या पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार को माघ मेला क्षेत्र पुलिस लाइन में एडीजी प्रयागराज जोन भानु भाष्कर व पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने मातहतों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। मानसरोवर सभागार में हुई बैठक में पुलिस आयुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं से शालीनता से पेश आएं। स्नान घाटों पर स्नान के बाद लोगों को ठहरने न दिया जाए ताकि भीड़ एकत्रित न होने पाए। एडीजी प्रयागराज जोन ने कहा कि प्रतिबन्धित स्नानघाटों पर जहां कटान है, उस ओर स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं को न जाने दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारी/कर्मचारी अच्छे टर्न आउट के साथ उत्साहपूर्वक, सेवाभाव से सतर्कतापूर्वक ड्यूटी संपादित करें। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डॉ. राजीव नारायण मिश्र, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद, पुलिस उपायुक्त नगर दीपक भूकर, पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडे, समेत पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

बर्खास्त सैन्यकर्मी के खातों में सीमा क्षेत्र से आए 1.82 करोड़, सामने आया बड़ा खेल, पूछताछ में कबूला

लखनऊ , एजेंसी। आलमबाग स्थित सेना के रिजर्व सप्लाई डिपो में तैनात रहे (अब बर्खास्त) स्टोर हैंडलर प्रिंस कुमार सिंह का बड़ा खेल उजागर हुआ है। उसके 12 बैंक खातों में 1.82 करोड़ रुपये आए हैं। ये रकम भारत की सीमा से सटे इलाकों से भेजी गई।

आरोपी के देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की आशंका जताई गई है। मामले में कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मिथलेश यादव ने आलमबाग थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

एफआईआर के मुताबिक 29 सितंबर, 2019 से प्रिंस रिजर्व सप्लाई डिपो में पोस्ट हुआ था। अप्रैल 2022 में उसने अपना, पत्नी व बच्चों के लिए बंगलूरू का एयर टिकट बुक किया था। इसमें उसने ले. कर्नल मिथलेश की आईडी का इस्तेमाल किया, जबकि ई-मेल आईडी व मोबाइल नंबर अपना दिया। उसने ले. कर्नल बनकर यात्रा भी की।

इसकी जानकारी हुई तो विभागीय जांच में पूरे साक्ष्य सामने आए। कई स्क्रीनशॉट भी मिले। जांच के दौरान पूछताछ में उसने फर्जीवाड़ा स्वीकार करते हुए बताया कि बेटे के इलाज के लिए बंगलूरू गया था। जांच में उसके 12 बैंक खातों का पता चला। इसमें 1.82 करोड़ रुपये सीमा से सटे इलाकों से भेजी गई। इस संदिग्ध लेनदेन को लेकर एफआईआर दर्ज करा जांच की मांग की गई है।

साली की नौकरी लगवाने के लिए भी प्रिंस ने किया था फर्जीवाड़ा

प्रिंस कुमार सिंह के खिलाफ हुई विभागीय जांच में पता चला है कि व अपनी साली वंदना सिंह की नियुक्ति मिलिट्री कॉर्प में कराना चाहता था। इसके लिए उसने तमाम फर्जी दस्तावेज भी तैयार किए थे। इसके सभी सुबूत भी मिले। सीमा क्षेत्र से उसके बैंक खातों के आई रकम का केस दर्ज कराते हुए पुलिस को ये सुबूत भी सौंपे गए हैं। आरोपी

सिपाही के पास मिली बांग्लादेशी करेंसी, ससुर के खाते में आए रियाल

सेना से बर्खास्त सिपाही प्रिंस कुमार सिंह के पास से 10 टका बांग्लादेशी करेंसी मिली है। वहीं उसके पास से बरामद लैपटॉप की सी ड्राइव में एक इमेज मिली, जो एक्सप्रेस मनी ट्रांसफर की है। इससे पता चलता है कि 9 नवंबर 2019 को बांग्लादेशी एमएम हुसैन ने आरोपी के ससुर शंभू सिंह के खाते में कतर के 1052 रियाल भेजे थे। आरोपी ने बैंक से 29 लोन लिए हैं। इससे संबंधित नोटिस भी बैंक की तरफ से भेजा गया है। ये भी जांच का विषय है कि आखिर उसने इतने लोन क्यों लिए? सेना के बर्खास्त सिपाही प्रिंस कुमार सिंह के जिन 12 खातों में रकम आई है उसमें कई खाते उसकी पत्नी के भी हैं। कुछ खातों में दोनों साझेदार हैं। एफआईआर के मुताबिक नेपाल बार्डर से सटे गोपालगंज निवासी राज कुमार व सत्यम ने दो बार में 6 लाख 95 हजार रुपये प्रिंस के खाते में भेजे। 18 मई 2021 व 18 जून 2022 को गोपालगंज के ही कृष्ण मुरारी पांडेय नाम के शख्स के खाते से एक-एक लाख रुपये प्रिंस के खाते में भेजे गए। जब इस बारे में पूछताछ की गई तो प्रिंस ने कहा कि वह इनमें से किसी को नहीं जानता। विभागीय जांच के दौरान पिछले तीन साल के दौरान उसके बैंक खातों के लेनदेन को खंगाला गया। खातों में 5000 व 4000 के अधिक ट्रांजेक्शन हैं। इसके अलावा छोटी रकम भी जमा हुई हैं। रकम भेजने वालों से प्रिंस की कोई जान-पहचान नहीं पाई गई।

खुद को ले. जनरल बता भेजे थे ईमेल

विभागीय जांच के दौरान जब आरोपी से पूछताछ की जा रही थी तब अफसरों ने उसका मोबाइल कब्जे में लिया था। इसमें तीन ईमेल के स्क्रीनशॉट मिले। उसने खुद को ले. जनरल प्रिंस कुमार सिंह बताते हुए डायरेक्टर जनरल ऑफ सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट को फर्जी ईमेल भेजा था। मोबाइल चेकिंग के दौरान ही वह वहां से बहाना बनाकर बाहर निकला और फिर भाग गया था।

लैपटॉप बरामद, तीन ड्राइव लॉक

आरोपी प्रिंस के पास एक चाइनीज लैपटॉप बरामद हुआ है। बोर्ड ऑफ ऑफिसर्स ने लैपटॉप को चेक किया। लैपटॉप में चार ड्राइव सी, डी, ई और एफ मिलीं। इसमें से केवल सी ड्राइव खुल सकी। अन्य तीनों ड्राइव लॉक पाई गईं। सी ड्राइव में तमाम दस्तावेज व फोटो मिलीं। जब इस बारे में उससे पूछताछ की गई तो उसका कहना था कि ये लैपटॉप उसका नहीं है, बल्कि साली वंदना का है।

ट्रैवेल हिस्ट्री भी खंगाली

विभागीय जांच के दौरान प्रिंस की ट्रैवेल हिस्ट्री खंगाली। इससे पता चला कि उसने दिल्ली, रांची, पुरी, ओडिशा, कोलकाता, बंगलूरू, गोपालगंज, वाराणसी समेत कई जगहों की फ्लाइट व ट्रेन के जरिये यात्रा की। यात्रा के लिए टिकट-उड़ चलो, मेक माई ट्रिप व आईआरसीटीसी एप से बुक किए गए। आईआरसीटीसी का अकाउंट खोला नहीं जा सका।

पार्क, तालाब से लेकर श्मशान भूमि तक कब्जों का खेल; पांच हजार से अधिक शिकायतें हो चुकी हैं दर्ज

आगरा , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के आगरा में जमीनों की बढ़ती कीमतों के कारण निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए शहर से ग्रामीण क्षेत्र तक पार्क, नहर, तालाब, बंजर और श्मशान भूमि पर कब्जों का खेल चल रहा है। राजस्व विभाग लापरवाह है। शिकायतों की जांच में लीपापोती से सरकारी भूमि खुर्द बुर्द हो गई हैं। डीएम से लेकर मंडलायुक्त तक के आदेश पर भी कब्जे नहीं हट रहे।

धनौली में खसरा संख्या 485 पर बंजर, 486 में पोखर और 487 में मरघट भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। मौके पर असामाजिक तत्वों का कब्जा है। बरौली अहीर मंडल के पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष मुरारी लाल वर्मा ने 27 दिसंबर को जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। जांच के

नाम पर लीपापोती हो गई। मौके से अवैध कब्जा व अतिक्रमण नहीं हटा। अखिल भारतीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति मंडल प्रभारी बाबूलाल का कहना है कि सरकारी भूमि पर कब्जा कराने में लेखपाल से लेकर कानूनगो तक मिले होते हैं। 24 जनवरी को मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने कब्जे हटाने के लिए एडीएम प्रशासन को आदेश दिए पर धरातल पर हकीकत नहीं बदली।

रिपोर्ट से करते हैं अधिकारियों को गुमराह- एंटी भूमाफिया पोर्टल पर जिले में पांच हजार से अधिक शिकायत दर्ज हो चुकी हैं। जनसुनवाई करने वाले अधिकारी संबंधित विभागों के लिए जांच के आदेश करते हैं। जांच रिपोर्ट के नाम पर अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है। बिना मौका-मुआयना किए जांच रिपोर्ट भेज दी जाती है। सपोर्ट इंडिया वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष सुरेश चंद सोनी का कहना है कि फर्जी जांच रिपोर्ट का अधिकारी दोबारा सत्यापन तक नहीं कराते। इसके कारण जनसुनवाई की व्यवस्था से जनता का विश्वास उठ रहा है।

15 दिन में रामलला को एक करोड़ का चढ़ावा; रामभक्तों ने दिल खोल किया दान

अयोध्या, एजेंसी। रामभक्त रामलला के दरबार में दिल खोलकर दान कर रहे हैं। 23 जनवरी से लगातार भक्त उमड़ रहे हैं। राम मंदिर में बालक राम के सामने रखे छह दानपात्रों (हुंडी) में चढ़ावे की धनराशि की गिनती रविवार को रात आरती के बाद शुरू की गई, जो रात दो बजे तक चली।

एक पखवाड़े यानी 15 दिन में भक्तों ने रामलला को एक करोड़ का चढ़ावा अर्पित किया है। रामलला के दानपात्र से बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण भी मिले हैं। मंदिर खुलने के बाद पिछले 15 दिनों में रामलला के दरबार में 30 लाख से अधिक भक्त पहुंच चुके हैं। रोजाना औसतन दो लाख भक्त रामलला के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं।

भक्त यहां आकर बालक राम के प्रति आस्था समर्पित कर रहे हैं। कोई धन अर्पित कर रहा है, कोई सोना-चांदी। भारी भीड़ के चलते रामलला के दरबार में रखे दानपात्रों में

दान राशि की गिनती के लिए नहीं खोला गया था। इस दौरान चढ़ावा दानपात्रों में जमा होता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में आभूषण आदि भी पाए गए। करीब एक करोड़ से ज्यादा का चढ़ावा राशि दानपात्रों में मिली। रविवार की रात भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों समेत 15 सदस्यीय टीम ने सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में छह दानपात्रों को खोलवा कर जमा सामानों को सुरक्षित रखवाया। उसके बाद इसमें जमा धनराशि की गिनती शुरू हुई। चढ़ावा राशि और भेंट के सामानों को मंदिर परिसर के काउंटिंग रूम में बने चेस्ट में रखवा दिया गया है।

तीन गुना बढ़ा दानपात्र का चढ़ावा- राममंदिर ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता बताते हैं कि अस्थायी मंदिर में रामलला के दान पात्र में 40 से 50 लाख महीने का चढ़ावा आता था। नए मंदिर में यह चढ़ावा तीन गुना बढ़ गया है। पिछले 15 दिनों में ही एक करोड़ का चढ़ावा दान पात्र से प्राप्त हुआ है।

यूपी का मौसम: 13 फरवरी तक राहत देगी धूप, पर रात में ठंडी हवा से बनी रहेगी गलन

लखनऊ , एजेंसी। उत्तर प्रदेश में बुधवार को दिन भर धूप खिली रहने से लोगों को गलन से राहत रही। हालांकि मंगलवार की रात में पारा लुढ़कने से रात और सुबह की गलन बरकरार रही।

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले दिनों बारिश-बूंदाबांदी से निजात मिलने के बाद अब पूरे सप्ताह दिन भर धूप रहने के आसार हैं। 14 फरवरी को प्रदेश में कहीं-कहीं बारिश-बूंदाबांदी के आसार हैं।

बुधवार को लखीमपुर खीरी में दिन का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस, वाराणसी में 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अयोध्या में न्यूनतम तापमान सबसे कम छह डिग्री सेल्सियस रहा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक 13 फरवरी तक धूप खिली रहेगी, लेकिन रात में ठंडी हवाओं से गलन रहेगी।



पवन कल्याण की फिल्म ओजी की रिलीज डेट से उठा पर्दा, विलेन बन छाने को तैयार इमरान हाशमी

साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण बीते लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म ओजी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म से इमरान हाशमी अपने तेलुगु डेब्यू के लिए तैयार हैं। फिल्म की पहली झलक सामने आने के बाद से ही फैंस इसकी रिलीज डेट की घोषणा का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, अब इंतजार खत्म हो गया है। निर्माताओं ने आधिकारिक घोषणा कर दी है। मूवी इसी साल पर्दे पर धमाल मचाने आ रही है।

पवन कल्याण-इमरान हाशमी की फिल्म का निर्माण कर रहे डीवीवी ने फिल्म से जुड़ा एक पोस्टर साझा किया। साथ ही इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी। प्रोडक्शन हाउस ने एक्स पर पोस्टर के साथ लिखा, ओजी, 27 सितंबर, 2024 को आएगा। पोस्टर भी बेहद दिलचस्प है। इसमें साउथ सुपरस्टार हाथ में चाय का गिलास पकड़े नजर आ रहे हैं, जो कि उनकी राजनीतिक पार्टी का भी प्रतीक है।

ओजी की स्टारकास्ट

ओजी की बात करें तो इस फिल्म में पवन कल्याण के अलावा इमरान हाशमी, प्रियंका अरुल मोहन, अर्जुन दास, प्रकाश राज, श्रिया रेड्डी, हरीश उथमन, अभिमन्यु सिंह, अजय घोष और सुभलेखा सुधाकर जैसे कई कलाकार शामिल हैं। ओजी के साथ इमरान हाशमी अपना तेलुगु डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मूवी में वह मुख्य विलेन की भूमिका निभाएंगे। वहीं, ओजी की कहानी की चर्चा करें तो यह एक एक गैंगस्टर ड्रामा है। फिल्म की कहानी मुंबई माफिया के इर्द गिर्द घूमती है।

पवन कल्याण का वर्कफ्रंट

27 सितंबर को अपनी रिलीज के लिए तैयार फिल्म ओजी में नवीन नूली का संपादन, थमन एस का संगीत और रवि के चंद्रन की सिनेमैटोग्राफी देखने को मिलेगी। फिल्म की कहानी सुजीत ने लिखी है। साथ ही उन्होंने ही इसका निर्देशन भी किया है। वहीं, पवन कल्याण के वर्कफ्रंट की बात करें तो, वह हरीश शंकर के साथ उस्ताद भगत सिंह नामक फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, जो इस साल स्क्रीन पर आएगी।

मर्दों की तुलना में औरतों की कामयाबी को कम सेलिब्रेट किया जाता है

मराठी फिल्मों की अवॉर्ड विनिंग जानी-मानी एक्ट्रेस सई ताम्हणकर ने हिंदी सिनेमा में भी खासा काम किया है। एक समय कबड्डी प्लेयर रह चुकी सई ने जब एक्टिंग की राह पकड़ी तो एक्ट्रेस के रूप में काफी उल्लेखनीय काम किया। इन दिनों वे चर्चा में हैं जल्द ही ओटीटी पर आने वाली फिल्म भक्षक को लेकर।

आप हमेशा से एक बेबाक और बिंदास एक्ट्रेस रही हैं। आपको कभी अपनी साफगोई का खामियाजा भुगतना पड़ा है?

इस मुद्दे पर मैं यही कहना चाहूंगी आप अपनी शर्तों पर जी सकते हैं, अपनी मेहनत के बलबूते पर सफलता हासिल कर सकते हैं, मगर आपको डटे रहना होगा, मैं ये मजबूत संदेश आने वाली पीढ़ी को जरूर देना चाहूंगी। कई महिलाएं इसे साबित भी कर चुकी हैं। ये सच है कि जिंदगी में कोई भी बात इतनी आसान नहीं होती। हम औरतों को हर चीज के लिए झगड़ना ही पड़ता है। हमें हर चीज के लिए थोड़ा सहना पड़ता है, मगर जब उसका अच्छा फल मिलता है। तब आप संतुष्टि फील करते हैं। मुझे लगता है कि हर चीज की अपनी जर्नी होती हैं और उस जर्नी से आपको गुजरना पड़ता है, मगर उस सफर में अपना पक्ष रखें जरूरी होता है।

मराठी सिनेमा हो या हिंदी आपने सशक्त अभिनेत्री होने के नाते अपनी फिल्मों में महिला किरदारों की आवाज मजबूत की है। मगर महिला महिला के रूप में आपको सबसे ज्यादा तकलीफ किस बात पर होती है?

मुझे कभी-कभी लगता है कि जिस तरह पुरुषों की सफलता को सेलिब्रेट किया जाता है, उस तरह से महिलाओं की कामयाबी का जश्न नहीं मनाया जाता। जब कोई लड़की गहरी या गंभीर बात करे, तब उसे संजीदगी से नहीं लिया जाता। मेरी ये शिकायत है, समाज से कि ऐसा क्यों? यह मर्दों की दुनिया है और फीस को लेकर भी हमें कम पैसे दिए जाते हैं और लड़कों को ज्यादा, तो ये बात भी बहुत सताती है। मुझे लगता है, ये हाइ टाइम है, जब इस मुद्दे पर बात होनी चाहिए। इस पर बात होगी, तो दबाव बनेगा और मुझे उसका इंतजार है कि कब ये हालात बदलेंगे?हालांकि बदलाव आ चुका है। प्रियंका चोपड़ा को सिटाडेल सीरीज में अपने मेल एक्टर जितनी ही फीस मिली थी, मगर इस बदलाव को पूरी तरह से आने में अभी वक्त लगेगा।

आप भक्षक से जुड़ने को क्यों प्रेरित हुईं? आप समाज में महिलाओं के लिए सबसे बड़ा भक्षक किसे मानती हैं?

ह्यूमन ट्रेफिकिंग पर आधारित यह विषय और इसका प्रोजेक्ट मुझे काफी जानदार लगा। हमारे पास ऐसे प्रोजेक्टस कम ही आते हैं, जिसमें हमें समाज को लौटाने का मौका मिले। मेरे लिए ये उस तरह का प्रोजेक्ट है। मुझे लगता है, हर वो व्यक्ति जो समाज का, नेचर का नुकसान करने पर तुला हो, भक्षक है। मैं इसमें महिला-पुरुष का विभाजन नहीं करना चाहूंगी। हर वो व्यक्ति जो समाज का दुश्मन है, मेरे लिए भक्षक से कम नहीं। जो लोग समाज में अशांति फैलाते हैं, वो भी मेरी नजर में भक्षक ही हैं।

इस फिल्म में भूमि पेडनेकर, संजय मिश्रा और आदित्य श्रीवास्तव के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

अभिनेत्री के रूप में मैं उनकी काफी इज्जत करती हूं और जिस तरह के काम वे चुनती हैं, वो भी काबिले तारीफ होते हैं। उनके साथ काम करने का अनुभव काफी यादगार रहा। संजय मिश्रा काफी सशक्त अभिनेता हैं। जब भी कैमरा ऑन होता है, तब वे अलग आदमी बन जाते हैं। उस वक्त लगता है कि मैं बस उन्हें देखती - सुनती रहूं। आदित्य श्रीवास्तव भी आला दर्जे के कलाकार हैं। इन सभी सीनियर के साथ काम करने में मजा आया। इनकी मौजूदगी का गवाह बनना और इनके साथ काम करने का मौका मिलना फख्र की बात है।

चोक्ड के बाद फिर साथ काम करेंगे सैयामी खेर और अनुराग कश्यप

अभिनेत्री सैयामी खेर और फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप ने एक साथ 2020 में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स फिल्म चोक्ड में काम किया था। अब एक बार फिर सैयामी और अनुराग ने अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है। चोक्ड में अपने सहयोग की शानदार सफलता के बाद दोनों अगले प्रोजेक्ट की तैयारी कर रहे हैं। चोक्ड की कहानी की बात करें तो यह 2016 के दौरान हुई नोटबंदी के दौर पर आधारित एक मनोरंजक फिल्म थी। फिल्म की कहानी और इसके कलाकारों के शानदार प्रदर्शन को दर्शकों ने खूब सराहा। सेट पर सैयामी खेर और अनुराग कश्यप के बीच अभिनेत्री-निर्देशक जोड़ी का तालमेल देखने लायक था और अब यह जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर जादू बिखेरने के लिए तैयार है।

जल्द करेंगे आधिकारिक घोषणा

रिपोर्ट्स के अनुसार, सैयामी खेर और अनुराग कश्यप अपने अगले प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा करने की योजना बना रहे हैं और जल्द ही वे इसका एलान कर देंगे। सैयामी और अनुराग न केवल पेशेवर रूप से जुड़े हुए हैं, बल्कि वे दोस्ती का एक मजबूत बंधन भी साझा करते हैं। अब दर्शकों को उनके अगले प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार है।

अनुराग को पसंद आई थी घूमर

चोक्ड के लिए अनुराग कश्यप और सैयामी खेर को खूब प्रशंसा मिली ही। सैयामी खेर को आखिरी बार अभिषेक बच्चन के साथ फिल्म घूमर में देखा गया, जिसमें उनके अभिनय को भी खूब सराहा गया था। फिल्म ने हाल ही में तीन पुरस्कार भी जीते। जब घूमर का फिल्म महोत्सव में प्रीमियर हुआ तो अनुराग मेलबर्न में मौजूद थे और उन्होंने अपनी प्रशंसा व्यक्त की थी। अब दोनों जल्द ही एक साथ आकर फिर अपना जादू बिखेरेंगे।

आलिया भट्ट ने क्राइम सीरीज पोचर को बताया काफी प्रभावशाली

एक्ट्रेस आलिया भट्ट रिची मेहता द्वारा बनाई गई क्राइम सीरीज पोचर में कार्यकारी निर्माता के रूप में नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि इसका प्रभाव बेहद व्यक्तिगत था और एमी-पुरस्कार प्राप्त फिल्म निर्माता द्वारा वन्यजीव अपराध के तत्काल मुद्दे का चित्रण उन पर गहरा प्रभाव डालता है। पोचर के लिए कार्यकारी निर्माता के रूप में आने के बारे में बात करते हुए, आलिया ने साझा किया, इस अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना मेरे और इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस की पूरी टीम के लिए सम्मान की बात है। पोचर का प्रभाव बेहद व्यक्तिगत था और वन्यजीव अपराध के जरूरी मुद्दे पर रिची का चित्रण मुझे और टीम को बहुत पसंद आया। उन्होंने आगे कहा, कि स्टोरीटेलिंग ने वास्तव में मुझे प्रभावित किया, खासकर यह जानकर कि यह सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जो हमारे जंगलों में होने वाले क्रूर अपराधों पर प्रकाश डालती है। मुझे विश्वास है कि पोचर आंखें खोलने का काम करेगी और सभी जीवित प्राणियों के प्रति अधिक दयालु और विचारशील होने का एक शक्तिशाली संदेश देगी।

एनिमल की सफलता के बाद फीस बढ़ाने की खबरों पर बोलीं रश्मिका

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म एनिमल की दमदार सफलता का जश्न मना रही हैं। फिल्म में वे बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर और बॉबी देओल के साथ नजर आई थीं। गीतांजलि के रूप में रश्मिका के अभिनय को भी खूब सराहा गया था। हालांकि, हाल ही में ऐसी खबरें आईं कि एनिमल की सफलता के बाद रश्मिका ने अपनी फीस बढ़ा दी है। अब इन खबरों पर रश्मिका ने चुप्पी तोड़ी है और फीस को लेकर सच्चाई का खुलासा किया। अभिनेत्री को संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म में उनके प्रदर्शन के लिए दर्शकों और फिल्म समीक्षकों से मिश्रित समीक्षा मिली है। यह भी खबर आई थी कि रश्मिका ने अपनी फीस बढ़ा दी है और कहा गया था कि वे प्रति फिल्म चार से 4.5 करोड़ रुपये चार्ज करेंगी। हालांकि, आज मंगलवार, छह फरवरी को अभिनेत्री ने एक्स पर एक फिल्म पोर्टल की पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि ये खबरें सच नहीं हैं। इन अफवाहों पर पलटवार करते हुए रश्मिका ने लिखा, मुझे आश्चर्य है कि ये सब कौन कहता है। ये सब देखने के बाद मुझे लगता है कि मुझे वास्तव में इस पर विचार करना चाहिए और अगर मेरे निर्माता पूछते हैं कि क्यों तो मैं बस यही कहूंगी कि मीडिया ऐसा कह रहा है और मुझे लगता है कि मुझे उनकी बातों पर खरा उतरना चाहिए, मैं क्या करूं? इससे पहले रश्मिका ने एनिमल में निभाए अपने गीतांजलि की भूमिका का समर्थन किया था।



आमिर खान के साथ पहली बार काम करेंगे सन्नी देओल

फिल्म लाहौर 1947 में आमिर खान और सनी देओल के साथ काम करने को लेकर निर्देशक राजकुमार संतोषी ने खुलकर बात की। उन्होंने इस सहयोग को विशेष बताया है। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित आगामी फिल्म लाहौर 1947 एक पीरियड फिल्म है, जो मनोरंजन उद्योग में सबसे प्रमुख और रचनात्मक नामों का दावा करती है। इस फिल्म के लिए पहली बार राजकुमार संतोषी, सनी और आमिर की तिकड़ी साथ आ रही है। इस सहयोग के बारे में बात करते हुए राजकुमार ने बताया, लाहौर 1947 एक बहुत ही खास फिल्म है, यह मेरे करियर में एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। यह सबसे प्रतिभाशाली लोगों के साथ एक बार फिर से जुड़ने का मौका है। मैंने आमिर के साथ अंदाज़ अपना अपना में काम किया था और इस बार वह एक निर्माता के रूप में सहयोग कर रहे हैं। सनी देओल के साथ मैंने घायल, दामिनी और घातक जैसी



सबसे पसंदीदा फिल्में बनाईं। इतनी बड़ी फिल्म के लिए, मैं एआर रहमान के अलावा किसी और के बारे में नहीं सोच सकता। राजकुमार ने कहा, मेरे और जावेद अख्तर के बीच रिश्ते बेहतरीन रहे हैं। ऐसे में इस फिल्म के साथ बतौर गीतकार उनका जुड़ना बेहद खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू की जाएगी।

लकड़बग्घा-2 की शूटिंग की स्थगित, पैटरनिटी लीव पर गए अंशुमन झा

एक्टर अंशुमन झा ने अपनी पत्नी सिएरा की गर्भावस्था के चलते लकड़बग्घा-2 के दूसरे पार्ट की शूटिंग एक महीने के लिए स्थगित कर दी है। सीक्वल अब अप्रैल की बजाय जून में जारी किया जाएगा। फिल्म की शूटिंग अब एक महीने या उससे अधिक समय बाद इंडोनेशिया में होगी। अंशुमन डिलीवरी से पहले, अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए नौ सप्ताह के पैटरनिटी लीव पर जा रहे हैं, उन्होंने कहा यहां मैं अपने दिल की बात सुन रहा हूं। मैं इस समय सिएरा के साथ रहने को प्राथमिकता देना चाहता हूं। पिछले छह हफ्तों में और डिलिवरी के बाद कम से कम एक महीने तक उसके साथ रहना है। उन्होंने आगे कहा, मूल रूप से मुझे दो सप्ताह में लौटना था, लेकिन यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है और उसके साथ रहना बाकी सभी चीजों से ऊपर है। लकड़बग्घा-2 के दूसरे पार्ट को प्रसिद्ध लेखक सौरव घोष ने लिखा है। लकड़बग्घा 2023 में रिलीज हुई थी। इसमें रिद्धि डोगरा, परेश पाहुजा और मिलिंद सोमन भी हैं।



स्पोर्ट्स ब्रांड से साथ 110 करोड़ की डील तोड़ने वाले हैं विराट कोहली?

नई दिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली क्रिकेट ही नहीं बल्कि खेल की दुनिया के सबसे बड़े नामों में शामिल हैं। 2017 में तब के भारतीय कप्तान विराट कोहली स्पोर्ट्स ब्रांड प्यूमा के साथ जुड़े थे। दोनों के बीच 110 करोड़ की डील हुई थी। लेकिन अब इस स्पोर्ट्स ब्रांड और विराट कोहली के रिश्तों को लेकर बड़ी खबर आ रही है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि विराट कोहली प्यूमा से अलग होने वाले हैं।

विराट हमारे साथ ही हैं

विराट कोहली के छोड़कर जाने की खबर के बाद हर तरफ खलबली मच गई है। स्पोर्ट्स ब्रांड प्यूमा ने विराट कोहली के उनके साथ साझेदारी खत्म करने की सभी खबरों को खारिज कर दिया है। प्यूमा इंडिया के प्रबंध निदेशक कार्तिक बालगोपालन ने एक बयान में नवभारत टाइम्स से कहा है कि विराट कोहली ब्रांड से जुड़े हुए हैं और रहेंगे। विराट कोहली के साथ प्यूमा का रिश्ता लंबे समय से चला आ रहा है और जारी है।

विराट कोहली और प्यूमा की डील 8 साल के लिए थी। वह किसी एक ब्रांड के साथ 100 करोड़ से ज्यादा की डील साइन करने वाले वे पहले इंडियन थे। सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी ने भी 100 करोड़ से ज्यादा की एंडोर्समेंट डील की थीं लेकिन वे एक से ज्यादा कंपनियों के लिए थीं। क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली कथित तौर पर इस इंडस्ट्री में एक उभरते हुए खिलाड़ी, एजिलिटास स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के चेहरे के रूप में एक नई भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। कोहली न केवल ब्रांड का समर्थन करने वाले हैं, बल्कि कंपनी में हिस्सेदारी भी रखेंगे।

यही वजह है कि वह प्यूमा के साथ 8 साल पुराना रिश्ता खत्म कर रहे हैं। यह प्यूमा इंडिया के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक गांगुली की कंपनी है। इसे पिछले साल ही बनाया गया है। यह तेजी से स्पोर्ट्स फुटवियर निर्माण में एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरी है।

शादी के बंधन में बंधा दिल्ली कैपिटल्स का गेंदबाज, टीम ने दिलचस्प अंदाज में दी बधाई

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज प्रवीण दुबे ने शादी कर ली है. उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी शेयर की. दिल्ली कैपिटल्स ने भी प्रवीण को खास अंदाज में शादी की बधाई दी है. टीम ने इंस्टाग्राम पर उनकी तस्वीर शेयर की है. फैंस ने दिल्ली कैपिटल्स की इस



पोस्ट पर कई तरह के रिएक्शन दिए हैं. दिल्ली ने प्रवीण को रिटेन किया था. प्रवीण दिल्ली कैपिटल्स के साथ 2021 से हैं. हालांकि उन्हें अभी तक ज्यादा मैचों में खेलने का मौका नहीं मिल पाया है. दरअसल प्रवीण ने अपनी वाइफ मून दुबे के साथ की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं. इसमें दोनों ही शादी के जोड़े में नजर आ रहे हैं. प्रवीण ने इंस्टाग्राम पर तीन फोटो शेयर की हैं.उनकी सोशल मीडिया पोस्ट पर फैंस के साथ-साथ साथी खिलाड़ी भी बधाई दे रहे हैं. इसके साथ ही दिल्ली कैपिटल्स ने प्रवीण के लिए अलग से पोस्ट शेयर की है. खबर लिखने तक इस पोस्ट को 38 हजार से ज्यादा लोगों ने लाइक किया. गौरतलब है कि प्रवीण दुबे 2021 से दिल्ली कैपिटल्स के साथ हैं. उन्हें टीम ने 20 लाख रुपए में खरीदा था. इसके बाद 2022 में इसे बढ़ाकर 50 लाख किया गया. वे 2023 और 2024 में भी रिटेन किए गए. हालांकि प्रवीण को अभी तक आईपीएल में ज्यादा मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला है. उन्होंने 4 मैच खेले हैं और इस दौरान एक विकेट लिया है. प्रवीण 2023 में पंजाब किंग्स के खिलाफ एक मैच खेले थे. प्रवीण का घरेलू मैचों में अच्छा रिकॉर्ड रहा है. उन्होंने लिस्ट ए के 13 मैचों में 21 विकेट लिए हैं. वहीं 24 टी20 मैचों में 24 विकेट लिए हैं. वे एक फर्स्ट क्लास का भी मैच खेल चुके हैं.

विराट के दोस्त ने एसए टी20 लीग में मचाई तबाही

जोहान्सबर्ग, एजेंसी। फाफ डु प्लेसिस की तूफानी अर्धशतकीय पारी से जोबर्ग सुपर किंग्स पार्ल रॉयल्स को 9 विकेट से रौंद दिया। सुपर किंग्स और रॉयल्स के बीच खेले गए इस एलिमिनेटर मुकाबले में डु प्लेसिस ने 34 गेंद में 53 रन कूट दिए।

अपनी इस पारी में उन्होंने 3 छक्के और 3 चौके भी लगाए। डु प्लेसिस के अलावा सुपर किंग्स के लिए ल्यूस डु प्लोय ने भी 43 गेंद में 68 रनों की दमदार पारी खेली। एलिमिनेटर मुकाबले में रॉयल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.5 ओवर में सिर्फ 138 रन बनाकर सिमट गई थी। इसके जवाब में सुपर किंग्स ने ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए सिर्फ 13.2 ओवर में ही मुकाबले को अपने नाम कर लिया। रॉयल्स के लिए बल्लेबाजी में कप्तान डेविड मिलर को छोड़कर और कोई भी बल्लेबाज अपना कमाल नहीं दिखा सके। मिलर ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए 40 गेंद में 47 रन बनाए। मिलर के अलावा जेसन रॉय ने 24 और डेन विलास ने भी 21 रनों का योगदान दिया। वहीं सुपर किंग्स के लिए गेंदबाजी में सैम कुक ने अपना कहर बरपाया। सैम कुक ने अपनी दमदार गेंदबाजी से 3.5 ओवर में सिर्फ 24 रन देकर 4 विकेट अपने नाम कर लिए। इसके अलावा नांद्रे बर्गर ने भी 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट झटके। वहीं इमरान ताहिर ने 4 ओवर में 33 रन खर्च कर दो विकेट लिए।

आईपीएल 2024 में कौन है सबसे महंगा कप्तान, हार्दिक पांड्या से ज्यादा है केएल राहुल की सैलरी

नईदिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। आईपीएल 2024 में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन 10 टीमों के कप्तानों में किसकी सैलरी सबसे ज्यादा है और किसकी सैलरी सबसे कम है। लखनऊ सुपर जायन्ट्स के कप्तान केएल राहुल जहां आईपीएल 2024 के सबसे महंगे कप्तान होंगे, वहीं सबसे सस्ता कप्तान सनराइजर्स हैदराबाद के पास है। सनराइजर्स हैदराबाद

हालांकि आईपीएल 2024 के आगाज से पहले नए कप्तान का ऐलान भी कर सकता है। फिलहाल सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्करम हैं, जिनकी सैलरी 2.6 करोड़ रुपये है। आईपीएल 2024 के कप्तानों में सबसे ज्यादा सैलरी लखनऊ सुपर जायन्ट्स के कप्तान केएल राहुल हैं। केएल राहुल की सैलरी 17 करोड़ रुपये है। वहीं दूसरे नंबर पर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत हैं, पंत की सैलरी 16 करोड़ रुपये है।

ऋषभ पंत की वापसी को लेकर दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग बयान दे चुके हैं, लेकिन उन्होंने साथ ही कहा है कि अगर पंत कप्तानी के लिए तैयार नहीं होते हैं, तो ऐसे में डेविड वॉर्नर ही दिल्ली कैपिटल्स की कमान संभालेंगे। पोंटिंग ने कहा कि पंत इस बात को लेकर पूरी तरह कॉन्फिडेंट हैं कि वह आईपीएल 2024 पूरा खेल लेंगे।

बाबर आजम ने भावुक पोस्ट के जरिए बीपीएल से ली विदाई

ढाका, एजेंसी। पाकिस्तान टीम के पूर्व कप्तान बाबर आजम का बांग्लादेश प्रीमियर लीग में सफर खत्म हो गया है। टूर्नामेंट में रंगपुर राइडर्स के लिए 6 मैच खेलने के बाद बाबर आजम ने फ्रेंचाइजी को अलविदा कह दिया है। मंगलवार को दुरंतो ढाका के खिलाफ आखिरी मैच

खेलने के बाद बाबर आजम ने सोशल मीडिया पर रंगपुर राइडर्स के नाम एक भावुक संदेश पोस्ट किया है। बाबर ने इस पोस्ट में फ्रेंचाइजी का आभार जताया और कप उठाने की शुभकामनाएं दी।

क्या कहा है बाबर आजम ने?

बाबर आजम ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है, मेरी प्यारी रंगपुर राइडर्स फैमिली, मैंने आपके साथ जो समय बिताया वह अविश्वसनीय था। आप सभी के द्वारा दिए गए प्यार और समर्थन से मेरा दिल भर गया है। मैं पूरी टीम का आभार प्रकट करता हूं। इस टीम ने टूर्नामेंट में वास्तव में बेहतरीन टीम वर्क का उदाहरण पेश किया है। मैं सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ का आभारी हूं।

यशस्वी से सीखो... मिडिल ऑर्डर की घटिया बल्लेबाजी पर ये क्या बोल गए गावस्कर!

नईदिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है। ऐसे में भारत के पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर ने खिलाड़ियों को ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल से सीखने की सलाह दी है। जायसवाल ने अब तक खेले गए दोनों ही टेस्ट मैच में बेहतरीन खेल दिखाया है। दूसरे टेस्ट मैच में उन्होंने दमदार दोहरा शतक भी लगाया। जायसवाल की बैटिंग की तारीफ करते हुए सुनील गावस्कर ने कहा कि पहले टेस्ट में शतक से चूकने के बाद जायसवाल ने दूसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाकर अपनी सीखने की क्षमता का परिचय दिया। भारत को ऐसे ही बल्लेबाज की जरूरत थी जो बड़ा शतक लगाकर पारी को संभाले क्योंकि पहले टेस्ट की तरह ही बाकी बल्लेबाज शुरुआत अच्छी कर के अपना विकेट गंवा बैठे थे। गावस्कर ने कहा,

टी20 क्रिकेट के कारण कई बार बल्लेबाजों का टेम्परामेंट खराब हो जाता है।

वह सोचते हैं कि हर बार अनोखा शॉट खेलकर रन बना सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं होता। टेस्ट क्रिकेट पांच दिन का खेल होता है और भले ही कई मैच जल्दी खत्म हो जाते हैं, लेकिन ओली पोप और जायसवाल की पारियों ने दिखाया है कि इस फॉर्मेट में भी मैच का रुख बदलने वाली पारी खेली जा सकती है।

श्रेयस अय्यर ने किया निराश

बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में टीम इंडिया के मध्यक्रम बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। अय्यर को दोनों ही पारियों में अच्छी शुरुआत मिली थी लेकिन वह अपना विकेट गंवा बैठे। यही कारण है कि अब तीसरे टेस्ट में उन पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

ओडीआई फॉर्मेट होगा 40 ओवर का? पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने उठाई मांग

नईदिल्ली, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टी20 फॉर्मेट के आने के बाद से वनडे और टेस्ट की लोकप्रियता को लेकर समय-समय पर बहस होती रही है। कई दिग्गज क्रिकेटर टेस्ट और वनडे क्रिकेट को बचाए रखने के लिए अहम सलाह देते रहे हैं। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरोन



फिंच ने वनडे फॉर्मेट में ओवर कम करने की सलाह दी है। फिंच ने एक वीडियो में कहा है कि वनडे फॉर्मेट को 40-40 ओवर का कर देना चाहिए।

फिंच ने कहा है, मुझे लगता है कि वनडे फॉर्मेट को 40-40 ओवर का करना चाहिए। मुझे यह देखकर अच्छा लगेगा, क्योंकि 50-50 ओवर में अब दर्शकों की भीड़ देखने को नहीं मिलती। इंग्लैंड में पहले प्रो-40 नाम का टूर्नामेंट होता था, जो काफी लोकप्रिय था। मेरे हिसाब से यह गेम अब काफी लंबा हो गया है। टीमें जिस हिसाब से 50 ओवर करती हैं, वो काफी स्लो है। 11 से 12 घंटे एक मैच को खत्म होने में लग जाते हैं जो स्वीकार्य नहीं है। बता दें कि हाल ही में वनडे विश्व कप की मेजबानी भारत में हुई थी और उसकी सफलता के बाद भी वनडे फॉर्मेट में ओवर कम करने की बात होती रहती है।

डेरिल मिचेल एसए के खिलाफ दूसरे टेस्ट से हुए बाहर

केन विलियमनस को मिल सकता है ब्रेक

वैलिंग्टन, एजेसी। न्यूजीलैंड के हरफनमौला डेरिल मिचेल पैर की चोट के कारण साउथ अफ्रीका के खिलाफ आगामी दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इसके अलावा, वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के लिए भी उपलब्ध नहीं होंगे। टीम मैनेजमेंट चाहता है कि मिशेल कंगारुओं के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले पूरी तरह से फिट हो जाएं। इस वजह से उन्हें इतना लंबा ब्रेक दिया गया है।

मिचेल सभी फॉर्मेट में कीवी टीम के एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं और वे उम्मीद कर रहे होंगे कि उसके पैर की चोट गंभीर न हो। वह पिछले छह-सात महीनों से अपनी चोट को मैनेज कर रहे हैं, लेकिन मुख्य कोच गैरी स्टीड का कहना है कि यह मिशेल के लिए चोट से पूरी तरह से उबरने का सबसे अच्छा मौका है। कोच ने कहा कि हमने पहले भी उन्हें आराम दिया, मगर मेडिकल एड्वाज लेने के बाद पता चला कि उन्हें लंबे ब्रेक की जरूरत है। यह वास्तव में कठिन है, क्योंकि अगले कुछ समय में ब्रेक लेने के लिए उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिलेंगे, इस वजह से हमने उन्हें तीन हफ्ते का आराम लेने के लिए कहा है। उम्मीद है कि वह पूरी रिकवरी के साथ वापसी करेंगे।

मिशेल लगभग छह या सात महीने से इस चोट से जूझ रहे हैं और उन्हें जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अंतिम टी20 मैच से आराम दिया गया था, लेकिन अब यह निर्णय लिया गया है कि खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका देने के लिए उन्हें लंबे समय तक बाहर रहने की जरूरत है। उम्मीद है कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज में वापसी करेंगे। इसके अलावा केन विलियमसन के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, क्योंकि उनकी पत्नी तीसरे बच्चे को जन्म देने वाली है।

हालांकि इस सीरीज के लिए ट्रेंट बोल्ट के नाम पर विचार किया जा सकता है क्योंकि उस दौरान वह कोई फ्रेंचाइजी लीग का हिस्सा नहीं होंगे। स्टीड ने कहा, अगर हम बोल्ट को चुनना चाहते हैं तो वह उपलब्ध हैं। मेरी और उसकी अभी भी बातचीत होती है...उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में यह पता चल जाएगा कि क्या होता है।

वेर्नोन फिलैंडर ने कर दी भविष्यवाणी

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में बुमराह मचाएगा तबाही

नईदिल्ली, एजेंसी। सभी प्रारूपों में जसप्रीत बुमराह के हालिया प्रदर्शन से प्रभावित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर ने कहा है कि वह इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भी साबित होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्टनम में दूसरे टेस्ट में नौ विकेट लेकर भारत को 91 रन से जीत दिलाकर सीरीज में 1-1 से वापसी कराने वाले बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच दूसरे नंबर पर पहुंचे थे।

फिलैंडर ने कहा,बुमराह इस समय कंपलीट गेंदबाज हैं। उनके पास जबर्दस्त कौशल है और उन्होंने सटीक गेंदबाजी का हुनर सीख लिया है जिससे टेस्ट क्रिकेट में इतनी सफलता मिल रही है। पहले वह हर समय विकेट लेने वाली गेंद फेंकना चाहते थे जिससे महंगे साबित होते थे लेकिन अब उनके प्रदर्शन में निरंतरता है। वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें टी20 क्रिकेट में भी कभी कमतर नहीं आंका जा सकता।

वह नई गेंद से स्विंग कराते हैं और बल्लेबाज को आगे बढ़कर खेलने के लिये मजबूर करते हैं। उनके यॉर्कर काफी धारदार होते हैं और टी20 क्रिकेट में यही तो चाहिए। मुझे लगता है कि वह टी20 वर्ल्ड कप में सबसे कामयाब तेज गेंदबाज होंगे।

बुमराह शानदार बॉलिंग करता है, डिविलियर्स ने नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज की तारीफों में बांधे पुल

नईदिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम टेस्ट में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने टेस्ट मैच में 9 विकेट झटके। 2 टेस्ट में वह 15 विकेट ले चुके हैं। इस प्रदर्शन के बदौलत वह टेस्ट क्रिकेट में नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं।

वह टेस्ट क्रिकेट में नंबर-1 रैंक पर पहुंचने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बने। साउथ अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने जसप्रीत बुमराह की तारीफों में बुल बांधे हैं। उन्होंने हिंदी में बुमराह की तारीफ की है। उनकी यॉर्कर को सबसे खतरनाक गेंद बताया है।

एबी डिविलयर्स ने बुमराह को लेकर कहा, बुमराह शानदार बॉलिंग करता है। जसप्रीत बुमराह शानदार गेंदबाज है।

उन्होंने अन्य भारतीय गेंदबाजों को पछाड़ दिया, लेकिन मुझे लगता है कि दूसरों ने भी मौके को भुनाया और साथ में अटैक

कर रहे थे। अन्य गेंदबाजों के आंकड़े अच्छे नहीं दिखते, लेकिन उन्होंने उनके (बुमराह) लिए सेटअप किया। यह कोई व्यक्तिगत खेल नहीं है और यही बात मुझे इस भारतीय आक्रमण के बारे में पसंद है।

बुमराह की यॉर्कर पर क्या बोले एबी डिविलियर्स

ओली पोप के स्टंप उखाड़ने के बाद बुमराह की यॉर्कर गेंद एक बार फिर से चर्चा का विषय है। डिविलियर्स ने कहा कि जब भी वह उनके खिलाफ खेलते थे तो वह हमेशा यॉर्कर के बारे में सोचते और तैयारी करते थे। उन्होंने कहा, हर फॉर्मेट में यॉर्कर बुमारह का हथियार है।

उनके खिलाफ खेलते हुए मैं हमेशा उनके यॉर्कर को खतरे रूप में देखता हूं। यहां तक कि टेस्ट में भी वह काफी विकेट चटकाते हैं।

एक नजर

सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

देव (औरंगाबाद) (नि. सं.)। औरंगाबाद में सरस्वती पूजा के मद्देनजर जिले के सिमरा, देव, नबीनगर एवं रिसियप थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

नवीनगर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)। नवीनगर थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह ने किया जिसमें पूजा के दौरान डीजे नहीं बजाने और जुलूस नहीं निकालने तथा शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन करने की बात कहा गया सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा मनाने की अपील किया गया शराब पीने और बेचने वालों पर निगरानी रखने पर जोर दिया गया पुलिस गश्ती के द्वारा असामाजिक लोगों पर नकेल कसने पर बल दिया गया किसी भी तरह की सूचना थाना को देने की बात कहा गया इस दौरान प्रखंड कांग्रेस कमेटी प्रखंड अध्यक्ष संतन सिंह राजद प्रखंड अध्यक्ष जगन यादव राजद नगर युवा अध्यक्ष उदय प्रसाद गुप्ता जिला पार्षद हरि राम सरपंच राकेश सिंह जदयू जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह भाजपा नेता उमेश कुमार सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

गांव चलो कार्यशाला अभियान आयोजित

नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)। नवीनगर भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल द्वारा ग्राम पंचायत जयहिंद तेंदुआ के फुलडीहा गांव में गांव चलो अभियान के तहत मंडल पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष बीएलओ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं को गांव में प्रवास करने की सलाह दिया गया तथा प्रत्येक बूथ के गांव में 24 घंटा प्रवास करने के लिए तथा प्रत्येक व्यक्ति से मिलने की बात कहा गया तथा बुथ समिति सशक्त करने पर जोर दिया गया इस दौरान टंडवा मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह विधानसभा विस्तारक ब्रजेश कुमार मंडल महामंत्री संजय प्रसाद अजीत तिवारी संजय सिंह विधानसभा प्रभारी उदय प्रताप सिंह अनिल पांडेय बसंत चंद्रवंशी विवेक सिंह टंडवा मंडल प्रभारी सुनील कुमार अशोक सिंह संतोष सोनी टंडवा मंडल उपाध्यक्ष शंभू नाथ मिश्रा सत्यनारायण राम समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

एक सप्ताह से शपथ पत्र का कार्य प्रभावित

औरंगाबाद (का. सं.)। जिला विधिक संघ, औरंगाबाद के अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि कुछ कार्यपालक पदाधिकारियों के तबादले से सदर औरंगाबाद के कार्यपालक पदाधिकारी से प्रतिदिन होनेवाले दर्जनों शपथ पत्र कार्य फरवरी के शुरूआत से ही बंद हैं। इस कारण सैकड़ों लोग शपथ पत्र के लिए आते हैं और हताश और निराश लौट जाते हैं। गौरतलब है कि बहुत से शपथ पत्र शीघ्र संबंधित विभाग, स्कूल, कॉलेज, बैंक, सार्वजनिक या निजी कंपनियों में जमा करने होते हैं। सक्षमता परीक्षा में भी शपथ पत्र देना है। इस कारण काफी लोग परेशान हैं। उन्होंने बताया कि नये कार्यपालक अधिकारी के सोमवार से आने की संभावना है जिससे मंगलवार से शपथ पत्र की समस्या में लगाम लगेगी।

सरपंच के घर नक्सलियों ने चिपकाया पोस्टर

हसपुरा (नि. सं.)। हसपुरा थाना क्षेत्र में माओवादी संगठन फिर से सर उठाने लगा है। कथित माओवादियों के द्वारा जैतपुर ग्राम कचहरी के सरपंच के घर पर नक्सली पोस्टर चिपकाए जाने और फोन पर लेवी मांगने की सूचना से थाना से लेकर जिला पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। जौतपुर पंचायत के ग्राम कचहरी के सरपंच धनंजय कुमार घोष के घर पर दस लाख रुपए का लेवी मांगे हुए पोस्टर चिपका गया है और फोन पर भी लेवी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी कथित नक्सलियों ने दिया है।

डीएम ने किया औरंगाबाद मंडल कारा का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री ने गुरुवार को मंडल कारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कारा में संधारित विभिन्न पंजी, लेखा पंजी, भवन की स्थिति, सुरक्षा की स्थिति, जलापूर्ति, बंदी कल्याण एवं प्रशिक्षण आदि का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने पंजियों के संधारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कोषागार पदाधिकारी ने डीएम को बताया कि कैश बुक को अद्यतन किए जाने की आवश्यकता है एवं स्टॉक रजिस्टर में ओवरराइटिंग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि डेड स्टाक पंजी संधारित नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने सभी पंजियों को संधारित करने का निर्देश दिया। कारा अधीक्षक सुजीत झा ने डीएम को बताया कि जन शिक्षा निदेशालय से दो शिक्षक कारा में शिक्षण कार्यक्रम चलाने हेतु आते हैं। कारा में एक पुस्तकालय भी है जिसका इस्तेमाल बंदियों द्वारा किया जाता है। कारा में विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें बंदीगण बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। वही अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्ला खां एवं सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता ने कारा शस्त्रागार एवं कारा में सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने शस्त्रागार भवन को मानक के अनुरूप नवीकृत करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कारा में सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ बनाने हेतु पैदल गश्ती एवं सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने कारा में फायर ऑडिट जल्द से जल्द कर लेने का भी निर्देश दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने जेल की दीवारों के बीच में भी टावर वॉच बनाने का सुझाव दिया। जिलाधिकारी ने कैदियों को दिए जा रहे पारिश्रमिक भुगतान का जायजा लिया। उनके द्वारा पारिश्रमिक भुगतान पंजी को संधारित करने का निर्देश कारा अधीक्षक को दिया गया। उन्होंने कहा कि जब कोई बंदी कारागृह से मुक्त होता है तो उसे पासबुक हस्तगत करते हुए पारिश्रमिक पंजी में उसका हस्ताक्षर जरूर लें। उनके द्वारा कैदियों को दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। कारा में साफ सफाई एवं पानी निकासी संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। कारा निरीक्षण में सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार एवं कोषागार पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

मधुकर के दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद द्वारा महान साहित्यकार, संस्था के पूर्व महामंत्री मिथिलेश मधुकर जी के दूसरी पुण्यतिथि श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने उनके सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा एवं उन्हें अश्रुपूरित नेत्रों श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मिथिलेश मधुकर जी औरंगाबाद जिले के हिंदी साहित्य के स्तंभ के रूप में जाने जाते हैं। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन को उन्होंने आगे बढ़ाने का कार्य किया था। वे नवोदित लेखकों को लेखन प्रक्रिया में मदद किया करते थे। औरंगाबाद में शब्द के चितेरे पत्रिका को निकालने का श्रेय मधुकर जी को ही जाता है। मधुकर जी ने जो भी लिखा उसकी जीवन्तता आंतरिक गहराइयों में मिलती है। उन्हें औरंगाबाद के दिनकर नाम से जाना जाता है। उनकी कालजयी कृति स्वयमेव एवं बोधिसत्व औरंगाबाद जिले के साहित्यिक उपादान की महत्वपूर्ण कृति के रूप में अंकित है।बोधिसत्व की चर्चा विदेश तक भी हो चुकी है। संस्था के वर्तमान महामंत्री धनंजय जयपुरी, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ,संरक्षक डॉ शिवपूजन सिंह, समाजसेवी लालदेव प्रसाद हास्य व्यंग के हस्त मुक्त कवि विनय मामूली बुद्धि, आमोद कुमार सिंह ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं कहा कि मधुकर जी का साहित्य उन्हें अमरत्व प्रदान कर चुका है।

ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की हुई मौत, एक घायल

निज संवाददाता

रफीगंज(औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड के चरकावां-पांती पथ के ढाढर गांव के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से मई बिगहा गांव निवासी राजेंद्र यादव के 26 वर्ष पुत्र गुड्डू उर्फ ललन यादव की मौत हो गई। इसी गांव के राम पुकार के पुत्र शिव शंकर यादव घायल हो गये। स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। डॉक्टर ने नस टटोलते ही ललन यादव को मृत घोषित कर दिया गया। शिव शंकर यादव को निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। मृतक के भाई लालू यादव ने बताया कि मेरा भाई कुट्टी काटने वाला ट्रैक्टर पर मजदूरी का काम करता था।बुधवार की रात करीब लगभग 9 बजे कुट्टी काटकर पाती गांव की ओर जा रहा था। इसी बीच ढाढर गांव के समीप अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गई। सूचना मिलते ही एसआई गीतांजलि कुमारी व कविता कुमारी दल-बल के साथ अस्पताल में पहुंचे। कागजी कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया।पूर्व मुखिया शाहजादा शाही व पैक्स अध्यक्ष लालमोहन यादव ने बताया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा मृतक के परिवारों को शीघ्र ही दिलाया जाएगा।

11 फरवरी को होगा महेंद्र पांडेय रचित मानवेत्तर प्राणी जगत पुस्तक का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में प्रकाशित कृतियों की श्रृंखला में 32वीं कड़ी के रूप में महान साहित्यकार स्वर्गीय महेंद्र पांडेय रचित मानवेत्तर प्राणी जगत का लोकार्पण 11 फरवरी को समाहरणालय के बगल में अवस्थित श्री कृष्ण स्मृति भवन के प्रांगण में किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए संस्था के महामंत्री धनंजय जयपुरी एवं उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन वर्तमान परिवेश में औरंगाबाद जिलों में दर्जनों कृतियों को प्रकाशित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उसी,कड़ी में यह कृति भी है। संस्था के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जाएगा एवं मुख्य अतिथि के एसपी जैन सासाराम के प्रोफेसर गुरचरण सिंह की गरिमामई उपस्थिति होगी। जबकि विशिष्ट स्थिति के रूप में एसपी जैन कॉलेज सासाराम के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद सिंह, राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था सामयिक परिवेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ममता मेहरोत्रा, पूर्व मध्य रेलवे के पूर्व राजभाषा अधिकारी राजमणि मिश्र शिरकत करेंगे एवं संचालक के रूप में प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं चर्चित पत्रकार प्रेमेंद्र मिश्रा अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। स्वागतकर्ता राधेश्याम पांडेय, श्रीराम पांडेय, सत्यनारायण पांडेय ने बताया कि डॉ महेंद्र पांडेय औरंगाबाद जिले के चर्चित कर्मकांडी के रूप में जाने जाते थे साथ ही साथ भागवत कथा वाचक के रूप में औरंगाबाद जिला ही नहीं बल्कि बिहार प्रांत के बाहर भी भागवत कथा का प्रवचन करने जाया करते थे।

इंटरमीडिएट परीक्षा में अब तक 197 परीक्षार्थी निष्कासित

पटना (नि.सं.)। गुरूवार को बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के सांतवां रहा। प्रथम पाली में विज्ञान, वाणिज्य, कला की परीक्षा हुई। सुबह 9:30 से शुरू हो गई। यह दोपहर 12:45 तक चली। द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5:15 बजे तक चली। वहीं, दूसरी पाली में कला संकाय के मनोविज्ञान और वाणिज्य संकाय के परीक्षार्थियों के लिए एंटरप्रेन्योरशिप विषय की परीक्षा आयोजित की गई। अब तक 197 छात्र-छात्राओं को निष्कासित किया जा चुका है।

महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले एवं चेन पुलिंग करने वाले लोगों को लिए गए हिरासत में

निज संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है । इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेषन ''समय पालन'' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब ना हो। ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत फरवरी के पहले सप्ताह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 178 लोगों को हिरासत में लिया गया । इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई । ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत् इन 07 दिनों में सर्वाधिक 100 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि सोनपुर समस्तीपुर मंडल में 35, सोनपुर मंडल में 16, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 15 तथा धनबाद मंडल में 12 लोगों को हिरासत में लिया गया ।

इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेषन ''महिला सुरक्षा'' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरशन ''महिला सुरक्षा'' मे तहत फरवरी के पहले सप्ताह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 431 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया । इनमें सर्वाधिक 276 लोग दानापुर मंडल में जबकि पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 96, सोनपुर मंडल में 44, समस्तीपुर मंडल में 13 एवं धनबाद मंडल में 02 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

एनटीपीसी ने शुरू किया गांवों में सड़क एवं खेल मैदान का निर्माण

- एनटीपीसी ने सिमरा दुसाध, ओबीपुर गांव सहित अनेको गांवों में सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण कार्य कर रहा है।

निज संवाददाता

नवीनगर (औरंगाबाद)। एनटीपीसी नवीनगर के मुख्य महा प्रबंधक चन्दन कुमार सामंता एवं नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह (डब्लू सिंह) ने गुरुवार को गांवो में सड़क एवं खेल मैदान के निर्माण का उद्धघाटन किया। एनटी पी सी नबीनगर नैमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत परियोजना परिसर के निकटतम गांवों में यह निर्माण कार्य कर रही है।

लखैपुर में बनाए जा रहे सड़क निर्माण का अनुमानित खर्च 30 लाख रुपए है, वही तेतरहर गांव में खेल मैदान 80 लाख की लगत से बनकर तैयार होगा। तेतरहर गांव नबीनगर प्रखंड में स्थित है वही, लखैपुर बारुण प्रखंड के अंतर्गत आता है। ज्ञातव्य हो की एनटीपीसी नबीनगर ने सिमरा दुसाध, ओबीपुर गांव सहित अनेको गांवों में सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण कार्य कर रहा है। खेल मैदान के निर्माणकार्य का शुभारम्भ करते हुए चन्दन कुमार सामंता ने गांववासियों को बधाई दी और स्थानीय विधायक डब्लू सिंह से आग्रह किया कि वे युवाओ और ख़ास करके महिलाओ को खेल के प्रति प्रोत्साहित करे। चन्दन कुमार सामंता के अलावा अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रॉय थॉमस, अपर महाप्रबंधक (आर एन्ड आर) एके पासवान एवं प्रबंधक (आर एन्ड आर) दीपक कुमार भी मौजूद थे।

पुलिस ने गया से अपहृता को किया बरामद

गोह(औरंगाबाद)(नि.सं.)। गोह पुलिस ने पिछले कई माह पूर्व क्षेत्र से हुए युवती की अपहरण के मामले में करवाई करते हुए बुधवार को अपहर्त युवती को गया से बरामद कर ब्यान को लेकर न्यायालय में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि कई माह पूर्व थानाक्षेत्र के एक युवती गया में रहकर पढ़ाई करती थी। इस दौरान गया के एक युवक ने उसे अपहरण करने का प्लान बनाया। जब युवती अपने घर आई तो गोह बाजार से उसे अपहरण कर लिया गया।मामले में युवती के पिता के बयान पर कांड संख्या 372/23दर्ज किया गया। जिसमें गया चाकन्द निवासी निरंजन कुमार को आरोपी बनाया गया था।

अपहरण के आरोपी महिला समेत तीन अभियुक्त को कोर्ट ने दिया दोषी करार

- 15 फरवरी को सुनाई जाएगी सजा

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। गुरूवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने कासमा थाना कांड संख्या 77/20 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एक महिला समेत तीन अभियुक्तों को दोषी करार दिया।

स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त रोहित कुमार ग्राम लोहरा,सोनु कुमार ग्राम लोहरा, और मानमति देवी ग्राम चंद्रोली , थाना कासमा को आज भादंवि के विभिन्न धाराओं और पोक्सो एक्ट में दोषी ठहराया गया है। वहीं सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई की तिथि -15/02/25 निर्धारित किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्त सोनू कुमार काराधीन है, जबकि रोहित कुमार और मानमति देवी के बंधपत्र विखंडित कर आज जेल भेज दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि प्राथमिकी सूचक पीड़िता के पिता ने 13/09/20 को बताया था कि शादी और ग़लत काम के नियत से तीनों अभियुक्तों ने 08/09/20 को कासमा बाजार से बच्ची का अपहरण कर लिया था।

रफीगंज के प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध 17-0 व उप प्रमुख के विरुद्ध 16-01 से अविश्वास प्रस्ताव हुआ पारित

निज संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। गुरूवार को 33 सदस्यीय रफीगंज पंचायत समिति में प्रखंड प्रमुख गीता सिंह के विरुद्ध 17-0 एवम उपप्रमुख रजन्ति देवी के विरुद्ध 16 -01 से अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। वीडियो सह कार्यपालक पदाधिकारी पंचायत समिति उपेन्द्र कुमार दास ने बताया कि शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख एवम उपप्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर विचार विमर्श एवम मतदान हेतू बैठक आयोजित की गई। बैठक में 33 सदस्यों में कुल 19 सदस्य ही बैठक में शामिल हुए।प्रखंड प्रमुख गीता सिंह एवम उपप्रमुख रजन्ति देवी बैठक में शामिल नहीं हुए। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मतदान कराया गया। प्रेक्षक सह अनुमंडलीय लोक शिकायत पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार की उपस्थिति में मतदान कराया गया। मत मतपत्रों की गिनती के दौरान 02 मत रद्द पाया गया। प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 17 मत एवं विपक्ष में एक भी मत प्राप्त नहीं हुआ। उप प्रमुख के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 16 मत एवं विपक्ष में 01 मत प्राप्त हुआ। विधि व्यवस्था के लिए कार्यक्रम पदाधिकारी सह दंडाधिकारी मिलन कुमार एवम थानाध्यक्ष गुफरान अली प्रतिनियुक्त थे।बताया जाता है कि 6 जनवरी को 15 पंचायत समिति सदस्यों द्वारा प्रमुख गीता सिंह एवं उप प्रमुख रजंती देवी के विरुद्ध अविश्ववास हेतु पत्र दिया गया।

प्रमुख द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा एवम मतदान हेतु 28 जनवरी तक तिथि का निर्धारण नहीं किया गया। 29 जनवरी को पुनः 15 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा एवम मतदान हेतु 08 फरवरी को बैठक बुलाने हेतु हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र कार्यपालक पदाधिकारी पंचायत समिति को सौंपा। इसी आलोक में 8 फरवरी को बैठक हेतु तिथि निर्धारित किया गया था। इससे पूर्व प्रखंड प्रमुख एवं उपप्रमुख के विरुद्ध 11 सदस्यों का हस्ताक्षर युक्त अविश्वास प्रस्ताव पत्र विगत 30 दिसंबर 2023 को प्रमुख को सौंपा गया था। लगभग एक सप्ताह की अंदर ही तीन सदस्य ने शपथ पत्र देते हुए बताया कि अविश्वास प्रस्ताव में मेरा हस्ताक्षर नहीं है। अविश्वास प्रस्ताव पत्र में मेरा हस्ताक्षर फर्जी है। क़रीब दो दिन बाद उपप्रमुख ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा एवं मतदान हेतु 20 जनवरी 2024 को तिथि निर्धारित करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी को बैठक बुलाने का आग्रह किया। इसी बीच प्रमुख ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उच्च न्यायालय ने सुनवाई के बाद आदेश पारित करते हुए जिलाधिकारी को अग्रेतर सुनवाई करते हुए तथा उचित निर्णय लेने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने सुनवाई करते हुए 30 दिसंबर 2023 को दिए गये अविश्वास प्रस्ताव से संबंधित आवेदन पत्र को खारिज किया गया था।

बिहार में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर रजिस्ट्रेशन टैक्स में 75 % छूट

- तीन पहिया इलेक्ट्रिक वाहन (यात्रीवाहक एवं मालवाहक) के बिहार राज्य में क्रय एवं निबंधन पर मोटरवाहन कर में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

निज संवाददाता | पटना

बिहार में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर टैक्स में 75 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इलेक्ट्रिक वाहनों के रजिस्ट्रेशन के समय ही डीलर पॉइंट पर यह छूट मिलेगी। बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति, 2023 को लागू करने को लेकर टैक्स छूट से संबंधित सॉफ्टवेयर को एनआईसी के पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2023 के तहत दोपहिया, तीनपहिया, चारपहिया वाहन, हल्के-भारी इलेक्ट्रिक मोटर वाहनों की खरीद पर छूट दी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस नीति के लागू होने से राज्य में अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों का परिचालन होगा, जिससे परिवेशीय वायु गुणवता में सुधार होगी एवं वाहनजनित प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सकेगा। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि 2028 तक राज्य में क्रय और निबंधन होने वाले नए वाहनों में से 15 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन हो। इस नीति के तहत राज्य में इलेक्टिक वाहनों को प्रोत्साहित किया जायेगा। बिहार राज्य में क्रय एवं निबंधित प्रथम 10 हजार दोपहिया एवं प्रथम 1 हजार चारपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों पर मोटरवाहन कर में 75 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। इसके बाद 50 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही क्रय प्रोत्साहन राशि का भी लाभ दिया जायेगा। इलेक्ट्रिक दोपहिया प्रति वाहन 10 हजार रुपये अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं 7500 रुपये प्रति वाहन अन्य वर्ग के लिए देय होगा। वहीं इलेक्ट्रिक चारपहिया के लिए 1.50 लाख रुपये प्रति वाहन अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए तथा 1.25 लाख रुपये प्रति वाहन अन्य वर्ग के लिए देय होगा।

उन्होंने बताया कि तीन पहिया इलेक्ट्रिक वाहन (यात्रीवाहक एवं मालवाहक) के बिहार राज्य में क्रय एवं निबंधन पर मोटरवाहन कर में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। वहीं भारी मोटरवाहन (बस तथा मालवाहक) के लिए मोटरवाहन कर में 75 प्रतिशत की छूट अधिसूचना प्रकाशन की तिथि से इस नीति के प्रभाव रहने की अवधि के शुरुआत के दो वर्षों में दी जायेगी। दो वर्षों के बाद मोटरवाहन कर में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। इलेक्ट्रिक वाहनों के क्रय एवं निबंधन पर नगरीय एवं अन्य प्राधिकार द्वारा सभी व्यक्तिगत इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अनुदानित दर पर पार्किंग की सुविधा प्रदान की जायेगी। प्रत्येक नगर/शहर द्वारा सिटी पार्किंग प्लान तैयार कर अनुदानित दर पर इलेक्ट्रिक वाहनों का ऑन स्ट्रीट पार्किंग एवं चार्जिंग स्टेशन का प्रावधान किया जायेगा।